राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 12
अंक : 120
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
रविवार 13 नवंबर 2022
मूल्य : 1.50/-
नई दिल्ली से प्रकाशित
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ
पेज 5 बैठक में अधिकारियों के खड़े न होने पर भड़के बीजेपी विधायक, कहा- शासन को कर देंगे लिखा-पढ़ी
पेज 7 गिलगित-बाल्टिस्तान में तालिबान के आगे बेबस पाकिस्तानी सरकार, लड़कियों का जीना हुआ दुश्वार

## हिमाचल में 65.50 प्रतिशत वोटिंग

### शिमला में प्राइवेट गाड़ी में मिली ईवीएम, हंगामे के बाद सरकारी में शिफ्ट की गई



शिमला। हिमाचल प्रदेश की 68 विधानसभा सीटों पर 65.50त्न वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा 69.67 प्रतिशत वोटिंग सिरमौर जिले में हुई। दूसरे नंबर पर 68.48 प्रतिशत वोटिंग के साथ सोलन जिला है। ष्टरूजयराम ठाकुर का गृह जिला मंडी छठवें नंबर पर रहा। यहां 65.59 प्रतिशत वोटिंग हुई। सबसे कम 62 प्रतिशत वोटिंग किन्नौर जिले में हुई। वहीं कई बूथों पर मतदान का समय खत्म होने के बाद भी मतदाताओं की कतार लगी रही। वहीं शिमला जिले में रामपुर निर्वाचन क्षेत्र के दत्तनगर में एक प्राइवेट गाड़ी में ईवीएम भरी होने पर हंगामा हो गया। कांग्रेस के कुछ लोगों ने इसे देखा और कार को रोक लिया। इसके तुरंत बाद वहां भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर एसडीएम और डीएसपी मौके पर पहुंचे। विवाद बढ़ने पर पोलिंग पार्टी ने आनन-फानन में ईवीएम को सरकारी गाड़ी में शिफ्ट किया। इस पर कांग्रेसियों ने नारेबाजी शुरू कर दी।

#### कांग्रेस का भाजपा आईटी सेल पर फर्जी सर्वे सर्कुलेट करने का आरोप

मतदान के बीच ही हिमाचल कांग्रेस चुनाव आयोग के पास पहुंच गई। उन्होंने शिकायत दी कि भाजपा के आईटी सेल ने फेक सर्वे रिपोर्ट सर्कुलेट कर दी है। इसमें हिमाचल प्रभारी राजीव शुक्ला की तरफ से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम लिखा फर्जी लेटर वायरल किया जा रहा है। जिसमें भाजपा को ज्यादा और कांग्रेस को कम सीटें मिलने की बात लिखी गई है। कांग्रेस ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन बताया।

#### हिमाचल में 412 उम्मीदवार मैदान में

पूरे हिमाचल से 412 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य के करीब 56 लाख मतदाता इनकी किस्मत का फैसला करेंगे। इनमें 28 लाख 54 हजार 945 पुरुष, 27 लाख 37 हजार 845 महिलाएं और 38 थर्ड जेंडर वोटर हैं। मतगणना 8 दिसंबर को होगी।

## जदयू नेता के भाई व भतीजे को गोली मारी, बेटे की मौत; बाप की हालत गंभीर

आरा। आरा के टाउन थाना क्षेत्र के शीतल टोले में शनिवार की शाम जदयू नेता के भाई-भतीजे (पिता-पुत्र) को गोली मार दी गयी। इसमें भतीजे की मौत हो गयी, जबकि भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गये।

दो रोज पूर्व के झगड़े के विवाद में दरवाजे पर चढ़ पिता-पुत्र को गोली मारी गयी। इससे पहले मारपीट और घर में तोड़फोड़ भी की गयी। मोहल्ले के ही कुछ लोगों पर गोली मारने का आरोप लगाया जा रहा है।

मृतक शीतल टोला निवासी अमरजीत पटेल का 23 वर्षीय पुत्र आकाश पटेल शामिल था। उसके पिता की हालत भी काफी गंभीर बनी है। इलाज बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में चल रहा है। आकाश शिवगंज स्थित मॉल में काम करता था। अमरजीत पटेल जदयू जिला उपाध्यक्ष भीम पटेल के भाई हैं। उनकी आटा मिल भी है।

घटना के बाद परिजनों का गुस्सा भड़क उठा। नगर थाना पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगा परिजनों ने सदर अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया। तोड़फोड़ भी की गयी। अस्पताल पहुंचे पुलिस अफसरों को भी आक्रोश झेलना पड़ा। एसपी संजय कुमार सिंह के समक्ष ही लोग पुलिस से उलझ गये। बाद में एसपी के आश्वासन पर परिजनों का गुस्सा शांत हुआ।

> दो दिन पूर्व दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था। उस मामले को लेकर एक पक्ष की ओर से टाउन थाना, जबकि दूसरे पक्ष की ओर से एससी-एसटी थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस ने तहकीकात भी की थी। उसी विवाद में एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष की आटा मिल में जाकर पिता-पुत्र को गोली मार दी। घटना में शामिल लोगों की धरपकड़ को छापेमारी की जा रही है।
>
> **- संजय कुमार सिंह, एसपी, भोजपुर**

## चीन से आगे निकलेगा भारत, 2023 में बनेगा सबसे ज्यादा आबादी वाला देश

नई दिल्ली। वैश्विक आबादी की वृद्धि दर में 2020 से हालांकि एक फीसदी की गिरावट आई है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार 2080 में दुनिया की आबादी पीक पर पहुंचेगी और उसके 20 साल बाद यानी 2100 में इसमें गिरावट का दौर शुरू होगा। इस बीच 2023 में भारत की आबादी चीन से ज्यादा हो जाएगी और भारत दुनिया में सर्वाधिक आबादी वाला देश बन जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की तरफ से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, 15 नवंबर को दुनिया का आठ अरबवां बच्चा पैदा होगा, जिसके साथ ही दुनिया की आबादी आठ अरब हो जाएगी। हालांकि, आबादी की वृद्धि की रफ्तार को ब्रेक लगे हैं, लेकिन अभी भी यह बढ़ रही है। दरअसल, विश्व की आबादी को सात से आठ अरब होने में 12 साल लगे हैं, लेकिन 9 अरब होने में 15 साल लगेंगे। 2037 तक दुनिया की आबादी 9 अरब होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्व में 1950 के बाद हालांकि पहली बार आबादी की बढ़ोत्तरी दर में एक फीसदी की गिरावट आई है और उच्च एवं मध्यम आय वाले 61 बड़े देशों में आबादी की रफ्तार को ब्रेक लगे हैं, जिनमें भारत एवं चीन भी शामिल है। लेकिन, इन देशों का जनसांख्यिकी ढांचा इस प्रकार का बन चुका है कि उसमें प्रजनन आयु वर्ग वाली आबादी ज्यादा है।

ऐसे में आने वाले समय में उच्च एवं मध्यम आय वाले देशों में दो तिहाई आबादी सिर्फ ज्यादा युवा आबादी की वजह से बढ़ेगी। ऐसे में सरकारों के लिए वहां बहुत कुछ करने का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। वहीं दूसरी तरफ 46 कम आय वाले देशों की आबादी 2050 तक तेजी से बढ़ते हुए दोगुनी हो जाएगी।

मौजूदा समय में विश्व में प्रति महिला प्रजनन दर 2.3 है। जबकि 1950 में यह पांच थी, लेकिन जनसंख्या स्थिर करने के लिए यह दर 2.1 तक नीचे आनी जरूरी है। यह लक्ष्य 2050 तक ही हासिल हो सकेगा।

## राजीव के हत्यारों की रिहाई पर मोदी सरकार की चुप्पी निंदनीय

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या में शामिल लोगों की रिहाई पर मोदी सरकार की चुप्पी को निंदनीय करार देते हुए इसे आतंकवाद से समझौता बताया है। कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने उच्चतम न्यायालय द्वारा शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या में शामिल 6 आरोपियों को रिहा करने के फैसले को गलत बताया और कहा कि जो लोग इसे सही ठहरा रहे हैं वे आतंकवादियों का हौसला बढ़ा रहे हैं। वेणुगोपाल ने ट्वीट कर कहा, आतंकियों के लिए कोई हमदर्दी नहीं होनी चाहिए। राजीव गांधी हत्याकांड के दोषियों की रिहाई पर मोदी सरकार की हैरान करने वाली चुप्पी निंदनीय है और यह चुप्पी आतंकवादी घटना से समझौता है।

## राजीव गांधी हत्याकांड के 6 दोषी रिहा

### पति श्रीहरन को देखकर भावुक हुई नलिनी, बोली- नया जीवन शुरू करूंगी



नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड के छह दोषियों को शनिवार शाम तमिलानाडु की अलग-अलग जेलों से रिहा किया गया। इनमें नलिनी श्रीहरन, उसके पति वी श्रीहरन के अलावा संथन, रॉबर्ट पायस, जयकुमार और रविचंद्रन शामिल हैं। इनमें श्रीहरन और संथन श्रीलंका के नागरिक हैं।

नलिनी पैरोल पर थी। उसने शनिवार को वेल्लोर में महिला जेल पहुंचकर अपनी रिहाई की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद वो वेल्लोर सेंट्रल जेल पहुंची, जहां वो पति श्रीहरन को देखकर भावुक हो गई। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सभी दोषियों को रिहा करने का आदेश दिया था। कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद आज उन्हें जेल से छोड़ दिया गया।

#### मां की देखभाल के लिए पैरोल पर थी नलिनी

नलिनी को दिसंबर 2021 में अपनी मां पद्मावती की देखभाल के लिए एक महीने की पैरोल दी गई थी, जिसे राज्य सरकार समय-समय पर बढ़ाती रही। रिहाई के बाद नलिनी ने मीडिया से बात की।

उन्होंने कहा कि हमारा परिवार बहुत खुश है, मैं अपनों के साथ नया जीवन शुरू करने जा रही हूं। इससे पहले कोर्ट ने इस साल 18 मई को मामले के दोषी पेरारिवलन को रिहा कर दिया था। पेरारिवलन सहित सभी दोषी मामले में 31 साल उम्रकैद की सजा काट चुका है।

#### कांग्रेस बोली- कोर्ट ने देश की भावनाओं का ध्यान नहीं रखा

राजीव गांधी हत्याकांड के दोषियों की रिहाई पर कांग्रेस ने कहा है कि ये मंजूर नहीं है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा- सुप्रीम कोर्ट ने फैसला देते वक्त देश की भावनाओं को ध्यान में नहीं रखा। फैसला गलतियों से भरा हुआ है।

## मध्यप्रदेश की हवा खुलकर सांस लेने लायक नहीं

### ग्वालियर-भोपाल सबसे ज्यादा प्रदूषित; इंदौर, उज्जैन, जबलपुर की हवा भी जहरीली

एजेंसी



भोपाल। मध्यप्रदेश के कई शहरों में हवा सांस लेने लायक नहीं बची है। वाहनों और फैक्ट्रियों से निकलता धुआं स्मॉग हवा को जहरीला बना रहा है। सबसे ज्यादा खराब हालत ग्वालियर, भोपाल और सिंगरौली की है। यहां वायु प्रदूषण मापने वाला एयर क्वालिटी इंडेक्स खतरे के निशान 300 के पार तक चला गया। इससे दमा और दिल संबंधी बीमारी वालों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।

शुक्रवार को ग्वालियर और भोपाल में दिन में एक बार हवा में प्रदूषण का स्तर 325 के पार पहुंच गया। सिंगरौली में भी एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 के पार चला गया। रात 2 बजे के बाद प्रदेश भर में प्रदूषण का लेवल सबसे ज्यादा रहा। भोपाल, ग्वालियर जैसे शहरों में यह 400 के पार चला गया। इंदौर, उज्जैन और जबलपुर में भी यह 150 के पार तक चला गया।

मध्यप्रदेश में पिछले 10 दिन से लगातार पॉल्यूशन का लेवल बढ़ रहा है। अधिकांश शहरों में कुछ दिन को छोड़ दें, तो यह शुक्रवार की तरह ही खतरे के निशान के आसपास रहा। अभी तक सबसे ज्यादा खराब हालत रात 1 बजे के बाद सुबह 5 बजे तक थी, लेकिन अब दोपहर तक भी प्रदूषण का लेवल ज्यादा रह रहा है।

#### दो तरह से मॉनिटर होता है प्रदूषण

शहरों में एयर पॉल्यूशन की जांच के लिए दो तरह से सिस्टम काम करते हैं। पहला ऑटोमैटिक सिस्टम होता है। यह सेंट्रल गवर्मेंट ऑपरेट करती है। यह शहर में ऐसी जगह लगाया जाता है, जहां सभी तरह की एक्टिविटी यानी रहवासी, व्यापारिक और अन्य तरह की एक्टिविटी ज्यादा होती हैं। यह हर सेकंड अपडेट होता है। यह कम्प्यूटराज्ड होता है।

राज्य सरकार का प्रदूषण विभाग भी वायु प्रदूषण की जांच करता है। यह शहर में कई जगह हवा में प्रदूषण की जांच के लिए मशीनरी लगाते हैं। इसे मैन्युअली ऑपरेट किया जाता है। एक व्यक्ति दिन में एक बार इसकी जांच करता है।

## छात्र को सीनियर्स ने पीटा, जबरन अल्लाह-हू-अकबर बुलवाया

### पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी करने पर पिटाई की

एजेंसी

रंगारेड्डु। तेलंगाना में पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर स्टूडेंट की उसके सीनियर्स ने पिटाई की।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक स्टूडेंट्स से जय माता दी और अल्लाह-हू-अकबर के नारे भी लगवाए गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित ने 15-20 छात्रों के खिलाफ शारीरिक और यौन शोषण का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई है।

#### हॉस्टल में स्टूडेंट को पीटा

मामला तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के शंकरपल्ली थाना क्षेत्र का है। यहां बिजनेस इंस्टीट्यूट के हॉस्टल में 1 नवंबर को एक स्टूडेंट की पिटाई की गई।

घटना का वीडियो वायरल होते ही कॉलेज प्रशासन हरकत में आया और पुलिस को मामले की जानकारी दी। कॉलेज प्रबंधन ने अपने स्तर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि स्टूडेंट अपने जूनियर के साथ मारपीट कर रहे हैं। आरोपियों ने उसका पर्स भी छीन लिया। इसके साथ ही स्टूडेंट के साथ मारपीट की और जय माता दी, अल्लाह-हू-अकबर के नारे लगाने को मजबूर कर रहे हैं।

## मुर्मू पर अभद्र टिप्पणी करने वाले मंत्री को बर्खास्त किया जाए : मुंडा



नयी दिल्ली। केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने पश्चिम बंगाल के सुधार प्रशासन राज्य मंत्री अखिल गिरि की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर की गयी अभद्र टिप्पणी को महिलाओं एवं आदिवासी समाज का अपमान करार देते हुए उन्हें बर्खास्त करने की मांग की है।

मुंडा ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि श्रीमती मूर्मू पर की गयी अभद्र टिप्पणी की जितनी निंदा की जाए, कम है। इससे देश के 10 करोड़ से अधिक आदिवासी समाज के लोग बहुत आहत हुए हैं। इससे लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन हुआ है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को स्पष्ट करना चाहिए कि श्री गिरि ने यह टिप्पणी किसके कहने पर की।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर होता है। राष्ट्रपति विदेशों में देश का प्रतिनिधित्व करता है। श्री गिरि ने श्रीमती मुर्मू के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करके देश का अपमान किया है। सुश्री बनर्जी को उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर देना चाहिए और देश से माफी मांगनी चाहिए।

मुंडा ने कहा कि सन्थाल आदिवासी समाज की महिला श्रीमती मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने पर पूरा विश्व भारत की सराहना कर रहा है। भारत के लोकतांत्रिक, स्पर्शी और समावेशी देश होने पर सभी को गर्व है।

उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान देना तृणमूल कांग्रेस की मंशा पर भी सवाल खड़ा करता है। इससे स्पष्ट होता है कि अशांति फैलाने के लिए ऐसी टिप्पणी जानबूझकर की गयी है।

## देश में 12 राज्यों में कोरोना के मामलों में हुई वृद्धि



नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में नौ राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेश में कोराना वायरस (कोविड-19) महामारी के मामलों में वृद्धि हुई है और इसी अवधि में अन्य राज्यों तथा प्रदेशों में कोरोना के मामले में गिरावट आई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 219.79 करोड़ टीके लगाए गए। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के 830 नये मामले सामने आने के साथ ही इस बीमारी से प्रभावितों की संख्या बढ़कर 4,46,65,643 हो गयी है।

मंत्रालय ने बताया कि देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना महामारी से पांच मरीजों की मौत होने से, मृतकों की संख्या 5,30,528 तक पहुंच गयी है और मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में केरल में कोरोना के 16 संक्रमित मामले घटने के बाद सक्रिय मामले घटकर 2,457 रह गए हैं और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 67,50,183 हो गयी है और इस दौरान किसी मरीज की मौत नहीं होने से मृतकों का आंकड़ा 71,430 पर बरकरार है जबकि कर्नाटक में कोविड-19 संक्रमण के 15 मामलों में वृद्धि होने से, इनके मामलों की संख्या की कुल संख्या बढ़कर 1,858 हो गयी है।

## भतीजे ने किया चाचा का सिर कलम, ओडिशा में जादू टोना के संदेह में फिर हुई हत्या

भुवनेश्वर। आदिवासी बहुल मयूरभंज जिले में एक 60 वर्षीय व्यक्ति का उसके भतीजे ने कथित तौर पर सिर कलम कर दिया। भतीजे को अपने चाचा पर जादू टोना करने का संदेह था। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि मामला मयूरभंज जिले के भोलागड़िया ग्राम पंचायत के सरजंदी गांव का है। उदला के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी सार्थक रे ने कहा, परिवार के सदस्यों ने शुक्रवार शाम तुंगुरु सिंह का सिर कटा शव पाया। तुंगुरु सिंह घर पर अकेला था और उसकी पत्नी और बहू पास के स्टेडियम में फुटबॉल मैच देखने गए थे। जब वे वापस लौटे तो कटा सिर और खून से लथपथ शव देखकर भयभीत हो गए। पुलिस ने कहा कि तुंगुरु सिंह के भतीजे बापुन को प्रारंभिक पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने कथित तौर पर धारदार हथियार (बिलहुक) से उसकी हत्या करने की बात कबूल की है। उन्होंने कहा, लंबे समय से बापुन को अपने चाचा पर जादू-टोना करने का शक था। जमीन संबंधी विवाद को लेकर उसका उससे विवाद भी चल रहा था। कल दोनों में झगड़ा शुरू हो गया, जिसके बाद बापुन ने सिंह की हत्या कर दी।

जादू टोना करने के आरोपियों पर मुकदमा चलाने के लिए राज्य सरकार ने एक विशेष कानून बनाया है। लेकिन इसके बावजूद ओडिशा में अक्सर जादू टोना करने के संदेह में हत्या और हमले की घटनाएं सामने आती रहती हैं। इस वर्ष ओडिशा प्रिवेंशन ऑफ विच हंटिंग एक्ट 2013 के तहत 60 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं। सबसे ज्यादा अपराध मयूरभंज जिले में ही हुए।

पिछले महीने, गंजम जिले में पुलिस ने 20 महिलाओं सहित 33 लोगों को कथित तौर पर एक 55 वर्षीय महिला की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पीड़ित महिला के पति पर जादू टोना करने का संदेह था। उसने अपने पति पर हमले को लेकर पुलिस से संपर्क किया था। सितंबर में, मयूरभंज जिले में इसी तरह के संदेह पर एक 33 वर्षीय आदिवासी व्यक्ति की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

ब्लू टिक

### फर्जी वेरिफाइड अकाउंट ने ट्वीट किया- अब इंसुलिन फ्री; कंपनी के शेयर गिरे

## ब्लू टिक से फार्मा कंपनी को 1.20 लाख करोड़ का घाटा

अमेरिका। ट्विटर के ब्लू सब्सक्रिप्शन के कारण अमेरिका की दिग्गज फार्मा कंपनी एली लिली को 15 अरब डॉलर का नुकसान हो गया है। दरअसल, ट्विटर पर किसी यूजर ने इस कंपनी के नाम से फर्जी अकाउंट बनाया और 8 डॉलर देकर अकाउंट के लिए ब्लू टिक ले लिया। इसके बाद गुरुवार को इस अकाउंट से ट्वीट किया गया कि अब इंसुलिन फ्री में मिलेगी।

Eli Lily and Company नाम का अकाउंट और उस पर ब्लू टिक देखकर लोगों को लगा कि यह कंपनी का असली अकाउंट है। इस फेक ट्वीट की वजह से शुक्रवार को एली लिली एंड कंपनी के इन्वेस्टर्स में हड़कंप मच गया और इसके शेयर में भारी गिरावट आ गई। कंपनी का शेयर एक दिन में करीब 4.37 प्रतिशत यानी 16.06 डॉलर (1,292.90 रुपए) गिरकर 352.30 डॉलर (28,361.74 रुपए) पर आ गया।

#### कंपनी का मार्केट कैप 15 अरब डॉलर घटा

शेयर गिरने के कारण कंपनी का मार्केट कैपिटलाइजेशन भी 15 अरब डॉलर यानी 1.20 लाख करोड़ रुपए घट गया है। अब इस कंपनी का मार्केट कैप 334.75 अरब डॉलर यानी 26.94 लाख करोड़ रुपए हो गया है।




#### कंपनी ने सफाई दी, लोगों से माफी मांगी

फार्मा कंपनी को जैसे ही इस फेक ट्वीट की जानकारी मिली, तो उन्होंने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट से पोस्ट शेयर कर सफाई दी। कंपनी ने ट्वीट किया, हम उन लोगों से माफी चाहते हैं, जिन्हें एक फेक लिली अकाउंट से भ्रामक संदेश दिया गया है। हमारा ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट लिली पैड है।

#### इस मामले पर अब तक मस्क नहीं दिया कोई बयान

कंपनी के इस ट्वीट करने तक काफी देर हो गई थी और उसे भारी नुकसान हो चुका था। इस मामले में अब तक ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है। हालांकि, उन्होंने कुछ ट्वीट्स जरूर किए हैं, जिसमें मस्क ने बताया है कि पैरोडी अकाउंट्स को अपने ट्विटर बायो और ट्विटर नेम दोनों में पैरोडी लिखना होगा।

#### ट्विटर ने ब्लू टिक सब्सक्रिप्शन पर रोक लगाई

इन फर्जी अकाउंट्स को बढ़ता देख ट्विटर को मजबूरन 7.99 डॉलर में अपनी ब्लू टिक सब्सक्रिप्शन वाली सर्विस को फिलहाल के लिए बंद करना पड़ा है। सभी यूजर्स को ट्विटर की ओर से एक मैसेज मिला, जिसमें लिखा था, आपकी रुचि के लिए धन्यवाद! ट्विटर ब्लू भविष्य में आपके देश में उपलब्ध होगा। कृपया बाद में देखें।

## शार्ट न्यूज

### जम्मू-कश्मीर व लद्दाख के तापमान में गिरावट

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख में मौसम शुष्क रहने के बावजूद न्यूनतम तापमान लगातार गिर रहा है। मौसम विभाग ने शनिवार को कहा कि लद्दाख में द्रास शून्य से 10.7 डिग्री सेल्सियस नीचे रिकार्ड तापमान के साथ सबसे ठंडा रहा। लेह में रात का तापमान शून्य से 8.3 और करगिल में शून्य से 6.2 डिग्री सेल्सियस नीचे था। कश्मीर के दो पर्यटन स्थल बारामूला जिले के गुलमर्ग और अनंतनाग जिले के पहलगाम में लगातार ठंड जारी है। गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से चार डिग्री सेल्सियस नीचे और पहलगाम में रात का तापमान शून्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। कुपवाड़ा, शोपियां और बांदीपोरा में रात का तापमान जमाव बिंदु से नीचे रहा। श्रीनगर में न्यूनतम तापतान 1.2 डिग्री सेल्सियस तथा जम्मू में 10.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार कश्मीर में अगले 24 घंटे मौसम शुष्क रहने की संभावना है और कुछ इलाकों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने का अनुमान है तथा ताजा पश्चिमी विक्षोभ के रविवार शाम से कश्मीर को प्रभावित करने की संभावना है।

### स्टोरिया से 9.40 लाख रूपए बरामद, डेढ़ करोड़ का हिसाब मिला

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के मालाखेड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने सट्टे की खाईवाली करने वाला आरोपी नौ लाख 40 हजार 230 रुपये की राशी सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि 11 नवंबर को महावीर प्रसाद को सूचना मिली कि जोगीयो का मोहल्ला सरकारी स्कुल के पास खारेडा मे लोकेश जोगी अपने मकान के बाहर दिल्ली ,गाजीयाबाद ,फरिदाबाद के नम्बरों पर सट्टे की खाईवाली कर रहा है तथा टवन्टी टवन्टी वर्ल्ड कप मे सट्टे पर लगाई गई राशी का भी भुगतान कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोकेश उम्र 22 साल जाति जोगी निवासी खारेडा थाना मालाखेडा को गिरफ्तार किया। युवक के हाथ मे मिले मोबाईल का लोक खुलवाकर चौक किया गया तो मोबाईल मे वाट्सप पर टेक्स मेसेज एवं फोन एवं पेटीएम मे रुपयो की जमा निकासी का विवरण है जो युवक द्वारा सट्टे की खाईवाल के पिछले महिने का करीब 1.5 करोड रुपये का लेनेदेन करना बताया है। पुलिस ने युवक के बीच मे रखे काले बैंग को खोलकर चौक किया गया तो बैग मे सट्टे की कुल रकम नौ लाख 40 हजार 230 रुपये बरामद किये।

### लोको कारखाने में भाप प्रदर्शनी का होगा आयोजन

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर स्थित रेलवे के प्राचीनतम लोको कारखाने में 14 नवंबर सोमवार को एक भाप प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। अजमेर रेल कारखाना समूह की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में 1873 में निर्मित भाप इंजन का लाइव प्रदर्शन, 150 वर्ष से अधिक पुराने अजमेर कारखाने की फोटो प्रदर्शनी भी आयोजित होगी। प्रदर्शनी का उद्देश्य आमजन को रेलवे कारखाने से संबंधित विशिष्ट जानकारी, लाइव डेमो तथा फोटोग्राफी के माध्यम से देना है। प्रदर्शनी में 1873 में शंटिंग के लिए भारत में प्रथम आयातित मीटर गेज शंटिंग इंजन है। इसे लोको ..लोअर गंगा कैनाल.. के निर्माण कार्य में लिया गया और इंडियन स्टेट रेलवे द्वारा सन 1879 में राजपूताना स्टेट रेलवे को सौंपा गया। सन 1985 में यह अजमेर स्थित लोको कैरिज एंड वैगन विभाग की संपत्ति बना और सौ वर्ष तक शंटिंग का कार्य किया। प्रदर्शनी का मकसद ऐसी ही कई महत्वपूर्ण व रोचक जानकारियां लाइव डेमो के जरिए आमजन तक पहुंचाना है। प्रदर्शनी प्रात: ग्यारह से सायं पांच बजे तक आयोजित होगी और प्रवेश निशुल्क रहेगा।

### घुड़सवारी प्रतियोगिता बीएसएफ टेकनपुर में

ग्वालियर। मध्यप्रदेश के ग्वालियर में स्थित सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में 14 से 26 नवंबर तक अकादमी के घुड़सवारी स्कूल में 41 वीं अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी चैंपियनशिप एवं माउण्टेड पुलिस डयूटी मीट की आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ बीएसएफ के महानिदेशक पंकज कुमार सिंह करेंगे। अपर महानिदेशक एवं निदेशक बीएसएफ अकादमी सोनाली मिश्रा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि ऑल इंडिया स्पोर्टश् कंट्रोल बोर्ड ने इस वर्ष बीएसएफ टेकनपुर अकादमी को स्पर्धा कराने की जिम्मेदारी दी है। इस प्रतियोगिता में केन्द्रीय पुलिस बलों एवं विभिन्न राज्य पुलिस की 18 टीमों के लगभग 300 घोडे और छह सौ से ज्यादा घुडसवार जिसमें चार महिला घुडसवार भी हैं भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि बीएसएफ टेकनपुर सातवीं बार इस स्पर्धा का आयोजन कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय याती प्राप्त बीएसएफ के जाने माने घुड़सवार कमांडेंट नरेश तेहलान की देखरेख में हो रहा है। कमांडेंट तेहलान ने अनेकों राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मेडल घुड़सवारी में प्राप्त किये हैं। उन्होंने बताया कि इक्वेस्ट्रीअन फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं ऑल इंडिया स्पोर्टस कंट्रोल बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त जूरी भी चैम्पियनशिप के दौरान निष्पक्षता बनाए रखने के लिए मौजूद रहेगी। इस चैम्पियनशिप में ड्रेसाज, टेण्ट पेगिंग, इवेंटिंग आदि की 35 रोमांचक प्रतियोगिताएं होंगी।

### अरुण यादव के प्रस्ताव पर ही शेरा को यात्रा प्रभारी बनाया : कमलनाथ

खरगोन। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा है कि कांग्रेस नेता अरुण यादव के प्रस्ताव पर ही निर्दलीय विधायक शेरा को राहुल गांधी की मध्यप्रदेश में यात्रा की शुरुआत में प्रभारी बनाया गया है। कमलनाथ ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के मध्य प्रदेश में 20 नवंबर से प्रवेश को लेकर तैयारी के सिलसिले में खरगोन जिले के सनावद में पत्रकारों से चर्चा में एक प्रश्न के जवाब में कहा कि अरुण यादव के प्रस्ताव पर ही सुरेंद्र सिंह शेरा को यात्रा का प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि शेरा के दो भाई सांसद रहे हैं और स्वयं शेरा रेकॉर्ड में निर्दलीय जरूर है लेकिन उनका दिल दिमाग और आत्मा कांग्रेस में है। उन्होंने विभिन्न आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि अरुण यादव तो आज उनके साथ आए हैं। भारतीय जनता पार्टी द्वारा यात्रा को लेकर विभिन्न सवाल खड़े किए जाने पर कमलनाथ ने कहा उनके पेट में दर्द क्यों हो रहा है यदि हम कुछ करते हैं तो उन्होंने कहा उन्हें किस बात की परेशानी है अगर हम भारत जोड़ो यात्रा करते हैं। श्री कमलनाथ ने कहा कि उनके (भाजपा) पास पुलिस प्रशासन और पैसा ही बचा है। नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने कहा कि पूरे देश में यात्रा को लेकर वातावरण बना हुआ है और जनता भाजपा को उखाड़ फेंकना चाहती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश के नेता है और उनकी यात्रा में उमड़ रहे सैलाब से भारतीय जनता पार्टी परेशान होकर इसे असफल करना चाहती है । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को पत्र लिख सुरक्षा की पूरी व्यवस्था करने का अनुरोध किया है।

### आतंकवाद के वित्तपोषण पर अंकुश लगाने पर चर्चा होगी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में

नयी दिल्ली। आतंकवाद के वित्तपोषण पर अंकुश लगाने के उपायों पर चर्चा के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालयआगामी शुक्रवार को यहां दो दिन के मंत्री स्तरीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। गृह मंत्रालय के अनुसार इस सम्मेलन का विषय 'आतंकवाद के लिए धन नहीं' रखा गया है और इसमें पेरिस तथा मेलबर्न में हो चुके सम्मेलनों में आतंकवाद के वित्तपोषण पर अंकुश लगाने के बारे में हुई बातचीत को आगे बढ़ाया जाएगा। सम्मेलन में 75 देशों तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के हिस्सा लेने की संभावना है। केंद्रीय गृह मंत्र अमित शाह इस सम्मेलन में भाग लेंगे और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के दृढ़ संकल्प के साथ साथ सरकार की नीतियों की जानकारी देंगे। इस सम्मेलन का आयोजन सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के मुद्दे को महत्व देने के साथ-साथ इस खतरे के खिलाफ उसकी जीरो टॉलरेंस की नीति और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करने की इच्छा को दर्शाता है। सम्मेलन का उद्देश्य पेर में 2018 और मेलबर्न में 2019 में अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा आयोजित पिछले दो सम्मेलनों में आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने से संबंधित चर्चाओं को आगे बढ़ाना हैइसके अलावा आतंकवाद के वित्तपोषण के सभी आयामों के तकनीकी, कानूनी, विनियामक और सहयोग के पहलुओं पर चर्चा को भी इसमें शामिल किया गया है।

# संसद के शीतकालीन सत्र में भाग नहीं ले पाएंगे राहुल गांधी, जारी रखेंगे 'भारत जोड़ो' यात्रा



नई दिल्ली। दिसंबर के पहले सप्ताह में शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस नेता राहुल गांधी उपस्थित नहीं हो पाएंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्त रहने के कारण संसद के शीतकालीन सत्र में शामिल नहीं हो पाएंगे। जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस सांसद संसद के शीतकालीन सत्र में भाग लेने के लिए भारत जोड़ो यात्रा नहीं छोड़ेंगे। बता दें कि संसद के शीतकालीन सत्र के दिसंबर के पहले हफ्ते पुराने भवन में शुरू होने तथा महीने के अंत तक चलने की संभावना है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सात से 29 दिसंबर के बीच सत्र आयोजित करने का प्रस्ताव है और तारीखों के संबंध में अंतिम फैसला संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति करेगी। वहीं कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा की बात करें तो यह 7 सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी में भारत के सबसे दक्षिण भाग से शुरू हुई थी।

52 वर्षीय राहुल गांधी ने केरल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में अपनी निर्धारित पदयात्रा पूरी कर ली है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में जारी 'भारत जोड़ो यात्रा' महाराष्ट्र में अपने छठे दिन शनिवार सुबह हिंगोली जिले के शेवला गांव से फिर शुरू हुई। लगभग 150 दिन की इस यात्रा के दौरान 3,570 किमी की दूरी तय की जाएगी।

जम्मू-कश्मीर में समाप्त होने से पहले यह 12 राज्यों से होकर गुजरेगी। पदयात्रा के दौरान महाराष्ट्र के पांच जिलों में 382 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। 20 नवंबर को यह मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी। जातिगत जनगणना और आरक्षण पर कांग्रेस पार्टी के रुख के बारे में पूछे जाने पर, जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 2014 से इस मुद्दे पर लगातार एक ही स्थिति बनाई हुई है। कांग्रेस अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए मौजूदा आरक्षण को छेड़े बिना सभी समुदायों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए शिक्षा और रोजगार में आरक्षण का समर्थन करती है।

साथ ही कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी की मांग है कि जल्द से जल्द जातिगत जनगणना की जाए। उन्होंने कहा, जब मुख्य जनगणना हुई ही है तो जातिगत जनगणना की भी जरूरत है। जातिगत जनगणना नहीं होगी तो आरक्षण लागू करने का आधार क्या रहेगा।

# मुर्मू पर टिप्पणी के लिए बंगाल के मंत्री की गिरफ्तारी की मांग

भुवनेश्वर। ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), बीजू जनता दल(बीजद) और कांग्रेस के नेताओं ने पार्टी लाइन से हटकर शनिवार को पश्चिम बंगाल के मत्स्य मंत्री अखिल गिरि की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर टिप्पणी के लिए उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

भाजपा , बीजद और कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वे गिरि द्वारा राष्ट्रपति पर की गई घृणित और भ्रष्ट टिप्पणी से हैरान और नाराज हैं। उन्होंने गिरी को तुरंत मंत्री पद से हटाने तथा उनकी गिरफ्तारी सहित कानूनी कार्रवाई की मांग की।

गिरी ने पूर्वी मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में एक रैली को संबोधित करते हुए देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति राष्ट्रपति को लेकर कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

ओडिशा भाजपा के महासचिव लेखश्री सामंत सिंघार ने कहा, देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति की गरिमा की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है।



राष्ट्रपति का अपमान करना एक दंडनीय और संज्ञेय अपराध है।श्री गिरि की टिप्पणी से साबित हो गया कि तृणमूल कांग्रेस महिला विरोधी, आदिवासी विरोधी और संविधान विरोधी है।

भाजपा विधायक कुसुम टेटे ने भी पश्चिम बंगाल के मंत्री की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। बीजद नेता एवं राज्यसभा सदस्य मुन्ना खान ने कहा कि राष्ट्रपति का अपमान करना दंडनीय अपराध है और गिरि को तुरंत गिरफ्तार किये जाने के साथ ही मंत्रिपरिषद से हटा दिया जाना चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सुरेश चंद्र राउत्रे ने कहा कि इस तरह की टिप्पणी अस्वीकार्य है।

# सतर्कता ब्यूरो ने थानेदार को घुस लेने के आरोप में दबोचा

चंडीगढ़। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने फिरोजपुर जिले के गुलगढ़ी के थानेदार रुपिंदरपाल सिंह को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि जिले के कासू बेग गांव निवासी शिकायतकर्ता गगनदीप सिंह ने ब्यूरो को मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार विरोधी हेल्पलाइन पर थानेदार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त गाँव निवासी मेजर सिंह और उसके पुत्र के खिलाफ थाना गुलगढ़ी में दर्ज एक मुकदमे की जाँच उक्त थानेदार कर रहा था।

उसने इस मुकदमे में उनकी मदद करने और मामला न दर्ज करने के बदले 80,000 रुपए की माँग की थी, जबकि वह शिकायतकर्ता से पहले ही 70,000 रुपए रिश्वत के तौर पर ले चुका था।

# जब भाजपा चाहती है तब चुनाव आयोग कार्रवाई करता है : महबूबा

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष एवं जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को चुनाव आयोग की आलोचना करते हुए कहा कि वह राज्य में चुनाव की घोषणा तभी करेगी जब उसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हरी झंडी मिल जाएगी।

मुफ्ती ने अनंतनाग में संवाददाताओं से कहा, मैं कैसे कह सकती हूं कि चुनाव कब होंगे ? यह चुनाव आयोग द्वारा तय किया जाएगा, और जब उसे भाजपा से आगे बढने की अनुमति मिल जायेगी तो वे चुनाव कराएंगे। उन्होंने आरोप



लगाया कि भाजपा चुनाव आयोग को इस हद तक तोड़ रही है कि वह अब एक स्वतंत्र निकाय नहीं है बल्कि पार्टी की एक 'इकाई' बन गया है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने 'धार्मिक आधार' पर चुनाव प्रचार करने के बावजूद हिमाचल प्रदेश में भाजपा के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। हिमाचल प्रदेश में भाजपा नेतृत्व ने धार्मिक आधार पर चुनाव प्रचार किया।

मुसलमानों को खुलेआम धमकाया गया लेकिन चुनाव आयोग मूकदर्शक बना रहा। चुनाव आयोग अब पहले की तरह स्वतंत्र नहीं रहा।सुश्री मुफ्ती ने कहा कि मौजूदा सरकार पिछली सरकारों की बातों को पलटने पर तुली हुई है तथा केवल वोट पाने के लिए कश्मीरी पंडितों की पीड़ा का उपयोग कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कश्मीरी पंडितों को देखें जो पिछले कई महीनों से जम्मू में विरोध कर रहे हैं और कभी उनका वेतन रोका जाता है तो कभी उनका राशन बंद कर दिया जाता है। वे केवल कश्मीर में स्थिति में सुधार होने तक जम्मू को स्थानांतरित करने की मांग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा केवल वोट पाने के लिए उनके दर्द और पीड़ा का उपयोग करती है, अन्यथा इस पार्टी को किसी की कोई चिंता नहीं है, ये लोग केवल चुनाव जीतना चाहते हैं, उनके पास इसके अलावा कोई राजनीति नहीं है।

# एससीसीएल के निजीकरण का प्रस्ताव केंद्र के विचाराधीन नहीं : मोदी

रामागुंडम (तेलंगाना)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को स्पष्ट किया कि तेलंगाना में सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) या इसकी खदानों के निजीकरण का केंद्र के समक्ष कोई प्रस्ताव नहीं है।

मोदी ने तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) का नाम लिए बगैर कहा कि आरोप है कि हैदराबाद के कुछ नेता राज्य में कोयला खदान श्रमिकों और जनता को गुमराह कर रहे हैं कि कैसे केंद्र सरकार सिंगरेनी कोलियरीज (एससीसीएल) का निजीकरण करने जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया, राज्य के स्वामित्व वाली सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) या इसकी खदानों के निजीकरण का कोई प्रस्ताव नहीं है।

प्रधानमंत्री ने 9500 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखने और राष्ट्र को समर्पित करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब देश में



विकास कार्य गति पकड़ते हैं, तो कुछ ताकतें राजनीतिक लाभ के लिए बाधाएं पैदा करती हैं। उन्होंने कहा कि 'सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड-एससीसीएल' और उसकी कोयला खदानों के निजीकरण को लेकर इस समय तेलंगाना में इसी तरह की अफवाहें फैलाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा, तेलंगाना सरकार की एससीसीएल में 51 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि केंद्र सरकार की 49 फीसदी हिस्सेदारी है।

तेलंगाना सरकार 51 प्रतिशत इक्विटी रखने के साथ सिंगरेनी में प्रमुख हितधारक है और ऐसी परिस्थितियों में, केंद्र सरकार अपने स्तर पर एससीसीएल या इसकी खदानों के निजीकरण के बारे में कोई निर्णय नहीं ले सकती, जब तक कि राज्य सरकार इसके लिए सहमत नहीं होती। उन्होंने स्पष्ट किया और दोहराया कि एससीसीएल के निजीकरण का कोई प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास विचाराधीन नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कोयला खदानों के घोटालों को याद किया। उन्होंने बताया कि देश के साथ-साथ श्रमिकों, गरीबों और उन क्षेत्रों में जहां ये खदानें स्थित थीं, वहां भारी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि देश में कोयले की बढ़ती जरूरत को देखते हुए कोयला खदानों की नीलामी पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने खनिज निकालने वाले क्षेत्र में रहने वाले लोगों को लाभ देने के लिए डीएमएफ (जिला खनिज कोष) भी बनाया है। इस कोष के तहत राज्यों को हजारों करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

## हरिद्वार बीएचईएल को मिला नेवल गन का सर्टिफिकेट

हरिद्वार। उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के रक्षा विभाग को भारतीय नौ सेना के लिए बनायी जाने वाली नेवल गन (एसआरजीएम) के लिए 'सेल्फ सर्टिफिकेशन स्टेटस सर्टिफिकेट' प्रदान किया गया है । एडिशनल डायरेक्टर जनरल (क्वालिटी एश्योरेंस) के रियर एडमिरल श्री संजय शर्मा ने डिप्टी डायरेक्टर जनरल (क्वालिटी एश्योरेंस-नेवल) कमोडोर वी. के. लेखी की उपस्थिति में, डायरेक्टरेट ऑफ क्वालिटी एश्योरेंस, दिल्ली मुख्यालय में बीएचईएल के महाप्रबंधक (आईएस-डीएबीजी) अमित गुप्ता को यह प्रमाण पत्र प्रदान किया। बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक प्रवीण चन्द्र झा ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए रक्षा उत्पादन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी । उन्होंने कहा कि यह सर्टिफिकेट सभी की कड़ी मेहनत एवं अपने कार्य के प्रति गम्भीरता का सुखद फल है।

# उत्तराखंड सरकार ने पतंजलि की पांचों दवाओं पर लगा बैन हटाया

**एजेंसी**

हरिद्वार। पतंजलि संस्थान ने विश्व में सर्वप्रथम आयुर्वेद की औषधियों को 30 वर्षों के निरन्तर पुरुषार्थ व अनुसंधान से रिसर्च एण्ड एविडेंस बेस्ड मेडिसिन के रूप में स्वीकार्यता दिलाई।

पतंजलि योगपीठ द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उत्तराखंड के आयुर्वेद लाइसेंसिंग अधिकारी अज्ञानी, असंवेदनशील, अयोग्य अधिकारी न केवल पूरी आयुर्वेद की ऋषि परम्परा को कलंकित कर रहे हैं अपितु एक अधिकारी के अविवेकपूर्ण कार्य एवं त्रुटि से आयुर्वेद की परम्परा एवं प्रामाणिक अनुसंधान पर ही प्रश्नचिन्ह खड़ा करने का, उसे कलंकित करने का घोर निन्दनीय कार्य किया गया और पतंजलि को दुर्भावनापूर्वक बदनाम किया।

ऐसे षड्यंत्र योग-आयुर्वेद एवं भारतीय परम्परा के विरोधी लोग करते रहते हैं। इन षड्यंत्रों का मुँहतोड़ जवाब वैज्ञानिकतापूर्ण अनुसंधान तथ्य व प्रमाणों के साथ इनका मुकाबला करते हुए आयुर्वेद को विजयी बनाना हमारा धर्म है। जिस विभाग का कार्य आयुर्वेद को गौरव दिलाते हुए आयुर्वेद को राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति के रूप में प्रतिष्ठापित करना था, वही आयुर्वेद को बदनाम करके आयुर्वेद को मिटाने में लगा है।

इस दुर्भाग्यपूर्ण कृत्य को हम कभी स्वीकार नहीं कर सकते। पतंजलि विश्व की पहली संस्था है जिसके वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक रिसर्च पेपर्स प्रकाशित हुए हैं, दो एनएबीएच एक्रीडिएटेड हॉस्पिटल हैं और अंतराष्ट्रीय मानकों के स्तर के अनेक एनएबीएल एक्रीडिएटेड अनुसंधान लैब हैं। 500 से अधिक विश्वस्तरीय वैज्ञानिक यहाँ सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। योग-आयुर्वेद को विश्व में पहुँचाने के लिए जो कार्य किया गया, वह कार्य आजादी के इन 75 वर्षों में किसी सरकार या किसी अन्य संस्थान ने नहीं किया। एक अधिकारी द्वारा जिस तरह का कृत्य किया गया, उससे हम बहुत आहत हैं।

## उत्तराखंड में 22 नए शहर बनाने की कवायद

देहरादून। उत्तराखंड के आवास विकास मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल की ओर से विधानसभा स्थित सभाकक्ष में उत्तराखंड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण की 16वीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की गई। मंत्री ने नये शहरों की स्थापना के संदर्भ में कहा कि सरकार जिलों तथा प्राधिकरण से सामंजस्य स्थापित करते हुए इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक रूप में 22 नये स्थानों को शहर के रूप में विकसित करने हेतु चिन्हित किया गया है जिनमें 12 गढ़वाल मंडल तथा 10 कुमाऊं मंडल में प्रस्तावित हैं। मंत्री ने कहा कि नये टाउनशिप के निर्माण से शहरों पर बढ़ रहे जनसंख्या दबाव, यातायात आदि की समस्याओं के निराकरण में सहायता मिल सकेगी इसके लिए देहरादून में भी 04 टाउनशिप का निर्माण प्रस्तावित है। मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण के वार्षिक बजट का भी अनुमोदन किया गया है। मंत्री ने प्राधिकरणों में कर्मचारियों की कमी को देखते हुए लिपिक वर्गीय कर्मचारी नियमावली और व्यक्तिक सहायक संवर्गीय कर्मचारी नियमावली को अंगीकृत करते हुए तद्नुसार रिक्त पदों पर भर्ती हेतु कार्यवाही करने के लिए अधियाचन भेजने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये। इस अवसर पर बैठक में सचिव आवास विकास आनन्द वर्द्धन, आयुक्त उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद सुरेन्द्र नारायण पाण्डेय तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मधुमक्खियों के हमले में 30 लोग घायल

बड़वानी। मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के बालसमुद पुलिस चौकी क्षेत्र में आज श्मशान घाट में मधुमक्खियों के हमले से करीब 30 लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार आज पानवा ग्राम पंचायत के हल्दी पुरा के निवासी एक व्यक्ति की मृत्यु पर शव यात्रा लेकर ग्रामीण श्मशान घाट पहुंचे थे। इसी दौरान आतिशबाजी किए जाने पर उसके धुएं से भड़की मधुमक्खियों ने उन पर हमला बोल दिया। उन्हें एंबुलेंस की मदद से जुलवानिया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां के मेडिकल ऑफिसर डॉ मनोज कदम ने बताया कि 23 लोगों का इलाज कर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है।

# ईडब्ल्यूएस आरक्षण विवाद : सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने का निर्णय

**एजेंसी**

चेन्नई। तमिलनाडु के विभिन्न राजनीतिक दलों ने आर्थिक रुप से कमजोर तबके (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को खारिज करते हुये इसे सामाजिक न्याय के सिद्धांत खिलाफ बताया और उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने का फैसला किया।

द्रविड मुनेत्र कषगम (डीएमके) अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की अध्यक्षता में शनिवार को



आयोजित सर्वदलीय बैठक में इस निर्णय के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर करने पर सहमित जतायी गयी। विधायक दलों के प्रतिनिधि की सर्वदलीय बैठक में सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। वहीं विपक्षी अन्नाद्रमुक और भाजपा ने इस बैठक का बहिष्कार किया। बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर 103वें संविधान संशोधन और ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को खारिज किया गया। यहां राज्य सचिवालय में आयोजित बैठक कांग्रेस, पीएमके, एमडीएमके, वीसीके, सीपीएम, सीपीआई, मनिथनेय मक्कल काची, तमिलगा वझवुरिमई काची और कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची के प्रतिनिधियों हिस्सा लिया और श्री स्टालिन द्वारा पेश किये गये प्रस्ताव का समर्थन किया।

# शिमला : टाशीगंग में हुआ शत-प्रतिशत मतदान

शिमला। हिमाचल प्रदेश में विश्व के सबसे ऊंचे और आदर्श मतदान केंद्र टाशीगंग में शनिवार को शत-प्रतिशत मतदान हुआ ।

इस केन्द्र पर सभी 52 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान केंद्र पर एडीसी काजा अभिषेक वर्मा ने दौरा किया। उन्हें पारंपरिक ड्रेस पहना कर सम्मानित किया गया। उन्होंने इस अवसर सभी मतदाताओं को बधाई भी दी। आदर्श मतदान केंद्र को पारंपरिक तरीके से सजाया गया था, छोटे बच्चों के लिए क्रेच बनाया गया था, वहीं एक काउंटर मतदाताओं की मदद के लिए और एक वेटिंग रूम बनाया गया था।



उप-जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि टाशीगंग और गेते गांव के मतदाता आते हैं, इन सभी मतदाताओं को बीएलओ ने घर घर जाकर मत डालने के लिए जागरुक किया था। यहां पर पिछली बार 48 मतदाता थे। इस बार चार नये मतदाता जुड़े थे, और इन चारों नये मतदाताओं ने भी मतदान किया हैं। सभी मतदाताओं के लिए महिला मंडल ने ब्रेक फास्ट और लंच की मुफ्त व्यवस्था की गई थी। यहां पर ट्रेडिशनल फूड भी मतदाताओं के लिए उपलब्ध था। इस मतदान केंद्र पर सबसे बुजुर्ग मतदाता 78 वर्षीय सोनम डोल्मा रहीं, उन्होंने कहा कि वह लगातार मतदान करती आ रही हैं।

पहली बार मतदान करने वाले युवा टासिंगग लोबजंग तोदन ने कहा, वे लामा हैं और कीह बौद्ध मठ में रहते हैं। आज छुट्टी थी और मैं काफी समय से इंतजार कर रहा था कि अपने मत का इस्तेमाल करूंगा।

टा शिगांग गांव की रहने वाली पहली मतदाता तेंजिन नोडन ने कहा कि वह आरकेएमवी शिमला में पढ़ती है और पहली बार वोट डालने का अवसर मिला है तो वह शिमला से यहां आई है। उसने कहा कि वह सभी से आग्रह करती है कि मतदान जरूर करना चाहिए। पहली बार के मतदाता तेंजिन योडोन ने कहा कि धर्मशाला से स्पेशल वोट डालने के लिए टाशिगंग आया हूं। लोकतंत्र में मतदान अवश्य करना चाहिए।

# धान उन्हीं मिलरों को दें जो उसना चावल दे सकें : नीतीश

**एजेंसी**

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि धान उन्हीं मिलरों को दें जो उसना चावल दे सकें। कुमार ने शनिवार को यहां एक, अणे मार्ग स्थित संकल्प में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में धान अधिप्राप्ति को लेकर समीक्षा बैठक करने के बाद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बिहार में उसना चावल खानेवालों की संख्या अधिक है। इसको लेकर उसना चावल के मिलों की संख्या और बढायें। उसना मिल मालिकों के साथ इसको लेकर बैठक करें। उन्हीं मिल मालिकों को धान अधिप्राप्ति से जोड़ें जो उसना चावल को ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध करायें। धान उन्हीं मिलरों को दें जो उसना चावल दे सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की हरसंभव सहायता के लिये पूरी तरह तत्पर है। इस बार अल्प वर्षापात के कारण 11 जिलों में सूखे की स्थिति उत्पन्न हुई। उन्होंने विभिन्न जिलों का एरियल सर्वे भी किया था। सूखाग्रस्त जिलों के प्रभावित किसानों को सभी प्रकार के राहत दिये गये।

## शार्ट न्यूज

### गाजियाबाद में स्कूल का मैनेजर करता था 6 क्लास की छात्रा से दुष्कर्म, ट्यूशन पढ़ाने के बहाने रोकता था आरोपी

गाजियाबाद । गाजियाबाद के मसूरी थानाक्षेत्र में स्कूल मैनेजर द्वारा कक्षा छह की छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। स्कूल की छुट्टी के बाद आरोपी मैनेजर छात्रा को किसी न किसी बहाने से रोक लेता था और उसके साथ दुष्कर्म करता था। आरोपी की धमकी के चलते छात्रा चुप रही, लेकिन मैनेजर की हरकतों से तंग आकर परिजनों को आपबीती बता दी। घटना के संबंध में छात्रा की मां ने शिकायत दी है। पुलिस का कहना है कि स्कूल मैनेजर के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया गया। आरोपी फरार है, उसकी तलाश की जा रही है। मसूरी थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला का कहना है कि उनकी 13 वर्षीय बेटी गांव नाहल स्थित एक स्कूल में कक्षा छह की छात्रा है। स्कूल मैनेजर उनकी बेटी के साथ काफी समय से दुष्कर्म करता आ रहा है। छुट्टी के बाद वह किसी न किसी बहाने से उनकी बेटी को स्कूल में रोक लेता था और फिर उसके साथ दुष्कर्म करता था। महिला का आरोप है कि स्कूल मैनेजर ने उनकी बेटी को धमकी दे रखी थी कि किसी को भी बताने पर उसे बुरा अंजाम भुगतना होगा। धमकी के चलते उनकी बेटी चुप रही और स्कूल मैनेजर की दरिंदगी का शिकार होती रही। आरोप है कि स्कूल मैनेजर की हरकतें बढ़ने पर उनकी बेटी ने घरवालों को आपबीती बताई।

### दिल्ली में तानों से तंग कर्मचारियों ने रेत डाला सुपरवाइजर का गला, सीसीटीवी फुटेज से खुला राज

नई दिल्ली । दिल्ली में सुपरवाइजर के तानों से परेशान होकर रिटेल चेन के स्टोर में कार्यरत तीन कर्मचारियों ने शराब पिलाकर सुपरवाइजर का गला रेत दिया। फिर पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। इसके बाद मृतक के पास रखी नकदी एवं मोबाइल आदि लूट लिया। वजीराबाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को लूट के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि गुरुवार को एपेक्स स्कूल के सामने पुश्ते पर खून से लथपथ शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि युवक का गला रेता गया था और चेहरे एवं सिर पर पत्थर से प्रहार किए गए थे। चूंकि मामला हत्या का था इसलिए मुकदमा दर्ज कर इंस्पेक्टर रीतेश राज की देखरेख में एसआई प्रभाष की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस पर काम करना शुरू किया। मृतक की पहचान 22 वर्षीय गौरव कुमार के तौर पर हुई। गौरव बुराड़ी स्थित एक रिटेल चेन के स्टोर में सुपरवाइजर था और बुधवार रात से गायब था। पुलिस ने स्टोर से लेकर घटनास्थल के बीच लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो गौरव तीन युवकों के साथ नजर आया। इनकी पहचान अंकित, सुजल और विनोद के तौर पर हुई। इनसे पूछताछ में सारा सच सामने आ गया और इनके कब्जे से लूट का सामान बरामद हो गया।

### नोएडा : बिन रजिस्ट्रेशन कुत्ता रखने पर पेनाल्टी, कोई जख्मी हुआ तो 10000 जुर्माना

नोएडा। पालतू और आवारा कुत्तों को लेकर लगातार विवाद बढ़ता जा रहा है। बीते कई दिनों में आवारा कुत्तों को लेकर मामले बढ़ते जा रहे हैं। यही नहीं, कुत्तों के हमले में कई लोगों की जान जा चुकी हैं। ऐसे में नोएडा अथॉरिटी ने एक पॉलिसी तैयार की है। यह पॉलिसी शनिवार को बोर्ड बैठक में पेश की गई। जिसे बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। इसके मुताबिक, अगर कोई पालतू कुत्ता किसी को काटता है तो इलाज की पूरी जिम्मेदारी मालिक पर रहेगी। इतना ही नहीं आवारा कुत्तों को लेकर अथॉरिटी ने कड़े नियम बनाए हैं। अब इन कुत्तों को चाहने वाले जहां-तहां कहीं भी खाना नहीं डाल पाएंगे। नोएडा अथॉरिटी की सीईओ ने लिखा, आउटडोर एरिया पर फीडिंग स्थल यथावश्यकता चिन्हीकरण जहां और खाने व पीने की व्यवस्था फीडर्स / आरडब्लूए/ एओए की ओर से ही की जाएगी। पालतू कुत्ते की तरफ से सार्वजनिक स्थल पर गंदगी किए जाने पर उसकी सफाई की जिम्मेदारी पशुपालक की होगी। अगले ट्वीट में उनकी ओर से जानकारी दी गई कि पालतू कुत्ते/बिल्ली के कारण किसी अप्रिय घटना की स्थिति में 10,000 हजार रुपए आर्थिक दण्ड (दिनांक 01.03.2023 से) अधिरोपित किए जाने के साथ घायल व्यक्ति/जानवर का उपचार पालतू कुत्ते के मालिक की ओर से किया जाएगा।

### रोडरेज के विवाद आधा दर्जन युवकों ने घर पर किया हमला, बदमाशों ने घर पर किया पथराव

**गुरुग्राम।** रोडरेज में विवाद होने पर आधा दर्जन युवकों ने घर पर हमला कर दिया। 20 मिनट तक बदमाशों ने घर पर पथराव करने के साथ-साथ बाहर खड़ी गाड़ी व दुपहिया वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की। युवकों के हाथ में पिस्टल,चाकू और लोहे की रॉड लेकर आए थे। मकान का गेट खोलकर अंदर घूसने का भी प्रयास किया। पड़ोसियों के एकत्रित होने पर आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। आरोपी जल्दबाजी में अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गए। वहीं पड़ोसी ने पूर घटनाक्रम को मोबाइल में कैद कर लिया। पुलिस ने पीड़ि की शिकायत पर शनिवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजीव नगर निवासी सतबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नौ नवंबर को उनका छोटा बेटा दीपक ऑफिस को बंदकर घर आ रहा था। रात के लगभग साढ़े दस बजे शिव चौक मंदिर चौक पर कार व स्कूटी आपस में टच हो गई। ऐसे में वहां पर खड़े पांच छह लड़कों ने झगड़ा करना शुरू कर दिया।चौक पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने मामले को शांत करवाया और बेटे को जाने को कहा।घर पहुंचकर बेटा दीपक अंदर ही घूसा था,तभी बाइक व स्कूटी पर आधा दर्जन से ज्यादा युवक हाथों में चाकू,पिस्टल और रॉड लेकर आए। आते ही चिल्लाते हुए घर पर पथराव शुरू कर दिया और उसके बाद घर के बाहर खड़ी कार में पत्थर और डंडे मारकर तोडफोड़ की।इसके अलावा बाहर खड़ी बाइक और स्कूटी में तोडफोड़ करते हुए घर में घुसने का भी प्रयास किया।20 मिनट के बाद पड़ोसी एकत्रित होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### प्रॉपर्टी के लिए बच्चे बने हैवान, 72 साल की मां को बेटों और बहुओं ने बुरी तरह पीटा; हाथ तोड़ा

गुरुग्राम। गुरुग्राम जिले के बजघेरा गांव में एक 72 साल की महिला के साथ उसके दो बेटों और उनकी पत्नियों ने कथित तौर पर संपत्ति को लेकर मारपीट की। बुजुर्ग महिला के कई फ्रैक्चर हो गए हैं। सहायक पुलिस आयुक्त शिव अर्चना शर्मा ने कहा, %सभी संदिग्धों को गिरफ्तार किया जाएगा। हमने महिला की इलाज कराने में मदद की है।% यह घटना 22 अक्टूबर को घटित हुई। पुलिस ने कहा कि महिला का बड़ा बेटा 40 साल का और छोटा बेटा 37 साल का है। उन्होंने और उनकी पत्नियों ने उसे प्रॉपर्टी ट्रांसफर करने को मजबूर करने के लिए कई दिनों तक भूखा रखा। इसके बावजूद भी जब उसने उन्हें संपत्ति नहीं सौंपी, तो उन्होंने उसकी पिटाई कर दी और 22 अक्टूबर को पूरी रात कमरे में बंद रखा। दर्द से कराहते हुए उसने अपने एक किराएदार से एक से दरवाजा खोलने की विनती की, यह वादा करते हुए कि वह किसी को नहीं बताएगी।

### 9 महीने से जेल में था पिता, बेटी की कोर्स फीस के लिए दिल्ली हाईकोर्ट ने दी जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने हाल ही में एक आरोपी को एलएलबी पाठ्यक्रम में अपनी बेटी के लिए फीस की व्यवस्था करने के लिए दस दिन की अंतरिम जमानत दी है। याचिकाकर्ता पिछले नौ महीने से न्यायिक हिरासत में है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आरोपी की हरकतों से परिवार को परेशानी नहीं होनी चाहिए। न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पीठ ने निहाल अहमद को उनकी बेटी के एलएलबी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए शुल्क की व्यवस्था करने के लिए अंतरिम जमानत दी है। पीठ ने कहा कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि याचिकाकर्ता को अपनी बेटी की एडमिशन फीस का भुगतान करने की व्यवस्था करनी है और परिवार को उसके कृत्यों के लिए पीड़ित नहीं होना चाहिए। न्यायमूर्ति सिंह ने आदेश दिया कि वह आरोपी की रिहाई की तारीख से दस दिनों की अवधि के लिए, संबंधित अदालत की संतुष्टि के लिए इतनी ही राशि की एक जमानती के साथ 25 हजार रुपये के निजी मुचलके के आधार पर अंतरिम जमानत दी जा रही है।

# 'आध्यात्मिक शिक्षा से सच्ची स्वतंत्रता की ओर' पर सम्मेलन संपन्न हुआ

**शिक्षकों का आध्यात्मिक सशक्तिकरण से स्टूडेंट्स और समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव : राजकुमार रंजन**

नई दिल्ली। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा शिक्षकों एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों हेतु आध्यात्मिक शिक्षा से सच्ची स्वतंत्रता की ओर विषय पर एक दिवसीय सम्मेलन आज आयोजित हुआ द्य स्थानीय तालकटोरा स्टेडियम आयोजित इस सम्मेलन में लगभग 3000 लोगों ने भाग लिया।

दीप प्रजवल्लित कर मुख्य अतिथि केन्द्रीय शिक्षा एवं विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने कहा कि स्वर्णिम भारत की संरचना का आधार आंतरिक बुराईयों की समाप्ति तथा आध्यात्मिक जागृति है। ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा दी जा रही आध्यात्मिक मूल्यनिष्ठ शिक्षा अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का आध्यात्मिक सशक्तिकरण ही विद्यार्थियों तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लायेगा। मूल्यनिष्ठ शिक्षा व राजयोग से युवाओं का जीवन नशामुक्त होगा। उन्होंने आगे कहा कि ब्रह्माकुमारियों द्वारा सामाजिक बुराईयों का अंत, श्रेष्ठ एवं सुसंस्कृत समाज का निर्माण संभव है।

इस अवसर पर सम्मानीय अतिथि दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंस एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी के वी सी प्रो0 रमेश के गोयल ने कहा कि मानव मन और तन का उपचार करने में आध्यात्मिकता का महत्व औषधि से अधिक है, जो कि अनेक स्वास्थ्य जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इस अवसर पर सम्मानीय अतिथि के रूप में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक भ्राता सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी का विश्वास एवं निश्चय कर्मयोगी बनाने का है, जो ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा दी जा रही आध्यात्मिक शिक्षा से संभव है।

सुप्रसिद्ध प्रेरणादायी वक्ता बी के शिवानी ने अपने प्रेरणादायी वचनों में बताया कि महत्व ऊर्जा का है जो हम अपने विचारों से निर्माण करते हैं। विचारों को श्रेष्ठ, सकारात्मक बनाने के लिए आध्यात्मिक ज्ञान/ शिक्षा चाहिए। वर्तमान समय शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अध्यात्मिक शिक्षा विकल्प नहीं अपितु प्राथमिकता है द्य आध्यात्मिक ज्ञान एक संस्कार है, संस्कृति है, जिससे संसार बनता है। मन से विचार पैदा होते हैं। विचार निम्न, नकारात्मक हों तो शरीर पर उसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। तनाव से हृदयाघात साधारण सी बात हो गई है। अभी ही समय है जब हम स्वयं का ध्यान रखें और उसके लिए आध्यात्मिक ज्ञान और ध्यान (राजयोग) का अभ्यास करें। आध्यात्मिक ज्ञान आत्मा का भोजन है जिससे शांति, प्रेम, पवित्रता, शक्ति और आनंद की प्राप्ति होती है। प्रात: उठकर तथा सोने से पूर्व यह भोजन अवश्य लेना है। आध्यात्मिक ज्ञान का प्रकाश भारत को विश्व गुरू बनायेगा। ब्रह्माकुमारी संस्था की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बी के जयन्ती ने अपने आर्शिवचन में कहा कि शिक्षा जीवन की नींव है। ब्रह्मा बाबा जो संस्थापक थे ईश्वरीय विश्व विद्यालय के, उन्होंने आध्यात्मिक शिक्षा एवं नारी सशक्तिकरण को आधार बनाया। लैंगिक समानता के बिना भारत को पुन: सोने की चिड़िया नहीं बनाया जा सकता। स्वयं की असली स्वरूप, दिव्य गुण एवं आंतरिक शक्तियों को अनुभव करके ही हम नकारात्मकता से मुक्त हो सकते हैं। ब्रह्माकुमारीज् के शिक्षा प्रभाग के अध्यक्ष राजयोगी डॉ बी के मृत्युंजय ने सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव चेतना में आध्यात्मिक शिक्षा एवं शोध द्वारा आंतरिक समभाव तथा सत्य समझ पैदा होती है। उन्होंने आगे कहा कि दिव्य संस्कार बनाने का तथा तन – मन –धन को निरोगी बनाने का अद्भुत औषधि समान यह ईश्वरीय ज्ञान एवं राजयोग का अभ्यास है।

**दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस और एनजीओ शक्ति वाहिनी के साथ मिलकर**

## नाइजीरियाई लड़की को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया

प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस और एनजीओ शक्ति वाहिनी के साथ मिलकर एक 20 वर्षीय नाइजीरियाई लड़की को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया है, जिसे नाइजीरिया से दिल्ली लाया गया था। आयोग को एनजीओ शक्ति वाहिनी से 10.11.2022 को तस्करी की गई लड़की के बारे में जानकारी मिली, जिसे 24 अक्टूबर 2022 को नौकरी दिलाने के बहाने टूरिस्ट वीजा के जरिए दिल्ली लाया गया था। मगर लड़की को बंदी बनाकर रखा गया और उसका पासपोर्ट छीन लिया गया। किसी तरह वह अपने भाई को उस जगह की जानकारी भेजने में कामयाब रही और फिर भाई ने एनजीओ शक्ति वाहिनी से संपर्क किया।

दिल्ली पुलिस और एनजीओ शक्ति वाहिनी के साथ आयोग की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और लड़की को दिल्ली के तिलक नगर इलाके से छुड़ाया। लड़की ने बताया कि तस्करों ने उसका पासपोर्ट जब्त कर लिया है। लड़की ने बताया कि तस्करों के शिकंजे में और भी कई लड़कियां हैं, जिन्हें अफ्रीकी देशों से लाकर वेश्यावृत्ति में धकेला गया है।

इस संबंध में आयोग की अध्यक्षा स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर मामले में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने मामले में दर्ज़ प्राथमिकी की एक के साथ गिरफ्तार किये गए आरोपियों की जानकारी मांगी है। आयोग ने अन्य लड़कियों को तस्करों के चंगुल से छुड़ाने और लड़की के दस्तावेज बरामद करने के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए प्रयास की जानकारी भी मांगी है।

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्षा स्वाति मालीवाल ने कहा, हमें एक नाइजीरियाई लड़की को तस्करों द्वारा बंदी बनाए जाने की शिकायत मिली थी। हमारी टीम ने तुरंत दिल्ली पुलिस से संपर्क किया और लड़की को छुड़ाया। हमारे सामने दिल्ली में विदेशी लड़कियों की तस्करी के कई मामले आते हैं। हाल ही में आयोग में उज़्बेक महिलाओं की तस्करी से संबंधित एक मामला भी आया था। दिल्ली पुलिस को इन अंतरराष्ट्रीय रैकेटों की गहन जांच करनी चाहिए और सरगनाओं को गिरफ्तार करना चाहिए। इन रैकेटों का भंडाफोड़ किया जाना चाहिए ताकि तस्करों द्वारा हजारों लड़कियों को व्यावसायिक यौन शोषण और बंधुआ मजदूरी से बचाया जा सके।

## दिल्ली एनसीआर में भूकंप के तगड़े झटके, 5.4 रही तीव्रता

नई दिल्ली। दिल्ली एनसीआर में शनिवार को भी भूकंप के तगड़े झटके महसूस किए गए हैं। इस बार भी भूकंप का केंद्र नेपाल में बताया जा रहा है। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 5.4 बताई जा रही है। उत्तराखंड के कई इलाकों में इन झटकों को महसूस किया गया। भूकंप के चलते लोग डर कर घरों से बाहर निकल आए। भूकंप से अभी तक जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। लगातार आ रहे भूकंप के झटकों से लोगों में किसी बड़ी अनहोनी की आशंकाएं होने लगी हैं। समाचार एजेंसी के मुताबिक यूरोपियन-मेडिटरेनियन सीस्मोलॉजिकल सेंटर (ईएमएससी) ने अपने बयान में बताया कि शाम को 7:57 बजे आए इस भूकंप का केंद्र नेपाल था। इसकी तीव्रता 5.4 दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। वैज्ञानिकों का कहना है कि भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में होने के कारण नुकसान की आशंकाएं कम हैं। गौर करने वाली बात यह है कि उत्तराखंड, नेपाल और हिमालय के बाकी हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से लगातार कम तीव्रता के भूकंप आ रहे हैं।

## 31 साल पुरानी चोरी मामले में 2 गिरफ्तार

फरीदाबाद। अलीपुर इलाके में 31 साल पहले हुई चोरी की घटना के आरोप में हरियाणा के फरीदाबाद से दो भगोड़े आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक अदालत के रिकॉर्ड में मृत घोषित हो चुका था। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान अर्जुन सिंह (62) और चरण सिंह (51) के रूप में हुई है जो फरीदाबाद के रहने वाले हैं। एक आरोपी आश्रम में प्रवचनकर्ता हो गया था।

### 31 साल पुराना है मामला

उन्होंने बताया कि अदालती कार्यवाही के दौरान अर्जुन को मृत घोषित कर दिया गया था। पुलिस ने कहा कि उसे फरीदाबाद के ददिसिया गांव के एक वन क्षेत्र में चार घंटे तक चले अभियान में पकड़ा गया। दिल्ली की तीस हजरी अदालत ने 15 जुलाई 1998 को दोनों को भगोड़ा घोषित किया था। उनकी तलाश तब शुरू हुई जब बवाना थाने ने जिले के भगोड़े अपराधियों की सूची पर काम किया।

### आश्रम में प्रवचनकर्ता बन गया एक आरोपी

पुलिस सूत्रों ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस की एक टीम फरीदाबाद के इस्माइल्या गांव गई, जहां पता चला कि अर्जुन का परिवार शेरपुर गांव चला गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम शेरपुर गयी तो पाया कि चरण पास के एक आश्रम में प्रवचनकर्ता हो गया है और आश्रम में रहता है तथा उसके 500 से अधिक अनुयायी हैं जो उसके पास इलाज के लिए आए थे। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) देवेश कुमार महला ने बताया कि पुलिस ने चरण को उसके आश्रम से गिरफ्तार किया। महला ने कहा कि चरण ने पूछताछ में बताया कि अर्जुन जीवित है, तो उसकी निशानदेही पर उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता में सुधार

नई दिल्ली। दिल्ली में प्रदूषण के चलते लगाई गई पाबंदियां अभी लागू रहेंगी। केंद्रीय वायु गुणवत्ता आयोग ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी को देखते हुए पाबंदियों को अभी न हटाने का फैसला लिया है। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा गठित ग्रैप समिति ने तीसरे चरण की पाबंदियां लागू कर दी थीं। पिछले दो दिनों में वायु गुणवत्ता 300 से नीचे के स्तर पर यानी खराब श्रेणी में आ गया था। प्रदूषण की स्थिति में सुधार को देखते हुए अंदाजा लगाया जा रहा था कि ग्रैप की पाबंदियों में कुछ छूट दी जा सकती है। शुक्रवार शाम को ग्रैप समिति की इस संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान प्रदूषण की स्थिति की समीक्षा की गई।

## खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

**बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच कराई गई खेल प्रतियोगिता**

आनंद राय/गौरवशाली भारत




**नई दिल्ली।** बाल दिवस के अवसर पर एसएफएस मुखर्जी नगर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में 6 से 12 साल के बच्चों ने हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिताओं में चम्मच नींबू दौड़, रिले रेस, मार्बल-स्पून दौड़, क्रिकेट व म्यूजिकल चेयर समेत अन्य गतिविधियों में बच्चे पूरे उत्साह के साथ भाग लिए।

प्रतियोगिता की आयोजक टीम ऑल मम्मी एसएफएस मुखर्जी अपार्टमेंट का कहना है कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह की गतिविधियां बेहद आवश्यक है। बच्चे मोबाइल फोन व लैपटॉप आदि में गेम खेलकर शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर हो रहे हैं। बच्चों को हमारी प्राचीन संस्कृति के खेल खिलाकर खेलों को जीवंत रखना बेहद आवश्यक है। साथ ही इससे बच्चों में भी खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी। आयोजकों ने कहा कि कोविड के दौरान बच्चे अपने-अपने घरों में कैद हो गए थे। लिहाजा खेल प्रतियोगिता करा उन्हें उस मानसिक स्थिति से उबारकर बेहतर माहौल देने का एक प्रयास है। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने तालियां बजाकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी भागीदारों को ट्रॉफी के साथ ही उपहार दिया गया। इस दौरान बच्चों ने भी आगे बढ़कर लोगों के सामने अपने विचारों को भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की आयोजक प्रीति सिंह, वंदना चावला, खुशबू, पूजा सिंह, रमण, श्वेता कुमार, ए.परमार डॉ. अनामिका, बॉबी समेत मुखर्जी अपार्टमेंट में रहने वाले बच्चों की मां ने किया।

## अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ





विवेक राय/गौरवशाली भारत

झटीकरा। आज तृतीय दिवस के महायज्ञ की शुरुआत प्रज्ञा योग, ध्यान एवं वैदिक मंत्रौच्चारण के साथ की गई। श्री ए. एम. कुमार जी, उपसचिव, भारत सरकार सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने आज महायज्ञ में भाग लिया। आज के विशेष अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय वक्ता, अध्यात्मिक नवजागरण के ध्वजवाहक, विश्व के अनेक देशों में गायत्री परिवार को पहुंचाने वाले श्री डॉ. चिन्मय पांड्या जी एवं गायत्री शक्तिपीठ रूस से आए हमारे विदेशी मेहमान Sister Alina, Brother Andrei, Second Brother Andreas, Brother Mikhail, Brother Vladkarte ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विदित है कि श्री जगवीर कादियान जी ने अपने प्रबल पुरुषार्थ से रूस में गायत्री शक्तिपीठ की स्थापना की है।

इस महायज्ञ में संगीत वादन का कार्य देख रहे श्री सुनील जी एवं बेंगलुरु से आए हुए राजेश यादव, जी राहुल जी एवं योगेंद्र राजावत जी, मनोज वर्मा जी, रोहित तोमर, उम्मेद यादव, भास्कर लाल, सतीश भदौरिया, अकाउंट विभाग की जिम्मेदारी देख रहे अजय शर्मा जी, जितेंद्र भदौरिया , इन सभी के वरिष्ठ कार्यकर्ता आदरणीय श्री राम सिंह जी, गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक श्री सुशील मिश्रा जी एवं 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के कार्यक्रम संयोजक डॉ इंद्रपाल आर्य जी का विशेष सराहनीय सहयोग रहा है।

हवन के बाद इस क्षेत्र में, पॉल्यूशन लेवल में जबरदस्त कमी देखी गई। आयोजन में बच्चों द्वारा संगीत प्रस्तुति भी की गई द्य आज के आयोजन में तकरीबन दस हजार लोगों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन कल यानी 13 नवंबर तक चलेगा।

## बीजेपी ने जारी की 232 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए शनिवार शाम बीजेपी ने 232 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है। इसके बाद 18 सीटों के उम्मीदवारों के नाम बाद में ऐलान किए जाएंगे। बीजेपी के उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में 232 उम्मीदवारों के नाम हैं। साथ ही उनमें नौ पूर्व मेयर, 52 पूर्व पार्षद, तीन डॉक्टर, चार जिला अध्यक्ष शामिल हैं। बता दें कि एमसीडी के चुनाव में 4 दिसंबर को वोटिंग होगी। 7 दिसंबर को नतीजे आएंगे।

### एक दिन पहले 'आप' ने किया था 134 उम्मीदवारों का ऐलान

इससे एक दिन पहले आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव के लिए 134 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की लंबी बैठक के बाद उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई। सूची में 60 से अधिक महिलाएं हैं। पार्टी ने एक बयान में कहा कि 90 प्रतिशत टिकट जमीनी स्तर पर काम करने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं को दिए गए हैं।

बयान के अनुसार, एमसीडी चुनाव लड़ने के लिए टिकट की खातिर 20,000 से अधिक कार्यकर्ताओं ने आवेदन किया था। इससे पहले दिन में, पार्टी ने अपने 30 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की वहीं इसके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चुनावों के लिए पार्टी की 10 गारंटी भी जारी कीं। इन गारंटी में तीन लैंडफिल स्थानों को साफ करना, भ्रष्टाचार मुक्त एमसीडी शामिल हैं। दिल्ली नगर निगम में 250 वार्ड हैं। एमसीडी चुनाव के लिए चार दिसंबर को मतदान कराए जाएंगे और मतों की गिनती सात दिसंबर को होगी।

## जेपी ग्रीन्स का अवैध हेलीपैड ध्वस्त

ग्रेटर नोएडा । ग्रेटर नोएडा की लग्जरी आवासीय परियोजना जेपी ग्रीन्स में अवैध रूप से बने हेलीपैड को शुक्रवार को ध्वस्त कर दिया गया। गोल्फ कोर्स की जमीन पर हो रहे निर्माण को भी रोक दिया गया। जेपी ग्रीन्स रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। जिस पर कोर्ट ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को कार्रवाई का आदेश दिया था। प्राधिकरण ने माना है कि बिना अनुमति के हेलीपैड का संचालन किया जा रहा था। हाईकोर्ट अब मामले की सुनवाई छह दिसंबर को करेगा।

## मेट्रो स्टेशनों पर कल, 14 नवंबर से व्यापार मेले के टिकट बिकेंगे

**प्रवेश टिकट केवल 67 चयनित मेट्रो स्टेशनों पर उपलब्ध होंगे**

संवाददाता/गौरवशाली भारत

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) कल सोमवार यानी 14 नवंबर 2022 से व्यावसायिक दिवस (14 नवंबर से 18 नवंबर 2022) और सामान्य सार्वजनिक दिवस (19 नवंबर से 27 नवंबर 2022) के लिए शनिवार यानी 19 नवंबर 2022 से भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) के प्रवेश टिकटों की बिक्री शुरू करेगा। डीएमआरसी की दसों लाइनों पर टिकटों की सुविधा होगी। डीएमआरसी प्रशासन ने बताया कि व्यापार मेले के दौरान भीड़ को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन और अन्य स्टेशनों पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त टिकट काउंटर, गार्ड, अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए जाएंगे।

### टिकट सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक खरीदे जा सकते हैं

डीएमआसी ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि आईआईटीएफ के लिए व्यावसायिक दिवस और सामान्य सार्वजनिक दिवस के लिए प्रवेश टिकट केवल 67 चयनित मेट्रो स्टेशनों पर उपलब्ध होगें। साथ ही यह भी कहा है कि यह नोट कर लें कि सुप्रीम कोर्ट (पीटीएमडी) मेट्रो स्टेशन पर बिक्री के लिए कोई आईआईटीएफ टिकट उपलब्ध नहीं होगा।

डीएमआसी के अनुसार इन 67 मेट्रो स्टेशनों के कस्टमर केयर सेंटर से व्यावसायिक दिवस और सामान्य सार्वजनिक दिवसों दोनों के लिए आईआईटीएफ के टिकट सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक खरीदे जा सकते हैं।

### अलग अलग दिवस पर टिकट दरें हैं अलग

डीएमआरसी के अनुसार मेट्रो स्टेशनों पर व्यापार मेले के लिए व्यावसायिक दिवस और सामान्य दिवस के प्रवेश टिकटों की कीमत अलग अलग है। व्यावसायिक दिवस (14 से 18 नवंबर 2022) के बीच वयस्क के लिए 500 रुपए और बच्चे के लिए 150 रुपए है। प्रवेश टिकटों की बिक्री आईटीपीओ के निर्देशानुसार पहले बंद भी की जा सकती है। जबकि सामान्य सार्वजनिक टिकट (19 से 27 नवंबर 2022) के दौरान सप्ताहांत व अवकाश के दिन वयस्क के लिए 150 रुपए और बच्चे के लिए 60 रुपए जबकि कार्यदिवस के दौरान वयस्क के लिए 80 रुपऐ और बच्चे के लिए 40 रुपए है। प्रवेश टिकटों की बिक्री आईटीपीओ के निर्देशानुसार पहले भी बंद की जा सकती है।

## संपादकीय

# हिंसा की जमीन

**पंजाब में जबसे नई सरकार आई है, हत्याओं का सिलसिला तेज हो गया है। चिंता की बात है कि इस समय वहां फिर से अलगाववादी ताकतें उभार पर हैं। ब्रिटेन में बैठा एक शख्स इशारा करता है और पंजाब में हत्याएं हो जाती है। अभी बेअदबी के सात साल पुराने एक मामले के आरोपी की उसके सुरक्षाकर्मियों के सामने गोली मार कर हत्या कर दी गई।**

कुछ दिनों पहले एक स्थानीय नेता को गोली मार दी गई थी। उससे पहले गायक सिद्धू मूसेवाला को दिनदहाड़े मार दिया गया था। हर मामले में वहां की सरकार दावा करती है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और राज्य में कानून-व्यवस्था को चाक-चौबंद बना दिया जाएगा।

मगर इस दिशा में कोई संतोषजनक कदम उठाए जाते नहीं दिखते। ताजा घटना में जिस व्यक्ति को गोली मारी गई, उस पर बेअदबी के आरोप थे और उसे मारने की धमकियां लगातार मिल रही थीं, इसलिए उसे सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराए गए थे। जिस वक्त उसे छह लोगों ने गोली मारी, उस वक्त भी सुरक्षाकर्मी वहां मौजूद थे।

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमलावर किस कदर सुरक्षा-व्यवस्था से बेखौफ थे। इससे पहले शिवसेना टकसाली के सुधीर सूरी को जब गोली मारी गई, तो उससे पहले खुलेआम धमकियां दी जाती रही थीं, मगर पुलिस ने उसकी सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए, जिसका नतीजा उसकी मौत के रूप में सामने आया।

सरकारों की साख राज्य की कानून-व्यवस्था के बल पर बनती है। मगर पंजाब की नई आम आदमी पार्टी सरकार इस मामले में पूरी तरह विफल नजर आ रही है। आखिर क्या वजह है कि उसके आते ही अपराधी एकदम से बेखौफ हो गए और दिन-दहाड़े हत्या करने में भी संकोच नहीं कर रहे। सरकार दावा करती है कि वह दोषियों को पकड़ने में सफल रही है, मगर केवल इस दावे से उसके अच्छे प्रशासन का पता नहीं चलता।

अच्छी कानून-व्यवस्था तो उसे कहते हैं, जिसमें अपराधी अपराध करने से पहले बार-बार सोचें। फिर क्या वजह है कि वर्षों पहले जो अलगाववाद वहां दब गया था, वह एकदम से कैसे उभरने लगा! पंजाब लंबे वक्त तक अलगाववाद की आग में जल चुका है, वहां अमन कायम करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी है। क्या सरकार की लापरवाही की वजह से वही वातावरण फिर से बनता नहीं दिख रहा। कैसे वहां की खुफिया एजेंसी उन लोगों की टोह लेने में विफल साबित हो रही है, जो राज्य में फिर से अशांति का वातावरण बनाना चाहते हैं।

ऐसी घटनाओं को लेकर फिर से सवाल उठने लगे हैं कि क्या वास्तव में आम आदमी पार्टी खालिस्तान समर्थकों के प्रति नरम रुख रखती है। जिस वक्त पंजाब में विधानसभा के चुनाव हो रहे थे, उस वक्त अरविंद केजरीवाल पर सार्वजनिक मंच से आरोप लगाया गया था कि वे खालिस्तान समर्थकों के प्रति उदार रुख अपनाते हैं। पूछा जा सकता है कि क्या वजह है कि वहां आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद ही खालिस्तान समर्थक दहशतगर्द एकदम से सक्रिय हो उठे।

भगवंत मान सरकार को समझना चाहिए कि अगर इस मामले में थोड़ा भी लचीला या ढीला-ढाला रुख रखती है, तो उसके नतीजे पूरा पंजाब ही नहीं, देश को भुगतने पड़ सकते हैं। ताजा घटना में फेसबुक पर लिख कर कनाडा में रह रहे गोल्डी बरार ने जिम्मेदारी ली है। क्या पंजाब की सुरक्षा एजंसियों के लिए यह पता लगाना इतना कठिन है कि पंजाब में बरार से जुड़े लोग कहां सक्रिय हैं।

# पराली जलने को लेकर राज्य सरकारों की सामूहिक विफलता

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने उठाए सवाल

राज्य सरकारें इससे परिचित थीं कि अक्टूबर शुरू होते ही किसान पराली जलाना शुरू कर देंगे लेकिन उन्होंने ऐसे कोई जतन नहीं किए जिससे इसकी नौबत न आए। परिणाम यह हुआ कि दीवाली बाद दिल्ली-एनसीआर के साथ ही उत्तर भारत के बड़े हिस्से का पर्यावरण विषाक्त होना शुरू हो गया।


राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली जलने के लिए किसानों को दोष देने के बजाय जिस तरह यहां की राज्य सरकारों को जिम्मेदार बताया, वह एक बड़ी हद तक सही है। किसान इसीलिए पराली जला रहे हैं, क्योंकि राज्य ऐसे कोई प्रबंध नहीं कर सके, जिससे वे ऐसा करने से बचते। राज्य सरकारें इससे परिचित थीं कि सदैव की तरह इस वर्ष भी अक्टूबर शुरू होते ही किसान पराली जलाना शुरू कर देंगे, लेकिन उन्होंने ऐसे कोई जतन नहीं किए जिससे इसकी नौबत न आए।

परिणाम यह हुआ कि दीवाली बाद दिल्ली-एनसीआर के साथ ही उत्तर भारत के एक बड़े हिस्से का पर्यावरण विषाक्त होना शुरू हो गया। चिंताजनक यह है कि पराली अब भी जल रही है। भले ही पराली दहन विषैले पर्यावरण के लिए एक मात्र वजह न हो, लेकिन इतना तो है ही कि इस मौसम में पराली दहन से उपजा धुआं वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण बनता है।

अभी यह जानना कठिन है कि मानवाधिकार आयोग की ओर से पराली जलने के लिए दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश को उत्तरदायी ठहराए जाने के बाद इन राज्यों की सरकारें पराली दहन को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएंगी या नहीं, क्योंकि बीते वर्षों में यही देखने को मिला है कि जैसे ही पराली जलना बंद होती है, राज्य सरकारें यह कहकर कर्तव्य की इतिश्री कर लेती हैं कि ऐसे प्रबंध किए जाएंगे कि अगले वर्ष पराली न जले। न जाने कब से यही सुनने को मिल रहा है, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला है।

इस मामले में सबसे निराशाजनक रवैया पंजाब सरकार का है। अन्य राज्यों ने तो तब भी पराली दहन पर एक सीमा तक रोक लगाई, लेकिन पंजाब पूरी तरह नाकाम रहा। इस नाकामी की एक बड़ी वजह उसकी शिथिलता रही और दूसरी, किसानों का रवैया। उन्होंने यह जानते हुए भी पराली जलाई कि इससे पर्यावरण विषाक्त होने के साथ लोगों की सेहत के लिए खतरा पैदा होता है। मानवाधिकार आयोग की ओर से किसानों को क्लीनचिट दिए जाने के बाद खतरा इसका है कि कहीं वे यह न मान बैठें कि उनकी ओर से कुछ गलत नहीं किया जा रहा है।

उचित यह होगा कि राज्य सरकारें जहां ऐसी व्यवस्था करें कि किसान खेतों में पराली जलाने के लिए विवश न हों, वहीं उन किसानों पर लगाम भी लगाएं, जो वैकल्पिक उपाय आजमाने के बजाय जानबूझकर पराली जलाते हैं। पराली जलने के मामले में मानवाधिकार आयोग की सक्रियता उचित है, क्योंकि वायु प्रदूषण लोगों की जान का दुश्मन बन रहा है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पराली जलना और उसके चलते पर्यावरण विषाक्त होना सरकारों की सामूहिक विफलता है। इस विफलता के मूल में उनका खानापूरी वाला रवैया है।



# इंजीनियरिंग छात्र छात्रा की मौत का कौन जिम्मेदार ?



मनोज कुमार अग्रवाल

गाजियाबाद में दो दिन के अंतराल पर इंजीनियरिंग के एक छात्र और एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हाइराइज इमारतों से गिरकर मौत हुई है। ये दोनों छात्र छात्रा अगल बगल की बिल्डिंग में स्थित एबीएस (आइ टी) और एबीएस (ई सी) कालेजों के इंजीनियरिंग सेकंड ईअर में पढ़ रहे थे। ये दोनों कालेज बराबर आजू बाजू में स्थित है। एक नवंबर को 12वीं मंजिल से गिरकर बीटेक छात्रा साक्षी की मौत का हादसा हुआ। जबकि इस घटना के ठीक दो दिन बाद एक मल्टी स्टोरी सोसाइटी बिल्डिंग की उन्नीसवीं मंजिल से गिरकर हार्दिक नाम के एक छात्र की मौत हो गई ।ये दोनों हादसे जिस तरह से सामने आएं हैं और दोनों ही मामलों में कोई भी सुसाइड नोट मैसेज या मोबाइल परिचितों से कोई चैट में कोई आत्महत्या का भाव नहीं मिला है जिससे यह दोनों मामलों की तह में कोई बड़ी साजिशन हत्या अथवा ब्लेकमेलिंग कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने की आशंका प्रबल होती है। लेकिन पुलिस की ढीली जांच मामले के खुलासे में अभी नाकाम बनी है।

यहां बता दें कि साक्षी की मौत को आत्महत्या का मामला मान लिया गया हालांकि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला जबकि हार्दिक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई और मामला दर्ज कराया गया है। एक ही स्टेटस व समरूप कालेजों के एक ही क्लास स्टेटस वाले छात्र छात्रा की एक ही तरीके से मल्टी स्टोरी सोसाइटी की बिल्डिंग से गिरकर मौत कई तरह की आशंकाओं को जन्म दे रही है लगता है कि यह दोनों मौत किसी गहरी साजिश का परिणाम है और या तो किसी एक ही व्यक्ति या गिरोह ने दोनों बच्चों को अपने जाल में फंसा कर सुसाइड के लिए मजबूर किया है या दोनों की हत्या की गई है।

यह भी चर्चा है कि यह बच्चे किसी स्टाक इंवेस्टमेंट जैसे कार्य से जुड़े हुए थे। और इन्होंने मौत से पहले दोस्तों से यूपीआइ एप के जरिए कुछ पैसे उधार मांगे थे। जाहिर है कि एक ही स्टेटस व क्लास के छात्र छात्रा की एक ही ढंग से मात्र 48 घंटे के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में इमारतों से गिरकर मौत सामान्य क्रम में घटित हादसा न होकर कोई बड़ी साजिश का संकेत देता है।

गाजियाबाद में एक नवंबर को 12वीं मंजिल से गिरकर बीटेक छात्रा साक्षी की मौत के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पता चला है कि कोई व्यक्ति उसको ब्लैकमेल कर रहा था। अब तक उससे करीब पौने दो लाख रुपए वसूल चुका था। ये ब्लैकमेल करने वाला कौन था, क्यों ब्लैकमेल कर रहा था, इस बारे में अभी कोई जानकारी हासिल नहीं हुई है। फिलहाल साक्षी के पिता ने खुदकुशी के लिए उकसाने का एक मुकदमा थाना विजयनगर में दर्ज कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार गाजियाबाद की गौर ग्लोबल विलेज सोसाइटी में एक नवंबर को साक्षी की 12वीं मंजिल से गिरकर मौत हुई थी।

विजयनगर थाना क्षेत्र के क्रॉसिंग रिपब्लिक एरिया में गौर ग्लोबल विलेज हाउसिंग सोसाइटी है। यहां 12वीं मंजिल पर बैंक एंप्लॉय राजू केलपिया परिवार सहित रहते हैं। एक नवंबर की शाम करीब 4 बजे राजू की बेटी साक्षी (20 साल) की 12वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। घटना के वक्त साक्षी के माता-पिता सो रहे थे। भाई-बहन लैपटॉप पर ऑफिस वर्क कर रहे थे। पुलिस और परिजन इस जांच में जुटे हुए थे कि ये हादसा है या आत्महत्या। साक्षी गाजियाबाद के प्रतिष्ठित एबीएस आईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक सेकंड ईयर की छात्रा थी।

साक्षी के पिता राजू केलपिया के अनुसार इस हादसे से कई दिन बाद उन्होंने अपना मोबाइल देखा तो खाते से कुछ रकम निकलने के मैसेज पड़े हुए थे। इधर, साक्षी के सहपाठी घर पर शोक सांत्वना प्रकट करने के लिए आए। सहपाठियों ने भी ये बताया कि साक्षी ने 31 अक्टूबर और एक नवंबर को यूपीआइ के जरिए कुछ छात्रों से रुपए मांगे थे। सहपाठियों के इस बयान के बाद साक्षी का परिवार बैंक पहुंचा। साक्षी और राजू केलपिया के बैंक खाते की डिटेल्स निकलवाई गई। पता चला कि दोनों खातों से पिछले कुछ दिनों में 1 लाख 75 हजार रुपए निकाले गए हैं।

साक्षी के पिता राजू केलपिया का कहना है कि कोई उनकी बेटी को प्रताड़ित और ब्लैकमेल कर रहा था। इस वजह से वो उसको लगातार रुपए दे रही थी। इस हादसे में कोई गहरी साजिश है। साक्षी का मोबाइल पुलिस के पास है। पुलिस को उसकी फोरेंसिक लैब से जांच करानी चाहिए और केस का वर्कआउट करके दोषी को सजा देनी चाहिए।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशु जैन के अनुसार पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही हैं। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। केस को रजिस्टर किया गया है। मोबाइल डिटेल और बैंक खातों की जांच हो रही है। एक पुलिस टीम लड़की के दोस्तों से जानकारी हासिल कर रही है द्य

साक्षी सुसाइड केस के ठीक दो दिन बाद यानी 3 नवंबर को ठीक ऐसा ही एक और हादसा गाजियाबाद में हुआ। विजयनगर थाना क्षेत्र के सिद्धार्थ विहार स्थित अपेक्स द क्रेमलिन सोसाइटी में 19वीं मंजिल से गिरकर बीटेक स्टूडेंट हार्दिक (19 साल) की मौत हो गई। वो प्रताप विहार का रहने वाला था और सोसाइटी के रजिस्टर में एंट्री करते वक्त उसने कोई मीटिंग होने की बात कही थी।

हार्दिक का बैग किसी दूसरी मंजिल पर मिला था और छलांग उसने 19वीं मंजिल से लगाई थी। पिता के मुताबिक, आज तक ये पता नहीं चल सका कि हार्दिक इस सोसाइटी में किससे मिलने के लिए आया था। ऐसे में आशंका है कि उसको किसी ने बुलाकर धोखे से मारकर हादसे का रूप दिया है। सोसाइटी गेट पर हार्दिक की बाकायदा एन्ट्री दर्ज मिली है लेकिन वह अधूरी जानकारी देती है उसमें फ्लेट नंबर व फ्लोर दर्ज नहीं है। संभव है कि कोई बड़ी साजिश के तहत छात्र को वहां बुलाया गया हो।

दरअसल इन दिनों राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में साइबर ठगी करने वाले अपराधियों के कई गिरोह सक्रिय हैं और वह अनेक तरीकों से अपने जाल में फंसा कर लोगों के साथ ठगी कर रहे हैं। ऐसा भी संभव है कि इन दोनों छात्रों को किसी गिरोह ने फंसा कर उन्हें ब्लेक मेल कर सुसाइड के लिए मजबूर कर दिया है अथवा सोच समझकर प्लानिंग कर दोनों छात्रों की हत्या कर आत्महत्या का रूप दे दिया है ।पुलिस की धीमी रफ्तार की विवेचना इन दोनों मौत के पीछे छिपे षडयंत्र का कब कितना खुलासा कर पाएंगे कुछ कहना मुश्किल है ।मामलों की जांच एसआईटी को सौंप कर मामलों का खुलासा किया जाना चाहिए लेकिन पुलिस प्रशासन को मासूम छात्रों की मौत पर संवेदनशीलता नदारद है।

दो होनहार इंजीनियरिंग छात्र की इस तरह दर्दनाक व बिल्डिंग की ऊंची मंज़िलों से गिरकर मौत एक गंभीर हादसा है। प्रदेश को इन दोनों मौतों की गहराई से जांच कर दोषी लोगों को सामने लाना चाहिए। ताकि ब्लेक मेलिंग व अन्य तरीके से मासूम छात्रों की जान से खिलवाड़ करने वाले समाज कंटक सामने आ सके और कोई अन्य इस तरह के अपराधियों का शिकार न बने।

# आओ दयालुता का भाव अपनाने का संकल्प करें

वैश्विक स्तरपर भारत आदि अनादि काल से ही भारत एक दयालुता मेहर मेहरबानी परोपकारी पारदर्शिता हितकारी इत्यादि अनेक अद्वितीय मानवीय सिद्धांतों के भावों वाला देश रहा है, जहां आध्यात्मिकता हर भारतीय के डीएनए में समाया हुआ है।

इसलिए हम कह सकते हैं कि न केवल हर भारतीय के दिल में दयालुता का भाव गहराइयों तक समाया हुआ है, बल्कि भारत माता की मिट्टी में ही दयालुता के बीजों का भंडार है, जो इस धरती पर जन्म लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में दयालुता रूपी बीज के रूप में बो जाता है जो मानवीय आयु के बढ़ने के साथ-साथ यह दयालुता रूपी वृक्ष भी बड़ा होते जाते अपनी जड़ें मजबूत करते जाता है।

हालांकि इसके कुछ अपवाद भी हैं हो सकते हैं। चूंकि 13 नवंबर 2022 को हम विश्व दयालुता दिवस मना रहे हैं, इसलिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मैं उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से हम चर्चा करेंगे आओ दयालुता का भाव अपनाने का संकल्प करें। साथियों बात अगर हम दयालुता की करें तो, हर साल 13 नवंबर को विश्व दयालुता दिवस मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य फोकस प्रत्येक व्यक्ति को सबसे महत्वपूर्ण और अद्वितीय मानव सिद्धांतों में से एक दयालुता को प्रतिबिंबित करने और उसके अनुसरण का अवसर प्रदान करना है। यह दिन दयालुता के छोटे कार्यों को बढ़ावा देने और फिर लोगों को एक साथ लाने में भी मदद करता है ।इसी तरह, दयालुता दिवस पर सभी को एक समान घोषणा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अपने स्थानीय समुदाय को किताबें, भोजन या कपड़े दान करना जश्न मनाने का एक शानदार तरीका है।

यह एकता का दिन है, हालाँकि यह आंदोलन आधिकारिक तौर पर किसी राजनीतिक या धार्मिक आंदोलन से संबद्ध नहीं है, लेकिन अब 28 से अधिक राष्ट्र विश्व दयालुता दिवस में भाग लेते हैं। आंदोलन उम्मीद कर रहा है कि निकट भविष्य में किसी समय संयुक्त राष्ट्र द्वारा आधिकारिक अवकाश बनने के लिए दिन चुना जाएगा। साथियों इस दिन का एकमात्र उद्देश्य सकारात्मक शक्ति और दयालुता के सामान्य धागे पर ध्यान केंद्रित करने वाले समुदाय में अच्छे कार्यों को उजागर करना है जो हमें बांधता है। यह सीखने, सिखाने और दूसरों के साथ अपनी दया साझा करने का दिन है।

# पंजाब में हिंदू नेता की हत्या आतंकवादी कार्रवाई

अवधेश कुमार

पंजाब के अमृतसर में हिंदू नेता की दिनदहाड़े सुरक्षाकर्मियों और उनके समर्थकों के समक्ष हत्या से पूरे देश में छो पैदा हुआ है। हिंदू नेता व शिवसेना टकसाली के अध्यक्ष सुधीर सुरी के शरीर में दनादन गोलियां उस समय उतारी गई जब वे मजीठा रोड के कश्मीर एवेन्यू स्थित गोपाल मंदिर के बाहर खंडित मूर्तियां पाए जाने के विरोध में धरना दे रहे थे। स्वाभाविक ही धरना में उनके साथ और भी लोग थे। सुधीर सूरी को वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी। उनके सुरक्षा में 15 सुरक्षाकर्मी तथा एक पायलट जिप्सी था। इनमें से 12 उनके साथ से। धरनास्थल पर भी पुलिसकर्मी तैनात थे क्योंकि वहां की सुरक्षा की व्यवस्था स्थानीय पुलिस की थी। इन सबके बावजूद हत्यारा संदीप सिंह सन्नी कार से पहुंच कर पिस्टल से 5 गोलियां चलाने में सफल हो गया। निस्संदेह, यह आतंकवादी घटना है। वह गिरफ्तार हो चुका है लेकिन यह पुलिस के लिए कीर्तिमान नहीं है। वह सरेआम सुरक्षाकर्मियों और लोगों के सामने गोली मारने आया था तो उसे अहसास रहा होगा कि मारा भी जा सकता है और अगर नहीं मारा गया तो गिरफ्तार होना ही है। जो व्यक्ति मरने या गिरफ्तार होने की मानसिकता से हत्या करने आया हो उसकी गिरफ्तारी पुलिस की सफलता नहीं मानी जा सकती। आतंकवादी इसी मानसिकता में वारदात करते हैं। अलगाववादी तत्व पंजाब में भय का ऐसा माहौल बनाना चाहते हैं जिससे कोई खालिस्तान के विचारों का विरोध करने का साहस न करे। पंजाब में भगवंत मान सरकार आने के बाद सरेआम खालिस्तान समर्थकों ने सड़कों पर खालिस्तान के पक्ष में नारे लगाए हैं और उनके जुलूसों को पुलिस की सुरक्षा मिली है। सुधीर सूरी के विचारों से असहमति रखना अलग बात है लेकिन इसके लिए किसी की हत्या हो जाए और वह भी जानते हुए कि उनकी जान को खतरा है तो यह पूरी सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह है। सुधीर सूरी ने खालिस्तान समर्थकों का विरोध करते हुए 6 वर्ष पहले यह बोल दिया था कि अगर वे एक हिंदू को मारेंगे तो वह उनके 10 गिराएंगे। वे गिरफ्तार भी हुए थे और जमानत पर छूट कर बाहर निकले। हत्यारा स्थानीय दुकानदार है। जरा सोचिए ,पुलिस के सामने गोली चलाने का साहस करना पंजाब की कानून और व्यवस्था को लेकर कितना बड़ा प्रमाण पत्र है? यह इस बात का भी प्रमाण है कि खालिस्तानी तत्वों ने किस तरह दुस्साहस वाले आतंकवादी पैदा कर दिए हैं। संदीप की कार पर खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की तस्वीर लगी हुई है। अमृतपाल जरनैल सिंह भिंडरावाले और खालिस्तान समर्थक है। कार से एक सूची बरामद हुई है जिसमें कुछ नाम लिखे हैं। कुछ कागजों पर हिंदू नेताओं, पादरियों की तस्वीरें भी है। इनमें से कुछ हिंदू नेताओं की तस्वीरों पर क्रॉस लगा था। मिली तस्वीरों में टीवी कलाकार भारती सिंह, मनीषा गुलाटी, मनजिंदर सिंह बिट्टा, राम रहीम और कुछ बंदी सिंहों की तस्वीरें हैं। कुल मिलाकर संदीप के आतंकवादी होने के ये पुख्ता प्रमाण हैं।

सुधीर सूरी के जीवन पर खतरे को लेकर पंजाब सुरक्षा के शीर्ष स्तर पर शायद ही किसी को संदेह रहा हो। वे आक्रामक होकर खालिस्तानी आतंकियों आईएसआई आदि के खिलाफ बोलते थे। उन्हें जान से मारने की धमकियां मिलती रहती थी। पिछले ही महीने दिवाली से पहले अमृतसर के कटरा अहलूवालिया में पंजाब एवं दिल्ली पुलिस ने कनाडा के आतंकवादी लखबीर सिंह लांडा के चार सहयोगियों को एक होटल से गिरफ्तार किया था। इन चारों ने बताया था कि उनके निशाने पर सुधीर सूरी थे।

## पालम का दादा देव मंदिर

पालम में श्री दादा देव मंदिर की स्थापना से जुड़ी कथा में कहा जाता है कि एक बार श्री दादा देव जी के पैतृक गांव में जब अकाल पड़ा तो गांव वालों ने कहीं और जाने का फैसला किया और अपने साथ उस शिला को भी लेकर चल दिये जिस पर श्री दादा देव जी ध्यान की मुद्रा में रहा करते थे। दादा देव महाराज का मंदिर नई दिल्ली के पालम में स्थित है। इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां आने के बाद सभी बिगड़े काम बनने लगते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस प्राचीन मंदिर में गुड की ढैया का प्रसाद चढ़ाया जाता है। इस मंदिर के प्रति आस्था रखने वालों में सिर्फ दिल्ली ही नहीं समूचे उत्तर भारत के लोग हैं। यहां लगने वाला पारम्परिक मेला भी काफी प्रसिद्ध है। हाल ही में इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया। मंदिर लगभग साढ़े आठ एकड़ भूमि में फैला हुआ है। इस मंदिर में श्री दादा देव के साथ ही सभी प्रमुख देवी देवताओं के मंदिर हैं। यहां नवग्रहों और शनि देवता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा भी की जा चुकी है। श्री दादा देव जी के बारे में मान्यता है कि वह विक्रमी संवत 838 (781 इसवीं) में राजस्थान के एक छोटे से गांव टोडा रॉय सिंह जिला टोंक में अवतरित हुए थे। वह गांव में एक शिला पर सदा ही ध्यानस्थ मुद्रा में बैठे रहते थे। कहा जाता है कि उनके इस तप से प्रसन्न होकर स्वयं भगवान ने उन्हें देव शक्ति प्रदान की थी। तभी से वह लोगों का कल्याण करने लगे। बाद में वह उसी शिला पर ध्यानस्थ मुद्रा में ही पार्थिव शरीर छोड़कर ब्रह्मलीन हो गए। लेकिन गांव के लोग उसी शिला को उनका स्वरूप मानकर पूजते रहे जिससे उनका कल्याण होता रहा। पालम में श्री दादा देव मंदिर की स्थापना से जुड़ी कथा में कहा जाता है कि एक बार श्री दादा देव जी के पैतृक गांव में जब अकाल पड़ा तो गांव वालों ने कहीं और जाने का फैसला किया और अपने साथ उस शिला को भी लेकर चल दिये जिस पर श्री दादा देव जी ध्यान की मुद्रा में रहा करते थे।

# समझनी होगी बेशकीमती पानी की महत्ता



योगेश कुमार गोयल

पिछले सप्ताह देश में जल सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसमें जल संरक्षण, जल के उपयोग एवं जल स्रोतों को संरक्षित करने के विषय पर चर्चा के लिए विभिन्न देशों के दो हजार से भी ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए।

जल सप्ताह के दौरान जल शोधन तथा जल को बचाने के लिए गंभीरता से चर्चा हुई। ग्रेटर नोएडा में जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित भारत जल सप्ताह का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का कहना था कि आने वाली पीढ़ियों को बेहतर और सुरक्षित कल देने में सक्षम होने का एकमात्र तरीका जल संरक्षण ही है। हालांकि ऐसा नहीं है कि पानी की कमी को लेकर व्याप्त संकट अकेले भारत की ही समस्या है बल्कि जल संकट अब दुनिया के लगभग सभी देशों की विकट समस्या बन चुका है।

राष्ट्रपति का भी कहना था कि पानी का मुद्दा केवल भारत के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक है। इस अवसर पर केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का कहना था कि देश में जनसंख्या और जल की उपलब्धता में विषमता पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। देश में आज कई इलाके ऐसे हैं, जो जल संकट की भयावह स्थिति से गुजर रहे हैं। इसके अलावा कुछ राज्यों के बीच बरसों से पनप रहे जल विवाद भी समस्या को विकराल बनाते रहे हैं। इसीलिए उपराष्ट्रपति ने भारत जल सप्ताह के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्यों के बीच जल विवाद से कोई लाभ नहीं होगा और उन्हें जल विवादों से बचना चाहिए तथा इनका हल निकालना चाहिए। देश में जल संकट को लेकर अब जिस प्रकार की स्थितियां निर्मित होने लगी हैं, ऐसे में देश में हर साल जल सप्ताह मनाने की नहीं बल्कि पूरे साल 'जल वर्ष' मनाने की सख्त दरकार है।

वर्ष 2018 में शिमला जैसे पर्वतीय क्षेत्र में भी पानी की कमी को लेकर हाहाकार मचा था और उसके अगले वर्ष चेन्नई में भी वैसी ही स्थिति देखी गई थी।

महाराष्ट्र हो या राजस्थान, बिहार हो या झारखण्ड या देश की राजधानी दिल्ली, प्रतिवर्ष अब विशेषकर गर्मी के मौसम में तो जगह-जगह से पानी को लेकर लोगों के बीच आपस में मारपीट या झगड़े-फसाद की खबरें सामने आती रही हैं।

ऐसे मामले जल संकट गहराने की समस्या को लेकर हमारी आंखें खोलने के लिए पर्याप्त थे किन्तु फिर भी इससे निपटने के लिए सामुदायिक तौर पर कोई गंभीर प्रयास होते नहीं दिख रहे। यही कारण है कि भारत में बहुत सारे शहर अब शिमला तथा चेन्नई जैसे हालातों से जूझने के कगार पर खड़े हैं। चिंताजनक स्थिति यह है कि दुनियाभर में पानी की कमी के कारण विभिन्न देशों में और भारत में तो विभिन्न राज्यों में ही जल संधियों पर संकट के बादल मंडराते रहे हैं। विभिन्न राज्यों के बीच पानी के बंटवारे के मामले में कई दशकों से गहरे मतभेद बरकरार हैं, जिस कारण राज्यों के आपसी संबंधों में तनातनी देखी जाती रही है। वर्तमान में भी जल वितरण का मामला अधर में लटका रहने से कुछ राज्यों में जलसंकट की स्थिति गंभीर बनी है।

अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि पृथ्वी का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी से लबालब तो है लेकिन धरती पर मौजूद पानी के विशाल स्रोत में से महज एक-डेढ़ फीसदी पानी ही ऐसा है, जिसका उपयोग पेयजल या दैनिक क्रियाकलापों के लिए किया जाना संभव है। 'इंटरनेशनल एटोमिक एनर्जी एजेंसी' का कहना है कि पृथ्वी पर उपलब्ध पानी की कुल मात्रा में से मात्र तीन प्रतिशत पानी ही स्वच्छ बचा है और उसमें से भी करीब दो प्रतिशत पानी पहाड़ों व ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा है जबकि शेष एक प्रतिशत पानी का उपयोग ही पेयजल, सिंचाई, कृषि तथा उद्योगों के लिए किया जाता है। बाकी पानी खारा होने अथवा अन्य कारणों की वजह से उपयोगी अथवा जीवनदायी नहीं है। पृथ्वी पर उपलब्ध पानी में से इस एक प्रतिशत पानी में से भी करीब 95 फीसदी पानी भूमिगत जल के रूप में पृथ्वी की निचली परतों में उपलब्ध है और बाकी पानी पृथ्वी पर सतही जल के रूप में तालाबों, झीलों, नदियों अथवा नहरों में तथा मिट्टी में नमी के रूप में उपलब्ध है। स्पष्ट है कि पानी की हमारी अधिकांश आवश्यकताओं की पूर्ति भूमिगत जल से ही होती है लेकिन इस भूमिगत जल की मात्रा भी इतनी नहीं है कि इससे लोगों की आवश्यकताएं पूरी हो सकें। वैसे भी जनसंख्या की रफ्तार तो लगातार बढ़ रही है किन्तु भूमिगत जलस्तर बढ़ने के बजाय घट रहा है, ऐसे में पानी की कमी का संकट तो गहराना ही है।

प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक में मैंने यह भी स्पष्ट किया है कि देश में जल संकट गहराते जाने का प्रमुख कारण भूमिगत जल का निरन्तर घटता स्तर ही है।

हालांकि सर्वविदित तथ्य यही है कि जल ही जीवन है और पानी के बिना धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती लेकिन जब हर जगह पानी का दुरूपयोग होते दिखता है तो बहुत अफसोस होता है।

पानी का अंधाधुध दोहन करने के साथ-साथ हमने नदी, तालाबों, झरनों इत्यादि अपने पारम्परिक जलस्रोतों को भी दूषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

इसी कारण वर्षा का पानी इन जलसोतों में समाने के बजाय बर्बाद हो जाता है। भारत ऐसा देश है, जिसकी गोद में कभी हजारों नदियां खेलती थी लेकिन आज इन हजारों नदियों में से सैकड़ों ही शेष बची हैं और वे भी अच्छी हालत में नहीं हैं। हर गांव-मौहल्ले में कुएं और तालाब हुआ करते थे, जो पूरी तरह गायब हो गए हैं। ऐसे में महत्वपूर्ण सवाल यही है कि पृथ्वी की सतह पर उपयोग में आने लायक पानी की मात्रा वैसे ही बहुत कम है और अगर भूमिगत जल स्तर भी निरन्तर गिर रहा है तो हमारी पानी की आवश्यकताएं कैसे पूरी होंगी? इसके लिए हमें वर्षा के पानी पर आश्रित रहना पड़ता है किन्तु वर्षा के पानी का भी सही तरीके से संग्रहण न हो पाने के कारण ही इस पानी का भी समुचित उपयोग नहीं हो पाता।

बहरहाल, केवल यह समझने से ही काम नहीं चलेगा कि वर्षा की एक-एक बूंद अनमोल है बल्कि इसे सहेजने के लिए भी देश के प्रत्येक व्यक्ति को संजीदा होना होगा। यदि हम वर्षा के पानी का संरक्षण किए जाने की ओर खास ध्यान दें तो व्यर्थ बहकर नदियों में जाने वाले पानी का संरक्षण करके उससे पानी की कमी की पूर्ति आसानी से की जा सकती है और इस प्रकार जल संकट से काफी हद तक निपटा जा सकता है। जल संकट आने वाले समय में बेहद विकराल समस्या बनकर न उभरे, इसके लिए हमें समय रहते पानी की महत्ता को समझना ही होगा और हमें लोगों को जल संरक्षण के प्रति ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने के लिए वर्षभर जल सप्ताह जैसे ही आयोजन करते रहने होंगे।

# डेंगू की रोकथाम के लिए एक्शन में योगी सरकार

## हर जिले में बनेंगे डेडिकेटेड हॉस्पिटल, घर-घर स्क्रीनिंग

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रहे डेंगू के मामलों के बीच शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच हाई लेवल मीटिंग हुई। इस दौरान सीएम योगी ने आदेश दिया है कि डेंगू की रोकथाम के लिए हर जिले मे डेडिकेटेड अस्पताल तय होंगे। वहीं घर-घर स्क्रीनिंग की जाएगी। गौरतलब है कि पिछले कुछ सप्ताह के बीच डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। सीएम ने बैठक में कहा कि इनकी बेहतर स्क्रीनिंग के लिए



सर्विलांस को बेहतर करने की आवश्यकता है।

बैठक में फैसला किया गया कि स्क्रीनिंग के लिए आशा बहनों का सहयोग लिया जाएगा। इसके अलावा सीएम ने आदेश दिया कि लक्षणयुक्त मरीजों की पहचान कराते हुए उनके समुचित इलाज की व्यवस्था कराई जाए। डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल की भांति डेडिकेटेड डेंगू अस्पताल एक्टिव किये जाएं। कम से कम हर जिले में एक ऐसा डेडिकेटेड अस्पताल जरूर शुरू हो जहां यहां चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता हो, जांच की सुविधा हो, उपचार की पर्याप्त व्यवस्था हो। इसे आइसीसीसी से भी जोड़ा जाना चाहिए।

इसके अलावा सीएम ने कहा है कि सभी मंत्री जनता के बीच रहें और सुनिश्चित करें कि हर जरूरतमंद मरीज को अस्पताल में बेड मिले। उसकी जांच हो और समय पर इलाज मिले। सीएम योगी ने कहा कि हमारे सभी मेडिकल कॉलेजों सहित जिला अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी व अन्य उच्च स्तरीय संस्थान साधन संपन्न हैं। इसका लाभ लोगों को मिलना चाहिए। स्वास्थ्य सेवा अथवा सुरक्षा में तैनात कार्मिकों से मरीजों के तीमारदारों के साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार बनाने की अपेक्षा है।

स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास, पंचायती राज और सूचना विभाग व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाएं। डेंगू के कारण, लक्षण, बचाव आदि के बारे में लोगों को सही जानकारी दी जाए।

अखबारों में जागरूकता परक विज्ञापन, दीवार पेंटिंग, पब्लिक एड्रेस सिस्टम आदि के माध्यम से इस बीमारी के कारण प्रभाव और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाए।

## हर जिले में हो डेंगू अस्पताल : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अधिकारियों को हर जिले में समर्पित डेंगू अस्पताल बनाने के निर्देश दिए। डेंगू और अन्य संचारी रोगों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा, डेंगू और अन्य संचारी रोगों के दुष्प्रभाव पिछले कुछ हफ्तों के दौरान बढ़े हैं। उनकी बेहतर जांच के लिए निगरानी में सुधार की आवश्यकता है। आदित्यनाथ ने अधिकारियों से आशा कार्यकर्ताओं की मदद लेने और घर-घर जाकर जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, मरीजों की पहचान करने के बाद उनके लिए उचित उपचार की व्यवस्था की जाए।

## शार्ट न्यूज

### प्रेमिका शादी के लिए बना रही थी दबाव, प्रेमी ने गला घोंटकर की हत्या

**गजरौला, अमरोहा।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक शख्स ने अपनी प्रेमिका की गला घोंटकर हत्या कर दी बाद में उसका सिर ईंट से कुद दिया। दोनों की फेसबुक के जरिए दोस्ती हुई थी। पुलिस ने शुक्रवार को इस मामले का खुलासा करते हुए आरोपी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि प्रेमिका शादी करने का दबाव बना रही थी। दरअसल नेशलन हाइवे के किनारे मछली मंडी में संचालित सिक्योरिटी एजेंसी के दफअतर में बुधवार को एक महिला की लाश मिली। जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गयी थी। पुलिस सिक्योरिटी एजेंसी के सुपरवाइजर सोमवीर और पास के ही पेंटर शहजाद से पूछताछ कर रही थी। वहीं शुक्रवार को पुलिस को सफलता मिल गई। पुलिस के मुताबिक जब शहजाद की फेसबुक आईडी ट्रैक की गई तो इसमें मृतक महिला के साथ बातचीत की चैटिंह मिली। एसपी आदित्य लांग्हे ने बताया कि महिला हैदराबाद के निजामाबाद जिले की रहने वाली है। मृतक की पहचान उजमा अब्दुल के तौर पर हुई है। फेसबुक के जरिए ही उजमा की पेंटर शहजाद से बातचीत शुरू हुई थी। एसपी ने बताया कि दोनों काफी समय से एक दूसरे को प्यार करते थे। शहजाद के बुलाने पर ही उजमा गजरौला थाना क्षेत्र आई थी। शहजाद से मिलने के बाद आठ नवबंर को उजमा शादी करने की जिद पर अड़ गयी। इस बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। जिसके बाद शहजाद ने दुपट्टे से गला घोंटकर महिला की हत्या कर दी। फिर पीछे की तरफ से दोनों हाथ बांधकर उसका सिर ईंट से कूच दिया था।

### मजाक में फैक्ट्री कर्मी के अंदर भर दी हवा, गैस भरते ही फूला शरीर, आंतें अंदर फटने से मौत

कानपुर। कानपुर में रनियां की एक फैक्टरी में दोस्तों ने मजाक-मजाक में एक युवक के मलद्वार से गैस भर दी। गैस भरते ही युवक का शरीर फूल गया और आंतें फटने से अस्तपाल में उसकी मौत हो गई। इस मामले में एक सहकर्मी को हिरासत में लिया गया है। नौबस्ता निवासी दयाशंकर दुबे रनियां स्थित केटीएल प्लास्टिक फैक्टरी में मशीन ऑपरेटर थे। साले करन ने बताया कि रोज की तरह गुरुवार सुबह पौने सात बजे वह घर से निकले थे। फैक्ट्री की बस से वह रनियां स्थित प्लांट पहुंचे। दोपहर में साथी कर्मचारी ने उनकी पत्नी नीलम को फोन किया। उनका ईएसआई कार्ड लेकर काकादेव स्थित एक कुलवंती हॉस्पिटल पहुंचने को कहा। घबराई नीलम कुछ देर में अस्पताल पहुंच गई, जहां उनके पति भर्ती थे। साले के अनुसार उसने साथी कर्मचारी से हालत खराब होने की वजह पूछी तो पता चला कि सहकर्मियों ने उनके मलद्वार से पेट में गैस भर दी थी। चंद सेकेंड में ही गैस से उनका शरीर फूल गया। देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में अधिक खून बहने से मौत की पुष्टि हुई।

### हत्या मामले में तीन को आजीवन कारावास

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में एक बालक के अपहरण और हत्या मामले में तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए प्रत्येक दोषी पर 55,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह जानकारी शनिवार को अभियोजन पक्ष के एक अधिकारी ने दी। सहायक सरकारी वकील राजीव मलिक ने कहा कि गांव के रामजी लाल मखानिया का 17 सितंबर, 2012 को पांच वर्षीय पुत्र कुनाल लापता हो गया था। मामले में 18 सितंबर को हीरापुर गांव के पास एक नहर में उसका शव बरामद हुआ। कुनाल के पिता ने नेतराम, होराम और चंद्रपाल के खिलाफ अपराध की शिकायत दर्ज कराई थी और तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश ने शुक्रवार को मौजूद सबूतों और कुछ ग्रामीणों की गवाही के आधार पर तीनों लोगों को दोषी ठहराया।

### 11,000 वॉट का करंट लगने से दो की मौत

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में शनिवार को खेत में टहलते समय दो युवकों की 11,000 वॉट का करंट लगने से मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गाजीपुर जनपद निवासी अजय पांडेय (27) अपने छोटे बेटे के छठिहार समारोह में शामिल होने सहतवातर थाना क्षेत्र के खानपुर गांव आए थे और शनिवार की सुबह आपने साले संदीप तिवारी (19) के साथ खेत में गये थे। अजय और संदीप खेत में टूट कर गिरे 11,000 वॉट के तार के संपर्क में आ गए और करंट लगने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सहतवार हल्दी मार्ग को जाम कर दिया जिसमें लगभग घंटे भर मार्ग रहा। पुलिस ने दोनों शवों को अपने अधीन लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मादक पदार्थो का कारोबार करने वाले 83 लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती परिक्षेत्र के तीनो जिलों बस्ती, सिद्धार्थनगर तथा संतकबीरनगर मे पुलिस द्वारा मादक पदार्थो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अबतक 83 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी है। पुलिस उपमहानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने यहां शनिवार को बताया है कि परिक्षेत्र के तीनो जिलों में मादक पदार्थो का कारोबार करने वालो के 83 कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी है। अभियान में बस्ती जिले मे 102 स्थानों पर दबिश दी गयी जिसमें 38 अभियोग पंजीकृत कर 38 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 4 हजार 3 सौ 75 लीटर अवैध शराब बरामदगी की गई। संतकबीरनगर में कुल 112 स्थानों पर दबिश दी गयी जिसमें 21 अभियोग पंजीकृत कर 21 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 157 लीटर अवैध शराब व 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है। सिद्धार्थनगर में 124 स्थानों पर दबिश दी गयी जिसमें 24 अभियोग पंजीकृत कर 24 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जिसमें 191 लीटर अवैध शराब बरामद की की गयी है।

### बिजनौर में बच्चे पर गुलदार ने किया हमला

बिजनौर। बिजनौर के नगीना में परिवार के साथ खेत में गए 10 वर्षीय बच्चे पर गुलदार ने जानलेवा हमला कर दिया। परिजनों ने बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसकी गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। पूरा मामला बिजनौर के नगीना थाना क्षेत्र के कुतुबपुर का है। यहां के रहने वाले डालचंद का पूरा परिवार आज खेत में गन्ना काटने गया हुआ था। डालचंद का छोटा पुत्र अमन वहां पर मौजूद था। अचानक खेत से निकल कर गुलदार ने अमन पर हमला बोल दिया और उसे खींचकर ले जाने लगा। अमन की चीख-पुकार सुनकर परिवार वालों ने शोर मचा दिया और बच्चे को बचाने के लिए उसकी तरफ दौड़ पड़े और गुलदार से अमन को छुड़ाया। लेकिन तब तक अमन बुरी तरह जख्मी हो गया था। परिजन तत्काल अमन को नगीना हॉस्पिटल लेकर गए, लेकिन अमन की हालत को गंभीर देखते हुए नगीना सीएचसी के डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इस मामले में डीएफओ अनिल पटेल का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। अभी वह मामले को दिखवा रहे हैं।

### मेरठ में लव ट्रायंगल में युवक की हत्या

मेरठ। मेरठ में लव ट्रायंगल में 20 साल के एक युवक की हत्या कर दी गई। इसके बाद उसका शव कब्रिस्तान में छिपा दिया। शनिवार को एक चौकीदार के वहां से गुजरने पर बदबू आई। उसने कब्रिस्तान में एक लाश के पैर बाहर निकले देखे। चौकीदार ने इसकी सूचना पुलिस को दी। शिनाख्त के बाद युवक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। परिजनों से पूछताछ और जांच के बाद पुलिस ने दो हत्यारोपी गिरफ्तार कर लिए हैं। एक की तलाश अभी जारी है। एसपी देहात केशव कुमार के मुताबिक, जानी थाना क्षेत्र में एक चौकीदार मुस्तकीम गांव में बने श्मशान के पास से अपने खेतों पर जा रहा था। तभी उसे बदबू आई, तो उसने जब श्मशान में जाकर देखा। वहां दो पैर जमीन से कुछ बाहर दिखाई दिए। उसने इस बारे में सबसे पहले ग्रामीणों को बताया। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कंट्रोल रूम पर डेड बॉडी मिलने की सूचना सभी थाना क्षेत्रों को दी। जानी थाना प्रभारी मय फोर्स के मौके पर पहुंचे।

# उत्तर प्रदेश में 11 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 11 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। यह जानकारी शनिवार को सरकारी प्रवक्ता ने दी।

बाराबंकी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनुराग वत्स को केंद्रीय गृह मंत्रालय में प्रतिनियुक्त किया गया है, जबकि एसपी रेलवे प्रयागराज सिद्धार्थ शंकर मीणा को उन्नाव का एसपी नियुक्त किया गया है। एसपी निगरानी प्रतिष्ठान ओम वीर सिंह को गाजीपुर में एसपी बनाया गया है। कौशांबी के एसपी हेमराज मीणा को मुरादाबाद का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बनाया गया है।

कानपुर कमिश्नरेट के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त बृजेश कुमार श्रीवास्तव का एसपी कौशांबी के रूप में तबादला किया गया है।

उत्तराखंड में हाल ही में मुरादाबाद पुलिस की एक टीम और एक अपराधी के बीच कथित गोलीबारी के दौरान एक महिला की मौत के बाद चर्चा में आए मुरादाबाद के एसएसपी हेमंत कुटियाल को प्रतीक्षा सूची में डाल दिया गया है और उन्हें डीजीपी मुख्यालय से जोड़ा गया है।

## बस्ती के बभनान चीनी मिल में शुरू होगी 27 नवंबर से पेराई

बस्ती। उत्तर प्रदेश मे बस्ती जिले के बभनान चीनी मिल मे गन्ना पेराई सत्र 27 नवंबर से शुरू होगा जिसकी तैयारी तेजी से चल रही है। जिला गन्ना अधिकारी मन्जू सिंह ने शनिवार को बताया है कि नए संयंत्र का परिक्षण 13-16 नवंबर तक किया जाएगा और गन्ना पेराई सत्र 27 नवम्बर से शुरू होगा। मौजूदा पेराई सत्र में 130 करोड़ रुपये की लागत से नया संयंत्र लगाया गया है जिसमें प्रतिदिन एक करोड़ 30 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई होगी। नया प्लांट लगाने का काम अंतिम दौर में चल रहा है समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

# आगरा में दर्दनाक हादसा, तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, तीन लोगों की मौके पर ही मौत

**आगरा।** आगरा फतेहाबाद मार्ग पर पलिया गाँव के पास तेज गति कार सड़क किनारे खडे पेड से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि दो गम्भीर घायल हो गए। हादसे के शिकार फिरोजाबाद के निवासी है जो आगरा में अपने दोस्त से मिलने के लिए जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक जवी पुत्र नहीम मुल्ला निवासी जाटवपुरी फिरोजाबाद अपने दोस्त से मिलने के लिए होडा अमेज कार से फतेहाबाद होते हुए आगरा जा रहे थे। तभी बीती रात पौने बारह बजे फतेहाबाद आगरा मार्ग पर पलिया गाँव के पास सी एन जी पैट्रोल पम्प के



सामने तेज गति से आ रही कार सडक किनारे खडे यूकेलिप्टस के पेड से टकराई। तेज धमाके की आवाज सुनकर पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो सहित गाँव के लोग मौके पर पहुचे। 112 पर पुलिस को सूचना दी सूचना पर प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद आलोक कुमार व पुलिस टीम मौके पर पहुची। गाडी में जाकर देखा तो ओवैस पुत्र नहीम निवासी जाटवपुरी फिरोजाबाद ने बताया कि चालक सहित पीछे बैठे दो लोग जिनके नाम इमरान पुत्र अरशद अली व नासिर पुत्र शहाबुद्दीन व जवीं पुत्र नहीम मुल्ला की मौत हो चकी है। जो गम्भीर घायल है वह बकास है। तीनो शवो को पोस्टमार्डम के लिए आगरा भेजा गया। सभी के परिजनो को फोन द्वारा सूचना दी गई। जानकारी पर घरो में कोहराम मच गया। लोग देर रात्रि से हॉस्पीटल पहुच गए।

# रेलवे में कबाड़ का ठेका दिलाने के नाम पर 1.95 करोड़ की लगाई चपत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कबाड़ का ठेका दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। शहर के एक बड़े कारोबारी और बुलट एजेंसी के मालिक को रेलवे में कबाड़ का ठेका दिलाने के नाम पर 1 करोड़ 95 लाख रुपये की चपत लगा दी गई।

शातिर ठग ने एनसीआर के डॉयरेक्टर के नाम से फर्जी प्रमाण पत्र जारी कर पीड़ित को भेजा था। शुक्रवार को जार्जटाउन पुलिस ने कार्रवाई करते हुआ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।





वहीं जब इस बात की भनक अन्य लोगों को लगी तो जार्जटाउन थाने में भीड़ लग गई। कई लोगों का आरोपी पर पचास करोड़ रुपये की ठगी का आरोप लगाया।

कारोबारी ने बताया कि अजहर नाम के शख्स ने रेलवे में कबाड़ का ठेका दिलाने की बात कही थी। यहां तक कि उसने एनसीआर के डायरेक्टर के हस्ताक्षर और मुहर लगा एक कागज भी दिया।

इसके बाद ठेके के नाम पर 1 करोड़ 95 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिया। लेकिन जब कई महीनों बाद तक ठेका नहीं मिला तो कारोबारी ने अजहर से संपर्क किया। आरोप है कि पैसे हड़पने के बाद आरोपी अजहर व्यापारी को डराने-धमकाने लगा। इसके बाद शहर छोड़कर फरार हो गया। कारोबारी ने बाद में जार्जटाउन थाने में खुल्दाबाद निवासी अजहर अनीस और उसके साथियों के खिलाफ फर्जीवाडा का मुकदमा दर्ज कराया।

शुक्रवार को पुलिस को अजहर की लोकेशन मिली जिसके बाद पुलिस ने दबिश कर आरोपी को गिफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक अजहर रेलवे में कैंटीन चलाता था। उसे रेलवे कर्मचारियों के बारे में जानकारी थी। जिसके बाद उसने फर्जीवाड़ा किया।

# रायबरेली में ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई बस, एक की मौत

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली शहर के बछरांवा क्षेत्र में शुक्रवार देर रात करीब नौ बजे रोडवेज की अनुबंधित बस और ईंटो से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में भिड़ंत से एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि बस में सवार 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, हादसे में मरने वाले व्यक्ति का नाम उज्ज्वल मौर्य (20) पुत्र सुरेश मौर्य है जो जिला फतेहपुर के पत्थरकटा क्षेत्र के निवासी हैं, जबकि फतेहपुर के ही रहनेवाले सुरेंद्र, अल्पेश, और अजय तथा रायबरेली जिले के निवासी विनोद गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

इनके अलावा अनुराग सचिन, रजनीश, आर के सिंह समेत कई अन्य लोग भी इस हादसे में चोटिल हुए है।

# खीरी में ब्यूटी पार्लर संचालिका की हत्या का पर्दाफाश

## लूट के इरादे से की थी महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी में गुरुवार देर रात हुई बबली(32) पत्नी आफाक के हत्या का पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया। कोतवाली सदर के इंस्पेक्टर चंद शेखर ने बताया मृतका के घर फैजान निवासी महेवागंज फेशियल कराने गया था। आर्थिक तंगी से जूझ रहा फैजान की नजर उसके पहने हुए जेवर पर पड़ी। उसने महिला के जेवर लूट लिया। इस पर महिला ने कहा कि हमें जान से मार दो नहीं तो अंजाम बहुत बुरा होगा। हमने तुमको पहचान भी लिया है। तुम्हारी शिकायत पुलिस में करेंगे।

यह सुनते ही युवक आग बबूला हो गया। उसने पास में रखी हथौड़ी मारकर घायल कर दिया इसके बाद उसने तकिए से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। शुक्रवार की देर शाम कोतवाली पुलिस ने उसे महेवागंज पुल मोड़ से गिरफ्तार कर लिया और लूटे गए पैसे, मोबाइल, कान की बाली, नाक की नथनी को भी बरामद कर लिया है। बताया जाता है कि युवक ने 4 माह पूर्व प्रेम विवाह किया था। उसकी पत्नी देहरादून रह रही थी। कुछ दिन पूर्व ही उसकी पत्नी महेवागंज आई थी। आर्थिक तंगी से जूझ रहे युवक को कुछ जब दिखाई न पढ़ा तो उसने लूट की घटना को अंजाम दे डाला। इंस्पेक्टर कोतवाली ने बताया कि हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

# कार ने बाइक और मोपेड में मारी टक्कर : तीन लोग घायल

औरैया। औरैया में फफूंद-औरैया मार्ग पर बम्हौरी गांव के पास कार ने एक बाइक और मोपेड में टक्कर मार दी। जिससे मोपेड सवार दंपत्ति और बाइक चालक गंभीर घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें जिला अस्पताल भेजा, जहां हालत नाजुक होने पर दंपत्ति को सैफई रेफर कर दिया गया। शनिवार दोपहर बाद फफूंद के गांव बरौआ निवासी गोविंद कुशवाह अपनी पत्नी गिरजा देवी के साथ मोपेड से औरैया जा रहे थे। बम्होरी गांव के पास पहुंचते ही औरैया की ओर से आ रही कार ने उनकी मोपेड में टक्कर मार दी, जिससे दंपत्ति गंभीर घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना के बाद भागने के चक्कर में कार चालक ने एक बाइक में भी टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक जलहूपुर निवासी अमित घायल हो गये। मौका देख कर चालक कार छोड़कर भाग निकला। आस पास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने घायलों को उठाया और पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल भेजा गई, जहां से दंपत्ति को सैफई रेफर कर दिया गया। पुलिस कार को थाने ले गई।

# बैठक में अधिकारियों के खड़े न होने पर भड़के बीजेपी विधायक, कहा- शासन को कर देंगे लिखा-पढ़ी

उन्नाव। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में जिला पंचायत की ओर से विकास भवन में बैठक रखी गयी थी। इस दौरान जब पुरवा बीजेपी विधायक अनिल सिंह बैठक में शामिल होने आए तो मौजूद अधिकारी अपनी सीट से खड़े नहीं हुए ये देख बीजेपी विधायक नाराज हो गए और आते ही आते अधिकारियों को नसीहत दे डाली।

उन्नाव में शुक्रवार को जिला पंचायत की तरफ से विकास भवन में बैठक थी। इस बैठक में पुरवा विधानसभा के बीजेपी विधायक अनिल सिंह भी शामिल होने आए। जब विधायक आए तो मौजूद अधिकारी अपनी सीट पर बैठे रहे। ये देखते ही एमएलए अनिल सिंह नाराज हो गए और अधिकारियों को फटकारते हुए कहा कि प्रोटोकॉल का पालन न करना अच्छी बात नहीं है। आगे से ऐसा किया तो तो शासन को लिखा पढ़ी करेंगे।

विधायक के चेतवानी के बाद कुछ लोग कुर्सी से खड़े हो गए जबकी कुछ



लोग बैठे ही रहे। विधायक ने जब अपना संबोधन शुरू किया तो वो सीधे अधिकारियों की क्लास लगाने लगे। उन्होंने कहा कि हमें जनता ने चुनकर भेजा है। हम लोग शासन स्तर पर जाते हैं तो चीफ सेक्रेटरी भी खड़े हो जाते हैं। ये परंपरा बिलकुल नहीं चलेगी कि अधिकारी बड़ी कुर्सियों पर बैठे रहें और विधायक जमीन पर बैठे।

### विधायक का फोन आए तो तुरंत अधिकारी उठाए

दरअसल विकास भवन की इस बैठक में तीन कुर्सियां लगायी गई थीं। एक जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन देवी के लिए दूसरी सीडीओ दिव्यांशु पटेल और तीसर कुर्सी डीएम के लिए लगाई गयी थी। हालांकि डीएम के न आने के कारण कुर्सी खाली थी। विधायक ने कहा कि जनता ने हमें चुनकर भेजा है हम प्रतिनिधियों के प्रति जवाबदेह हैं। विधायक अनिल सिंह न अधिकारियों पर हमला करते हुए कहा कि जब भी विधायक का फोन आए अधिकारी उसे तुरंत उठाएं ना कि चपरासी। अक्सर देखा जाता है कि मीटिंग की जानकारी एक घंटे या एक दो दिन पहले दी जाती है।

मीटिंग छह महीने में हती है तो इसकी जानकारी पांच दिन पहले दी जाए। और क्या-क्या कार्य हुआ उसकी लिस्ट भी भेजी जाए।

# वाराणसी से गायब हुई 3 छात्राएं मथुरा में मिलीं

**वाराणसी।** वाराणसी में घर से कोचिंग के लिए निकली क्लास 10 वीं की तीन छात्राएं लापता हो गईं। पुलिस की तत्परता से तीनों को मथुरा से बरामद कर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि तीनों पढ़ाई और परीक्षा के तनाव के कारण घर छोड़ कर





वृंदावन जा रही थीं। तीनों को पुलिस वापस वाराणसी लेकर आ रही है। वाराणसी के भेलूपुर क्षेत्र के जवाहर नगर एक्सटेंशन की दो लड़कियां और सिगरा क्षेत्र के शास्त्री नगर की एक लड़की सामने घाट स्थित एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा-10 में पढ़ती हैं। तीनों आपस में अच्छी दोस्त हैं। इनमें से दो छात्राएं महमूरगंज में और एक दुर्गाकुंड क्षेत्र स्थित कोचिंग में पढ़ती हैं। तीनों शुक्रवार को अपने घर से कोचिंग के लिए निकलीं और फिर वापस नहीं लौटीं। रात होने के बाद भी तीनों का पता कहीं नहीं लगा तो उनके परिजन खोजबीन करना शुरू किए। पता लगा कि तीनों अपने कोचिंग नहीं गई थीं और आखिरी बार उन्हें रवींद्रपुरी इलाके में देखा गया था। तीनों का पता कहीं नहीं लगा तो उनके परिजन भेलूपुर थाने पहुंचे। परिजनों ने तीनों की गुमशुदगी दर्ज कराई तो पुलिस ने उनकी खोजबीन शुरू की। सर्विलांस की मदद से तीनों के मोबाइल की लोकेशन मथुरा में मिली। इस पर वाराणसी कमिश्नरेट की पुलिस ने मथुरा की पुलिस से संपर्क किया और तीनों लड़कियों को वहां के कोतवाली थाने ले जाया गया। पुलिस ने तीनों लड़कियों के परिजनों को बताया कि उनकी बच्चियां सुरक्षित हैं। इसके बाद वाराणसी के भेलूपुर थाने की पुलिस की टीम मथुरा रवाना की गई। पुलिस आयुक्त ए. सतीश गणेश ने बताया कि तीनों बच्चियां पढ़ाई और परीक्षा के तनाव में थी। इसी वजह से वह घर छोड़ कर वह वृंदावन जा रही थीं। तीनों बच्चियां सुरक्षित हैं और पुलिस उनकी देखरेख कर रही है। तीनों को वापस लाकर उन्हें उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# महिला कांस्टेबल के लव-टांयगल में दरोगा ने खाया था जहर

## फजलगंज थाना प्रभारी तीन दिन से दबाए हैं मामला, कांस्टेबल 10 दिन की छुट्टी लेकर भागी

कानपुर। कानपुर आउटर में सस्पेंड चल रहे एक दरोगा ने महिला कांस्टेबल के लव ट्रायंगल के चलते जहर खाया था।

गंभीर हालत में दरोगा का इलाज एक निजी अस्पताल के आईसीयू में चल रहा है। दरोगा आउटर में तैनात था और पूरा कांड कानपुर कमिश्नरेट में हुआ।

आउटर और कमिश्नरेट की सीमा विवाद में मामला फंस गया है। अफसर भले ही पूरे मामले को दबाए हुए हैं, लेकिन महकमे में दरोगा, कांस्टेबल और एक अन्य पुलिस अफसर के लव ट्रायंगल की चर्चा जोरों पर है।

### नशे में धुत होकर महिला कांस्टेबल से मिलने पहुंचा था दरोगा

कानपुर आउटर के बिधनू थाने में तैनात दरोगा अनूप सिंह एक मामले में



सस्पेंड चल रहे थे। बिधनू से पूर्व फजलगंज थाने में तैनाती के दौरान एक महिला कांस्टेबल से दरोगा अनूप की नजदीकी बढ़ गई थी। लेकिन थाना क्षेत्र बदलते ही महिला कांस्टेबल ने दूरी बढ़ा ली।

फजलगंज थाने में तैनात एक दूसरे पुलिस कर्मी को दिल दे बैठी। इधर दोनों की नजदीकियों की चर्चा थाने में आम हो गई। उधर अनूप ने दूरी बढ़ाने और फोन नहीं उठाने पर दोनों का विवाद हो गया।

इसी बात से आहत और महिला कांस्टेबल के फोन नहीं उठने पर झल्लाए अनूप 10 नवंबर को नशे में धुत होकर सीधे फजलगंज थाने पहुंचे। महिला कांस्टेबल के बारे में जानकारी ली। इसके बाद महिला कांस्टेबल थाने के पास जहां किराए पर रहती हैं वहां पर पहुंचे। लेकिन महिला कांस्टेबल सामने नहीं आई।

### मेडिकल स्टोर संचालक ने नहीं दिया था जहरीली दवा

फजलगंज पुलिस ने दरोगा के जहर खाने के बाद अपने स्तर पर जांच की तो पता चला कि अनूप थाने से जाने के बाद सीधे महिला कांस्टेबल के रूम पर पहुंचे थे। यहां पर भी महिला कांस्टेबल अनूप से नहीं मिली।

इससे आहत दरोगा फजलगंज थाने के पास ही मौजूद एक सरदार की दुकान से अनाज में रखने वाले जहरीले पदार्थ की मांग की, लेकिन मेडिकल स्टोर संचालक ने हालत देखते हुए देने से इनकार कर दिया। जबकि दरोगा ने दबाव बनाते हुए कहा था कि उन्हें घर के खराब हो रहे गेहूं में रखना है। इन सभी बातों की पुष्टि फजलगंज थाने की जांच में हुई है।

### फजलगंज थाना प्रभारी ने पूरे मामले को दबाए रखा

आपको जानकर हैरत होगी कि पूरे मामले को तीन दिन बीत गए लेकिन फजलगंज थाना प्रभारी देवेंद्र दुबे पूरे मामले को दबाए रहे।

एसीपी, एडीसीपी और डीसीपी को इससे संबंधित कोई जानकारी नहीं दी। जबकि उन्हें पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।

इतना ही नहीं महिला दरोगा को दस दिन की छुट्टी के लिए संस्तुति करके एसीपी को भेज दिया और एसीपी संतोष सिंह ने बीमारी के नाम पर छुट्टी एप्रूव कर दी। इसके बाद से महिला कांस्टेबल थाने से नदारद है।

## शार्ट न्यूज

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने गृह ऋण ब्याज दर 0.25 प्रतिशत घटायी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने गृह ऋण की ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। इसके अलावा बैंक प्रोसेसिंग शुल्क भी माफ कर रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने शनिवार को एक बयान में कहा कि बैंक ने गृह ऋण की ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की छूट देने का फैसला किया है, जिससे यह 8.25 प्रतिशत हो गयी है। यह विशेष दर 31 दिसंबर, 2022 तक उपलब्ध है। बैंक के अनुसार, यह उद्योग में सबसे कम और सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी गृह ऋण ब्याज दरों में से एक है।

### पेट्रोल - डीजल की कीमतें यथावत

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई करीब ढाई प्रतिशत की तेजी के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में शनिवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर टिके रहे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड सप्ताहांत पर 95.99 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 2.76 प्रतिशत की तेजी लेकर 88.86 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में पांच महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### अरबिंदो फार्मा का शुद्ध लाभ 41 प्रतिशत गिरकर 409 करोड़ रुपये रहा

नयी दिल्ली । दवा कंपनी अरबिंदो फार्मा ने शनिवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ 41 प्रतिशत घटकर 409 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने कहा कि पिछले साल की समान तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 697 करोड़ रुपये रहा था। जुलाई-सितंबर 2022 की तिमाही में कंपनी की परिचालन आय भी घटकर 5,739 करोड़ रुपये पर आ गई जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 5,942 करोड़ रुपये रही थी। कंपनी के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक के नित्यानंद रेड्डी ने कहा कि वृहद-आर्थिक कारकों और अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्द्धा बढ़ने से दूसरी तिमाही में कंपनी का प्रदर्शन थोड़ा नरम रहा है श

### राइट्स लिमिटेड का शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 140 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की परिवहन परामर्श एवं इंजीनियरिंग कंपनी राइट्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ 19.6 प्रतिशत बढ़कर 140.20 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में उसका कर-पश्चात लाभ 174.49 करोड़ रुपये रहा था। जुलाई-सितंबर 2022 की तिमाही में राइट्स लिमिटेड की आय गिरकर 684.30 करोड़ रुपये रह गई जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 788.85 करोड़ रुपये रही थी। मिनी-रत्न का दर्जा प्राप्त कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक राहुल मितल ने कहा कि यह नतीजा विविधीकृत कारोबार पोर्टफोलियो रखने और कंपनी की ताकत को दर्शाता है।

### विदेशी मुद्रा में 1.1 अरब डॉलर की गिरावट

मुंबई । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का विदेशी मुद्रा भंडार 4 नवंबर को समाप्त हुए सप्ताह में 1.1 अरब डॉलर घटकर 529.99 अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक द्वारा जारी ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में यह गिरावट मुख्य रूप से आरबीआई के स्वर्ण भंडार में कमी की वजह से आई, जो 70.5 करोड़ डॉलर फिसलकर 37.06 अरब डॉलर रह गया। 4 नवंबर को समाप्त सप्ताह में आरबीआई की विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 12 करोड़ डॉलर की मामूली गिरावट दर्ज हुई और यह घटकर 470.73 अरब डॉलर रह गई। पिछले सप्ताह रुपया डॉलर के मुकाबले काफी हद तक स्थिर रहा, जिससे रुपये में 0.04 प्रतिशत की मजबूती आई। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से आरबीआई के विदेशी मुद्रा भंडार में तेजी से कमी आई है। इसकी कुछ वजह केंद्रीय बैंक द्वारा विनिमय दर का उतार-चढ़ाव कम करने की कोशिश भी रही। 25 फरवरी को विदेशी मुद्रा भंडार 631.53 अरब डॉलर था। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने सितंबर में कहा था कि चालू वित्त वर्ष के दौरान भंडार में 67 प्रतिशत की गिरावट डॉलर के मजबूत होने के कारण पुनर्मूल्यांकन की वजह से आई है। आरबीआई के अक्टूबर 2022 के बुलेटिन के मुताबिक, 532.9 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार मौजूदा वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 8.7 महीने के आयात के लिए है।

### ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल जल्द

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा है कि वह जल्द ही ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल शुरू करेगा। इसके माध्यम से लोग आरटीआई (सूचना का अधिकार) ऐक्ट के तहत आवेदन कर सकेंगे। इस समय शीर्ष न्यायालय से सूचनाएं लेने के लिए भौतिक रूप से आरटीआई आवेदन करना होता है। सूचना का अधिकार आवेदनों और पहली अपीलों को ई-फाइल करने के लिए उच्चतम न्यायालय के लिए ऑनलाइन पोर्टल बनाने की व्यवस्था की मांग की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने यह कहा। मुख्य न्याधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि संबंधित व्यवस्था बनाने की प्रक्रिया चल रही है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ और हिमा कोहली के पीठ ने कहा, 'पोर्टल पूरी तरह तैयार है। अब इसे किसी समय पेश किया जा सकता है। हम उच्च न्यायालयों में भी इस व्यवस्था पर जोर देंगे।'आम लोगों को सहूलियत मिल सके यही मकसद है। इस मामले में याची की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण बहस कर रहे थे।

### गैर जीवन बीमा प्रीमियम में 15.5 फीसदी की बढ़ोतरी

मुंबई। सितंबर महीने में निराशाजनक वृद्धि के बाद गैर जीवन बीमा उद्योग ने अक्टूबर में वापसी की है। उद्योग का प्रीमियम पिछले साल के समान महीने की तुलना में 15.51 प्रतिशत बढ़ा है। जनरल इंश्योरेंस में प्रीमियम में बेहतर वृद्धि से यह संभव हुआ है। जनरल इंश्योरेंस काउंसिल (जीआईसी) के आंकड़ों से पता चलता है कि अक्टूबर में गैर जीवन बीमा उद्योग ने 20,423.38 करोड़ रुपये प्रीमियम जुटाया है, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 15.51 प्रतिशत ज्यादा है। जनरल इंश्योरेंस कंपनियों ने पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 17.5 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की है और इनका कारोबार 18,390.86 करोड़ डॉलर का रहा है, वहीं सरकारी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों के शानदार प्रदर्शन से एकल स्वास्थ्य बीमा से आने वाले प्रीमियम में पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत वृद्धि हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र की 4 बीमा कंपनियों के प्रीमियम में सालाना आधार पर 22.46 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है, जबकि निजी क्षेत्र की बीमा कंपनियों का प्रीमियम 14.5 प्रतिशत बढ़ा है। निजी क्षेत्र की शीर्ष बीमा कंपनियों में आईसीआईसीआई लोंबार्ड को 2,047.12 करोड़ रुपये प्रीमियम मिला है, जो पिछले साल से 22.19 प्रतिशत ज्यादा है।

### चेन्नई मेट्रो से अलस्टॉम को 798 करोड़ रुपये का ठेका

चेन्नई। चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड (सीएमआरएल) ने आवागमन क्षेत्र की फ्रांस की दिग्गज कंपनी अलस्टॉम को मेट्रो के 78 उन्नत डिब्बों के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और चालू करने के लिए 798 करोड़ रुपये का ठेका दिया है। मेट्रो के ये नए डिब्बे 26 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर चलेंगे, जो दूसरे चरण का हिस्सा है। यह 28 स्टेशनों के माध्यम से पूनमल्ली बाईपास-लाइट हाउस को जोड़ेगा। इस अनुबंध के दायरे में कर्मचारियों के प्रशिक्षण के साथ-साथ 26 मेट्रो ट्रेनों का निर्माण शामिल है, जो 80 किमी प्रति घंटे की शीर्ष रफ्तार से दौड़ सकती है। बेहतरीन ऊर्जा दक्षता के लिए 25 किलोवॉट बिजली आपूर्ति के साथ अलस्टॉम की यह मेट्रो शहर के 1.1 से अधिक नागरिकों के लिए सुरक्षित और विश्वसनीय यात्री परिवहन सुनिश्चित करेगी।

# बेंगलुरू में भारत की सबसे बड़ी अगरबत्ती प्रदर्शिनी

बेंगलुरु। भारतीय अगरबत्ती उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रमुख संस्था अखिल भारतीय अगरबत्ती विनिर्माता संघ (एआईएएमए) तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय अगरबत्ती प्रदर्शनी और परिषद का 24 नवंबर से आयोजन कर रही है।

इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का विषय है 'पारंपरिक रूप से आधुनिक'। इस प्रदर्शनी को फ्रैग्रेंस एंड फ्लेवर्स असोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएएफएआई) मुंबई, फ्रैग्रेंस एंड फ्लेवर डेवलपमेंट सेंटर (एफएफडीसी) कन्नौज, इसेंशियल ऑइल्स असोसिएशन ऑफ इंडिया (ईओएआई) तथा अन्य का समर्थन प्राप्त है। विएतनाम, इंडोनेशिया, और कुछ यूरोपीय देशों से भी कुछ कंपनियों प्रदर्शनी में शामिल हो रही हैं। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में करीब 5000 से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है।

एआईएएमए के अध्यक्ष अर्जुन रंगा ने यहां यह जानकारी देते हुये कहा कि संघ द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार पिछले दो वर्षों में भारत और संपूर्ण विश्व में पूजा-अर्चना संबंधी उत्पादों, विशेषरूप से अगरबत्ती की मांग में काफी तेज़ी देखी गई है।

इस कार्यक्रम में उद्योग की ओर से सबसे बेहतरीन पेशकश प्रस्तुत की जाएगी और सीखने और नेटवर्किंग करने के विस्तृत अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस प्रदर्शनी और परिषद में नीति समर्थन, रोज़गार के अवसर, कच्चे माल की सोर्सिंग, ग्राहक व्यवहार से जुड़े ट्रेंड्स, और नए उत्पाद संबंधी नवाचारों जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

उन्होंने कहा, महामारी के बाद व्यवसाय में एक बार फिर से तेज़ी आ रही है और भविष्य बेहतर प्रतीत हो रहा है। हम संपूर्ण अगरबत्ती उद्योग से जुड़े समुदाय को एक साथ लाना चाहते हैं ताकि वे वर्तमान व्यापार वातावरण के साथ तेज़ी से चल सकें और भविष्य की रोमांचक संधियों का लाभ ले सकें। एआईएएमए ने अगरबत्ती निर्माताओं के लाभ के लिए आपूर्तिकर्ताओं द्वारा उनके उत्पादों का प्रदर्शन करती हुई एक प्रदर्शनी के साथ साथ इस उद्योग के प्रमुख हितधारकों के साथ सेमिनार आयोजित करने का फैसला लिया है।

करीब 1,20,000 वर्ग फूट क्षेत्र में फैली प्रदर्शनी में विशेष रूप से तैयार किए गए सेमिनार आयोजित होंगे जिसमें नए दौर की मार्केटिंग, कच्चे माल की सोर्सिंग, नए सुगंधों पर अनुसंधान, पैकेजिंग संबंधी विकास, महिला सक्षमीकरण और निर्यात संधियाँ जैसे अगरबत्ती उद्योग के विभिन्न पहलूओं को कवर किया जाएगा। उन्होंने कहा, हम एक ऐसा एरिना तैयार कर रहे हैं जहाँ महत्वपूर्ण तस्वीरों, अगरबत्ती के अनोखे नमूनों, पुरस्कारों और अन्य उचित कलाकृतियों जैसे प्रदर्शकों का उपयोग करते हुए अगरबत्ती के इतिहास और संघ के इतिहास से जुड़ी महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी।

डाक विभाग द्वारा अगरबत्तियों के लोकप्रिय प्रकारों का जश्न मनाते हुए तस्वीरों वाले पोस्टकार्ड के एक विशेष समूह का प्रकाशन किया जाएगा।

## अमेरिका में भारतीय कलाकार को लाइफटाईम अचीवमेंट पुरस्कार

**न्यूयॉर्क।** इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) ने प्रसिद्ध भारतीय अमेरिकी नागरिक (एनआरआई) ठाकुर चक्रपाणि सिंह को संगीत के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्म्मानित किया है। न्यूयॉर्क स्थित इंडियन कांसुलेट में इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कई हस्तियों की उपस्थिति में उन्हें लाइफटाईम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान कर उनका मान बढ़ाया गया।
ठाकुर चक्र पाणि सिंह को ये लाइफ टाइम अचीवमेंनट अवार्ड संगीत एंव कला के क्षेत्र अमेरिका के राजदूत एवं भारत के राजदूत इंडो-अमेरिकन चैम्बर ऑफ कॉमर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथों सम्मान प्रदान किया गया। इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के बैनर तले भारत और अमेरिका के राजदूत ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। श्री चक्र पाणि सिंह बिहार के दरभंगा जिला के खरारी स्टेट परिवार से है और विगत 11 वर्षों से अमेरिका मे ही रह रहे हैं। संगीत के क्षेत्र में उनका बहुत बड़ा नाम है। कश्यपी वीणा उनका पसंदीदा वाद्ययंत्र है, जिसके 36 तारों से इतना मधुर संगीत निकालते हैं कि सभी मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। अमेरिका ने उनकी इस अद्भुत कला की पहचान की और उन्हें सम्मान देते हुए अमेरिकी नागरिकता प्रदान की है।
इस मौके पर न्यूयॉर्क में भारत के कांसुलेट रणधीर जयसवाल ने कहा कि संगीत एंव कला के क्षेत्र मे भारत का गौरव बन पूरे विश्व पटल पर छाकर वह भारत का मान बढ़ा रहे हैं। श्री सिंह को अमेरिका के और कई महत्त्वपूर्ण अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है। यह बड़ी हर्ष की बात है कि भारतवर्ष के सपूत,बिहार का गौरव,दरभंगा जिला का लाल एंव खरारी गांव के सम्मान को विश्व पटल पर स्थापित किया है। आईएसीसी के अध्यक्ष कपिल कौल ने भारत के 42 प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि ठाकुर चक्रपाणि का सम्मान पूरे भारत का सम्मान है। विदेशी धरती पर उन्होंने भारतीय कला का परचम लहराया है।
इस अवसर पर भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत जस्टर कैनेथ ने कहा कि ठाकुर चक्रपाणि की संगीत कला में जो दक्षता है और इस क्षेत्र में उन्होंने जो ख्याति प्राप्त की है, वह अमेरिका के लिए भी गर्व की बात है, क्योंकि अब वह अमेरिकी नागरिक भी हैं।

### 3.1 फीसदी बढ़ा औद्योगिक सूचकांक

**नई दिल्ली।** विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन के कारण सितंबर में भारत का औद्योगिक उत्पादन पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3.1 फीसदी बढ़ा है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) सितंबर 2021 में 4.4 फीसदी बढ़ा था जबकि अगस्त 2022 में यह 0.7 फीसदी घट गया था। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आईआईपी आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन सितंबर, 2022 में 1.8 प्रतिशत बढ़ा। एक साल पहले की इसी अवधि में यह आंकड़ा 4.3 प्रतिशत था। समीक्षाधीन अवधि में खनन उत्पादन 4.6 फीसदी और बिजली उत्पादन 11.6 फीसदी बढ़ा। सितंबर में भारत के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में वृद्धि दर सुधरकर 3 महीने के उच्च स्तर 3.1 प्रतिशत पर पहुंच गई है। अगस्त में इसमें संकुचन आया था। खनन और बिजली का उत्पादन तेजी से बढ़ा है। वहीं वैश्विक मंदी और बढ़ी महंगाई की वजह से विनिर्माण क्षेत्र में सुस्ती रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक खनन, विनिर्माण और बिजली क्षेत्रों की वृद्धि दर क्रमश: 4.6 प्रतिशत, 1.8 प्रतिशत और 11.6 प्रतिशत रही है।

### तमिल भाषा में तकनीकी शिक्षा मुहैया कराए तमिलनाडु सरकारः अमित शाह

चेन्नई । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तमिलनाडु सरकार से तमिल में तकनीकी शिक्षा देने का अनुरोध करने के साथ ही इस दक्षिण भारतीय राज्य को केंद्र की तरफ से दिए गए वित्तीय समर्थन का भी उल्लेख किया। शाह ने यहां सीमेंट कंपनी द इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड के हीरक जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2025 तक पांच लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के विकास पर विशेष ध्यान दिया हुआ है और यहां पर रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देकर निवेश अवसर पैदा किए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में केंद्र ने तमिलनाडु को 1.15 लाख करोड़ रुपये का कर अंतरण भी किया है। इस अवसर पर उन्होंने राज्य सरकार से चिकित्सा एवं अन्य तकनीकी पाठ्यक्रमों की पढ़ाई तमिल भाषा में शुरू करने का अनुरोध भी किया। उन्होंने कहा, अगर तमिलनाडु सरकार चिकित्सा एवं अन्य तकनीकी शिक्षा को तमिल भाषा में देने की पहल करती है तो इसे इस भाषा के प्रोत्साहन की दिशा में बड़ा कदम माना जाएगा।

## सैमको म्यूचुअल फंड का विशिष्ट ईएलएसएस टैक्स सेवर फंड

इंदौर। सैमको म्यूचुअल फंड का विशिष्ट सैमको ईएलएसएस टैक्स सेवर फंड 15 नवंबर को खुलेगा और 16 दिसंबर 2022 को बंद होगा।

कंपनी का यह फंड मिड-कैप और स्मॉल-कैप बिजनेस का एक पोर्टफोलिया होगा। इस ईएलएसएस में अनिवार्य तौर पर तीन साल का लॉक-इन पीरियड होगा जो धन सृजन का एक शानदार माध्यम साबित हो सकता है। निवेशकों को मजबूत बुनियाद और भविष्य में धन सृजन की अत्यधिक संभावनाओं वाले बिजनेस में निवेश करने में मदद करने को लेकर सैमको ईएलएसएस टैक्स सेवर फंड हेक्साशील्ड फ्रेमवर्क का इस्तेमाल करता है। यह टेक्नोलॉजी पर आधारित एक प्रोपरायटरी रणनीति है जिसके जरिए निवेश करने योग्य उच्च गुणवत्ता वाले अच्छे शेयरों को चुना जाता है। फंड मैनेजमेंट टीम ऐसी निवेश योग्य कंपनियों का विश्लेषण करती है और पूंजी के आधार पर उच्च समायोजित रिटर्न देने में सक्षम ग्रोथ-ओरिएंटेड (वृद्धि उन्मुखी) बिजनेसेज का एक पोर्टफोलियो तैयार करती है।

कंपनी के फंड मैनेजर निराली भंसाली ने कहा, आप आज जिन लार्ज-कैप स्टॉक्स में निवेश करते हैं, वे अतीत में कभी मिड-कैप स्टॉक्स थे और मिड-कैप से लार्ज-कैप बनने की इस प्रक्रिया में निवेशकों ने काफी अधिक पैसे कमाए हैं। सैमको ईएलएसएस टैक्स सेवर फंड के साथ हम निवेशकों को सेक्शन 80सी के तहत लाभ प्राप्त करने और कम-से-कम तीन साल तक कुशलतापूर्वक तरीके से वृद्धि हासिल करने वाले मिड कैप और स्मॉल-कैप बिजनेस बनने का एक्सपोजर प्रदान करते हैं। इसके पीछे का आइडिया निवेशकों को बढ़िया सेक्टरर्स की मिड और स्मॉल-कैप कंपनियों में निवेश के जरिए भारत की विकास यात्रा का भागीदार बनाने का है। इसकी वजह ये है कि ये बिजनेसेज भविष्य में देश की प्रगति के वाहक सिद्ध हो सकते हैं और वे काफी अधिक ग्रोथ हासिल कर सकते हैं।

कंपनी के मध्य प्रदेश के जोनल प्रमुख सौमित्र भालेकर ने कहा, सैमको म्यूचुअल फंड खुदरा निवेशकों को सशक्त बनाना चाहता है और ऐसे समाधान पेश करना चाहता है जो उन्हें निवेश की यात्रा के दौरान स्मार्ट फैसले लेने में मदद करे। सक्रिय नवोन्मेषी उत्पाद क्यूरेट करने के सैमको के डीएनए के अनुरूप ईएलएसएस फंड मुख्य रूप से बहुत अधिक संभावनाओं वाले मिड एवं स्मॉलकैप कंपनियों में निवेश करेगा।

## भारत-अमेरिका का व्यापार वर्ष 2030 तक 600 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है : गोयल

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को भरोसा जताया कि भारत-अमेरिका के बीच वस्तुओं और सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2030 तक 500 से 600 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

भारत और अमेरिका के बीच मौजूदा समय में करीब 175 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार होता है।

यह पूछे जाने पर कि क्या भारत 14 सदस्यीय भारत-प्रशांत आर्थिक समृद्धि प्रारूप (आईपीईएफ) के व्यापार स्तंभ का हिस्सा बनेगा, गोयल ने कहा कि यह इस पर निर्भर करेगा कि बदले में भारत को क्या मिलेगा।



आईपीईएफ के तहत 13 सदस्य देश व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था जैसे सभी चार विषयों पर एक साथ हैं। लेकिन भारत ने अब तक व्यापार स्तंभ से बाहर रहने का विकल्प चुना हुआ है और अन्य तीन विषयों पर वह इस समूह में शामिल है। गोयल ने इस कार्यक्रम में कहा, भारत और अमेरिका के संबंध लगातार सुधर और मजबूत हो रहे हैं। आज हमारा लगभग 175 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार है। मेरा मानना कि आने वाले सात-आठ वर्षों में यह 500 से 600 अरब डॉलर का हो जाएगा जबकि हमारा वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात दो हजार अरब डॉलर का हो जाएगा।

गोयल ने अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की संभावना पर कहा कि अमेरिका किसी देश के साथ नया व्यापार समझौता नहीं चाहता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत को अपने दोस्त और भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रहा है।

## विशेषज्ञ भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनता हुआ देख रहेः मोदी

रामागुंडम (तेलंगाना)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेषज्ञों का हवाला देते हुए कहा है कि दुनिया के नाजुक दौर से गुजरने के बावजूद भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां पर रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) के उर्वरक संयंत्र का उद्घाटन किया जिसे 6,338 करोड़ रुपये की लागत से चालू किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने 990 करोड़ रुपये की बजट लागत से निर्मित भद्राचलम रोड से सत्तुपल्ली तक 54.1 किलोमीटर रेलवे लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन भी किया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि विशेषज्ञों के अनुसार वर्ष 1990 के बाद यानी पिछले तीन दशकों में देश ने जो विकास देखा है, वो पिछले आठ वर्षों के दौरान हुए बदलावों के कारण कुछ ही वर्षों में होगा।

उन्होंने कहा, पिछले दो-तीन साल से दुनिया कोरोना महामारी से लड़ रही है। दूसरी ओर संघर्ष हो रहे हैं, सैन्य कार्रवाइयां हो रही हैं और उसका असर देश और दुनिया पर भी पड़ रहा है।

मोदी ने कहा, इन विकट परिस्थितियों में भी दुनिया भर में एक और बात सुनने को मिल रही है। दुनिया भर के जानकारों का कहना है कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और उस दिशा में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में शासन, विचार प्रक्रिया और दृष्टिकोण में भी बदलाव आया है। चाहे वो बुनियादी ढांचा हो, सरकारी प्रक्रियाएं हों या व्यापार करने में आसानी हो.....ये सभी बदलाव भारत के आकांक्षी समाज को प्रेरित कर रहे हैं।

## बाजार में हल्के तेलों की आपूर्ति कम होने से तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

एजेंसी

नयी दिल्ली। जाड़े की मांग आने और आपूर्ति घटने से दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सरसों कारोबारी सूत्रों ने कहा कि विदेशों से आयात मांग होने की वजह से तिल तेल के भाव में पर्याप्त सुधार आया। किसानों ने पिछले साल अगस्त में सोयाबीन लगभग 10,000 रुपये क्विंटल के भाव पर बेचा था जो इस बार 5,500-5,600 रुपये क्विंटल के भाव पर बिक रहा है। हालांकि यह कीमत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अधिक ही है पर पिछले साल के भाव के मुकाबले कम है।

इस बार किसानों ने बीज भी महंगा खरीदा था। जिसकी वजह से किसान कम भाव में बिकवाली करने से बच रहे हैं। इस वजह से सरसों, मूंगफली और सोयाबीन तेल तिलहन कीमतों में सुधार आया। सोयाबीन तेल संयंत्र वालों की पाईपलाइन खाली होने से भी सोयाबीन तेल तिलहन कीमतों में सुधार है।

सूत्रों ने कहा कि खाद्यतेल मामलों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार को जोरदार प्रयास करने होंगे और इसके लिए सबसे अहम है कि खाद्यतेलों का वायदा कारोबार न खोला जाए। इससे केवल सट्टेबाजी को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 के अप्रैल-मई महीने में जब आयातित तेलों की भारी कमी हुई थी तो देशी तेल-तिलहनों की मदद से इस कमी को पूरा करने में सफलता मिली थी और उस वक्त खाद्य तेलों का वायदा कारोबार भी बंद था। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए भी देश में तेल तिलहन उत्पादन बढाने और एक समय आत्मनिर्भरता हासिल कर लेना बहुत जरूरी है। विदेशी बाजारों की गिरावट और तेजी से घरेलू तेल उद्योग, किसान और उपभोक्ता परेशान हैं।

सूत्रों ने कहा कि वर्ष 1991-92 में खाद्यतेलों का वायदा कारोबार नहीं होने पर भी खाद्यतेल मामले में देश लगभग आत्मनिर्भर था। इसके साथ ही तिलहनों के डी-आयल्ड केक (डीओसी) और तिलहन का निर्यात करके देश पर्याप्त मात्रा में विदेशी मुद्रा भी कमाता था। लेकिन आज देश की खाद्यतेल मामले में विदेशों पर निर्भरता बढ़ती जा रही है और भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च भी करना पड़ रहा है।

सूत्रों ने कहा कि तेल तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने से विदेशों पर हमारी निर्भरता घटेगी, देश के तेल प्रसंस्करण मिलों को फायदा होगा, लोगों को रोजगार मिलेंगे, सबसे बड़ी बात कि देश के बहुमूल्य विदेशीमुद्रा की भारी मात्रा में बचत होगी।

## मुद्रास्फीति के दो-छह प्रतिशत दायरे में बदलाव की जरूरत नहीं

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को कहा कि मुद्रास्फीति को छह प्रतिशत के ऊपरी संतोषजनक स्तर से नीचे रखने में विफल रहने के बावजूद इस सीमा में बदलाव करने की जरूरत नहीं है।

इसके साथ ही आरबीआई प्रमुख ने भरोसा जताया कि अक्टूबर में मुद्रास्फीति की दर सात प्रतिशत से कम रहेगी। मुद्रास्फीति इस साल जनवरी से ही आरबीआई के छह प्रतिशत के ऊपरी संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है।

आरबीआई अधिनियम में यह अनिवार्य है कि लगातार तीन तिमाहियों तक मुद्रास्फीति लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहने पर आरबीआई को सरकार को एक रिपोर्ट पेश करनी होती है।

इस रिपोर्ट में कीमतों में वृद्धि को रोकने के लिए उठाए जाने वाले उपचारात्मक कदमों के कारणों की व्याख्या करना और उन्हें विस्तार से बताना होता है।

दास ने यहां एचटी लीडरशिप समिट को संबोधित करते हुए कहा कि मुद्रास्फीति को दो से छह प्रतिशत के दायरे में रखने के लक्ष्य में बदलाव की आवश्यकता नहीं है क्योंकि छह प्रतिशत से अधिक की महंगाई दर आर्थिक वृद्धि पर असर डालने लगेगी।

सरकार ने आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) को मुद्रास्फीति दर दो से छह प्रतिशत के दायरे में रखने की जिम्मेदारी दी हुई है।

आरबीआई के आंतरिक शोध का हवाला देते हुए दास ने कहा कि भारत के लिए छह प्रतिशत से अधिक की मुद्रास्फीति दर आर्थिक वृद्धि के लिए हानिकारक होगी।

उन्होंने कहा कि इससे वित्तीय बचत और निवेश का माहौल प्रभावित होगा। साथ ही यदि मुद्रास्फीति लंबे समय तक छह प्रतिशत से ऊपर रहती है तो भारत अंतरराष्ट्रीय निवेशकों का विश्वास खो देगा।

उन्होंने कहा, हमें दो से छह प्रतिशत के दायरे को बदलने के बारे में नहीं सोचना चाहिए क्योंकि हम इसे पूरा नहीं कर पाए हैं। हम समय के साथ मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत तक नीचे लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

यह देखते हुए कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्याज दरों के दायरे के लक्ष्यों को बदलने पर बहस चल रही है, उन्होंने कहा कि इस बारे में अभी चर्चा शुरू करना जल्दबाजी होगी।

गौरतलब है कि सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई जबकि अगस्त में यह सात प्रतिशत पर थी। खाद्य और ऊर्जा उत्पादों की कीमतों में तेजी के कारण इसमें वृद्धि हुई थी।

दास ने अक्टूबर माह के लिए मुद्रास्फीति की दर में कमी आने की इस उम्मीद के लिए सरकार और आरबीआई द्वारा पिछले छह-सात महीनों में उठाये गए उपायों को जिम्मेदार बताया।

आरबीआई गवर्नर ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत के समग्र वृहद-आर्थिक बुनियादी पहलू मजबूत बने हुए हैं और आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं अच्छी दिख रही हैं।

उन्होंने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि अक्टूबर के लिए महंगाई दर के आंकड़े सात प्रतिशत से कम होंगे। मुद्रास्फीति चिंता का विषय है जिससे हम अब प्रभावी ढंग से निपट रहे हैं। अक्टूबर महीने के मुद्रास्फीति आंकड़े सोमवार को जारी होंगे।

उन्होंने कहा कि पिछले छह या सात महीनों में आरबीआई और सरकार दोनों ने ही मुद्रास्फीति को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

दास ने कहा कि आरबीआई ने अपनी ओर से ब्याज दरों में वृद्धि की है जबकि सरकार की तरफ से आपूर्ति पक्ष से जुड़े कई कदम उठाए गए हैं।

## कनाडा के पेंशन फंड ने पूरा किया एक्सप्रेसवे का अधिग्रहण

नई दिल्ली। कनाडा की पेंशन फंड सीडीपीक्यू द्वारा भारत की सड़कों में निवेश के लिए बने प्लेटफॉर्म मैपल हाइवेज ने कहा है कि उसने 6,267 करोड़ रुपये की ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (ईपीई) के अधिग्रहण का काम पूरा कर लिया है। यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में स्थित है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टोल ऑपरेट ट्रांसफर (टीओटी) परियोजना की यह खरीद सरकार की संपत्ति मुद्रीकरण योजना के तहत इस साल का सबसे बड़ा सौदा है। 135 किलोमीटर लंबी 6 लेन की एक्सप्रेस हाइवे 2018 से परिचालन में है। इसकी डिजाइन दिल्ली में वाणिज्यिक वाहनों से सड़क जाम खत्म करने के लिए तैयार की गई थी। यह सड़क एनसीआर के पूर्वी हिस्से में हरियाणा और उत्तर प्रदेश से होकर गुजरती है। मैपल हाइवेज और सीडीपीक्यू ने कहा कि वह दीर्घावधि शेयरधारिता मूल्य की पेशकश के अवसरों को तलाशती रहेंगी और जिन सड़कों पर अच्छी आवाजाही है, नकदी की अच्छी आवक है, लंबे आवासीय इलाके हैं, ऐसी सड़कों में निवेश करेंगी। पूरी दुनिया में बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश करने के मामले में सीडीपीक्यू दूसरा सबसे बड़ा संस्थागत निवेशक है, जिसकी बुनियादी ढांचा क्षेत्र में शुद्ध परिसंपत्ति 45 अरब कनाडाई डॉलर है। कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड की 30 सितंबर 2022 को समाप्त वित्त वर्ष 23 की दूसरी तिमाही में शुद्ध संपत्ति 529 अरब डॉलर हो गई है, जो इसके पहले की तिमाही की समाप्ति पर 523 अरब डॉलर थी।

## शार्ट न्यूज

### थापा ने चोट लगने के बाद एशियाई चैंपियनशिप में जीता रजत

अम्मान (जॉर्डन)। भारतीय मुक्केबाज शिवा थापा ने एएसबीसी एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2022 के फाइनल में रविवार को चोटग्रस्त होने के बाद रजत पदक से संतोष किया। थापा का सामना पुरुषों के 63.5 किग्रा लाइट वेल्टरवेट फाइनल में उज्बेकिस्तान के अब्दुल्लाएव से था, लेकिन बाउट के दूसरे दौर के शुरुआती क्षणों में थापा के घुटने पर चोट लगने के कारण रेफरी ने मुकाबला रोक दिया। तीसरी सीड थापा तेज-तर्रार शुरुआती दौर में 0-5 से हार गए थे और चोट लगने के समय बाउट में पीछे चल रहे थे। थापा ने दूसरे राउंड में कुछ मुक्के जमाए लेकिन कुछ देर बाद कैनवास पर गिर गए। रेफरी द्वारा गिनती किए जाने पर वह बिना किसी सहायता के उठने में सफल रहे लेकिन इस दौरान वह दर्द से कराहते रहे। डॉक्टर ने थापा का परीक्षण किया, जिसके बाद थापा लड़खड़ाते हुए रिंग से बाहर चले गए और रेफरी ने उज्बेक मुक्केबाज को विजेता घोषित कर दिया। रजत पदक जीतने वाले थापा चैंपियनशिप के 2022 संस्करण में भारत के सबसे सफल पुरुष मुक्केबाज हैं, जबकि इससे पहले गोविंद (48 किग्रा), सुमित (75 किग्रा), नरेंदर (92प्लस किग्रा) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) कांस्य पदक जीत चुके हैं। थापा इस जीत के साथ एशियाई चैंपियनशिप के भी सबसे सफल मुक्केबाज बन गए हैं। वह इस प्रतियोगिता में एक स्वर्ण (2013), तीन रजत (2017, 2021, 2022) और दो कांस्य पदक (2015, 2019) जीत चुके हैं। थापा ने इस चांदी के तमगे के साथ ओलंपिक मेडलिस्ट और दो बार के विश्व मेडलिस्ट, कजाकस्तान के वासिली लेविट को पीछे छोड़ दिया, जो पांच एशियाई चैंपियनशिप पदक जीतने वाले एकमात्र अन्य पुरुष मुक्केबाज़ थे।

### नेपाल के क्लब को थ्री नेशन्स कप का खिताब




नयी दिल्ली। नेपाल के सीएमजी क्लब संकटा ने दिल्ली के संडे फुटबाल क्लब को 4-0 से हराकर शनिवार को पहले थ्री नेशन्स कप का खिताब जीत लिया। अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए फाइनल में नेपाल के लिये बिकर्ण श्रेष्ठा और जुमानू राय ने दो-दो गोल जमाए, जबकि दिल्ली के दिग्गज क्लब का कोई खिलाड़ी बॉल को नेट तक नहीं पहुंचा सका। तीन देशों के टूर्नामेंट में बंगलादेश का क्लब तीसरे स्थान पर रहा। बंगलादेश को शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में नेपाल (4-0) और दिल्ली (2-1) दोनों के हाथों शिकस्त मिली थी। जुमनू को टूर्नामेंट का श्रेष्ठ खिलाड़ी आंका गया, जबकि दिल्ली के संदीप नाग को श्रेष्ठ गोलकीपर का सम्मान मिला। फुटबॉल दिल्ली के पदाधिकारियों ने आयोजन समिति के सदस्यों सलीम, असलम एवं टीम की सराहना की और विजेताओं को पुरस्कार बांटे।

### पिछले चार मैचों की लय को फाइनल में जारी रखेंगे

मेलबर्न। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म ने टी20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड का सामना करने से पहले शनिवार को कहा कि उनकी टीम ने आखिरी चार मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया और वह फाइनल में भी इसी लय के साथ जाना चाहेंगे। बाबर ने मैच से पहले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने पहले दो मैच हारे लेकिन उसके बाद हमने जिस तरह आखिरी चार मैचों में वापसी की वह सराहनीय प्रदर्शन था। हमने इस दौरान अच्छा क्रिकेट खेला है और हम इस लय को फाइनल में भी जारी रखने का प्रयास करेंगे। टी20 विश्व कप 2022 का फाइनल पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को भारतीय समयानुसार दोपहर 01:30 बजे खेला जाएगा। पाकिस्तान ने जब भारत के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में अपना पिछला मुकाबला खेला था, तब 90,000 से ज्यादा क्रिकेट प्रेमी यह द्वंद देखने के लिये स्टेडियम पहुंचे थे। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए सेमीफाइनल में भी करीब 36,000 लोगों ने हाज़िरी दी थी। बाबर ने कहा कि पूरे ऑस्ट्रेलिया में मौजूद प्रशंसकों से मिलने वाला समर्थन उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिये संबल देता है। बाबर ने कहा, वे हमें आत्मविश्वास देते हैं और हम जहां भी, जिस स्टेडियम में भी जाते हैं, उन्हें पाकिस्तान टीम का समर्थन करते हुए देखना बहुत अच्छा एहसास होता है। हम मैच जीतने और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने के लिये अपना 100 प्रतिशत देने का प्रयास करते हैं। बाबर को विश्वास है कि उनकी टीम रविवार को टी20 विश्व चैंपियन का खिताब जीतेगी, हालांकि वह इंग्लैंड की क्षमताओं से भी पूरी तरह अवगत हैं। बाबर ने कहा, इंग्लैंड एक अच्छी टीम है और उनके पास अच्छे खिलाड़ी हैं। हमें अपनी योजनाओं पर अमल करने के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### फाइनल से पहले बटलर ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों की तारीफ की

मेलबर्न। इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टी20 विश्व कप के फाइनल से पहले शनिवार को कहा कि क्रिकेट की दुनिया को अच्छे गेंदबाज देना पाकिस्तान का इतिहास रहा है और वर्तमान टीम भी अलग नहीं है। बटलर ने मैच से पहले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, वे एक शानदार टीम हैं और दुनिया को बेहतरीन तेज गेंदबाज देना उनका इतिहास रहा है। जिस टीम के खिलाफ हम (रविवार को) खेल रहे हैं, वह अलग नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि जिन खिलाड़ियों के खिलाफ हम उतरेंगे उनमें से कुछ अपने करियर के अंत तक पाकिस्तान के अब तक के श्रेष्ठम गेंदबाजों में गिने जाएंगे और यह उनके विश्व कप फाइनल में पहुंचने का एक बड़ा कारण है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी अब तक टी20 विश्व कप 2022 में 10 विकेट ले चुके हैं, जबकि नसीम शाह, हारिस राऊफ और मोहम्मद वसीम ने भी पाकिस्तान को फाइनल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बटलर ने कहा कि वह बचपन में विश्व कप ट्रॉफी उठाने का मौका पाने का सपना देखा करते थे और उन्हें कप्तान के रूप में अपने पहले आईसीसी टूर्नामेंट में उस सपने को साकार करने का मौका मिला है। बटलर ने इस साल की शुरुआत में ही पूर्व कप्तान ऑयन मॉर्गन से पदभार संभाला था।

### दूसरा टी20 विश्व कप जीतने के लिये इंग्लैंड, पाकिस्तान के सामने आखिरी पड़ाव

मेलबर्न। पहला मैच कोहली ने छीन लिया, दूसरे मैच में जिम्बाब्वे को पार नहीं कर सके। पाकिस्तान के लिये टी20 विश्व कप 2022 की शुरुआत एक बुरे सपने की तरह हुई थी लेकिन इस सपने के बाद उनकी आंखें खुल गईं और बाबर आज़म की टीम ने फ़ाइनल के रास्ते में आई हर रुकावट को सफलतापूर्वक पार कर लिया। अब पाकिस्तान और टी20 विश्व कप ट्रॉफी के बीच सिर्फ इंग्लैंड है, जो खुद भी अपना दूसरा टी20 विश्व कप जीतने की तत्परता के साथ रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में पाकिस्तान का सामना करेगी। पूरे टूर्नामेंट में जहां पाकिस्तान की गेंदबाजी उनका मजबूत पक्ष रही है, यह कहना गलत नहीं होगा कि फख़्र ज़मान की जगह टीम में आए मोहम्मद हारिस ने उनकी बल्लेबाजी को गति प्रदान की है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना टी20 विश्व कप पदार्पण करते हुए 21 वर्षीय हारिस ने सिर्फ 11 गेंदों पर 28 रन बनाकर टीम के अन्य साथियों को दिखा दिया कि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में किस तरह बल्लेबाजी की जाती है। बाबर आज़म और मोहम्मद रिज़्वान की सलामी जोड़ी जहां पाकिस्तान को एक मजबूत शुरुआत देने की क्षमता रखती है, वहीं हारिस, इफ्तिखार अहमद और शादाब खान की विस्फोटक बल्लेबाजी टीम को बड़े स्कोर की ओर ले जाने के लिये जिम्मेदार होगी।

# बटलर ने सूर्यकुमार को चुना अपना प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

**एजेंसी**

मेलबर्न। इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने सूर्यकुमार यादव को टी20 विश्व कप 2022 का प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना है।

बटलर ने आईसीसी के साथ बातचीत में शनिवार को कहा, मेरे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट सूर्यकुमार यादव होंगे।

उन्होंने पूरी स्वतंत्रता के साथ यह टूर्नामेंट खेला है। सितारों से सजी (भारतीय) टीम में उन्होंने सबको आकर्षित किया है। वह जिस तरह से उभरे हैं, वह शानदार है।

टी20 विश्व कप का फाइनल पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच रविवार को खेला जाएगा। भारतीय टीम सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हारकर शीर्ष आयोजन से बाहर हो गई है, लेकिन सूर्यकुमार टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ, 189.68 के स्ट्राइक रेट के साथ 239 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

बटलर ने हालांकि यह भी कहा कि उनकी टीम के हरफनमौला सैम करेन और एलेक्स हेल्स अगर फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो वे दोनों भी इस पुरस्कार के दावेदार होंगे।

बटलर ने कहा, बेशक इस सूची में हमारे कुछ लोग भी हैं।

सैम करेन और एलेक्स हेल्स अगर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हैं तो वे मेरे लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट हो सकते हैं। दूसरी ओर, पाकिस्तान के अगुवा बाबर आज़म ने बिना किसी झिझक के अपनी टीम के उपकप्तान शादाब खान को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का हकदार बताया। बाबर ने कहा, मेरे अनुसार जिस तरह शादाब खान खेले हैं, यह पुरस्कार उन्हें मिलना चाहिये।




एक तरफ जहां उनकी गेंदबाजी बेहतरीन रही है, उनकी बल्लेबाजी में भी काफी सुधार हुआ है। पिछले तीन मैचों में उनका प्रदर्शन और उनकी शानदार फील्डिंग उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने का प्रबल दावेदार बनाती है। आईसीसी द्वारा प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए नौ खिलाड़ियों की सूची बनाई गई है। इस सूची में इंग्लैंड टीम से बटलर, हेल्स और करेन हैं, जबकि पाकिस्तान से शादाब और शाहीन अफरीदी का नाम सूची में शामिल किया गया है। विराट कोहली और सूर्यकुमार इस सूची के दो भारतीय खिलाड़ी हैं, जबकि श्रीलंका से वानिंदू हसरंगा और जिम्बाब्वे से सिकंदर रजा को भी नौ खिलाड़ियों में जगह दी गई है। विजेता का फैसला आईसीसी के मतदान मंडल और प्रशंसकों के वोट के आधार पर किया जाएगा।

## एशियाई चैंपियनशिप : 10 मीटर एयर राइफल में भारतीय लड़कियों का क्लीन स्वीप




डेगू (कोरिया)। भारतीय निशानेबाजों ने 15वीं एशियाई एयरगन चैंपियनशिप में शनिवार को महिलाओं की 10 मीटर यूथ एयर राइफल प्रतियोगिता में तीनों पदक हासिल करके क्लीन स्वीप किया।

भारत की युक्ति राजेंद्रन ने फाइनल में अपनी हमवतन गौतमी भनोत को 16-14 से हराकर सोने का तमगा हासिल किया। गौतमी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि कांस्य पदक पर तीसरी भारतीय हेज़ल ने कब्जा किया।

इसी बीच, मेहुली घोष ने मेज़बान दक्षिण कोरिया की चो उनयुंग को 16-12 से हराकर महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि कजाकिस्तान की ले एलेक्जेंड्रा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर स्पर्धा में तिलोटोमा सेन ने स्वर्ण हासिल किया, जबकि उनकी हमवतन नैन्सी ने चांदी का तमगा जीता। इस प्रतियोगिता में जापान की नोबाता मिसाकी तीसरे स्थान पर रहीं। इसी बीच, पार्थ माने ने भारत के पदकों की संख्या दहाई के आंकड़े में पहुंचाते हुए पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल यूथ प्रतियोगिता में स्वर्ण हासिल किया। उन्होंने इसके लिये मेजबान दक्षिण कोरिया के एचए सेमिन को 16-0 से रौंदा।

भारतीय निशानेबाजों ने शुक्रवार को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर टूर्नामेंट में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की थी। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर स्पर्धा में ओलंपियन दिव्यांश सिंह पंवार ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि किरण अंकुश जाधव ने इसी सीनियर प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया। श्री कार्तिक सबरी राज रविशंकर ने जूनियर पुरुष एयर राइफल में कांसे का तमगा अपने नाम किया।

## टीम एक इकाई के रूप में काम करने में सफल रही : सुखजीत

नयी दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉर्वर्ड सुखजीत सिंह ने शनिवार को कहा कि एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2022-23 में अब तक टीम एक इकाई के रूप में काम करने में सफल रही है।

सुखजीत ने कहा, मुझे लगता है कि हमने अच्छा प्रदर्शन किया। हमारा उद्देश्य एक इकाई के रूप में खेलना था और हम उसमें सफल रहे। हमने उस शैली की हॉकी खेली जैसी हम खेलना चाहते हैं। कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां इसमें सुधार हो सकता है और अब हम उस पर काम करेंगे।

भारतीय टीम ने एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2022-2023 में अपने अभियान की शुरुआत न्यूज़ीलैंड पर 4-3 से जीत के साथ की, हालांकि अपने अगले मैच में उन्हें स्पेन (2-3) से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम इस हार से वापसी की और एक बार फिर न्यूजीलैंड (7-4) पर बड़ी जीत दर्ज करने के बाद स्पेन को 2-2 (शूटआउट 3-1) से मात दी।

सुखजीत इन चारों मैचों में भारतीय टीम का हिस्सा रहे और उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे मैच में गोल भी किया था।

सुखजीत ने अपने गोल के बारे में कहा, यह एक कड़ा मैच था। हम एक समय 1-3 से पीछे थे। हमारे लिए गोल करना महत्वपूर्ण था और मुझे खुशी है कि मैं देर से गोल करने में सक्षम रहा। यह मेरे लिए एक अच्छा क्षण था।

इसी साल की शुरुआत में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021-22 के दौरान अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले सुखजीत कहा कि उन्होंने पिछले कुछ महीनों में बहुत कुछ सीखा है। स्पेन के खिलाफ अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले सुखजीत अब तक सात मुकाबले खेल चुके हैं और उन्हें उम्मीद है कि वह हॉकी विश्व कप 2023 में भी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। सुखजीत ने कहा, टीम के साथ काम करना और सभी अनुभवी सदस्यों के साथ खेलना अपने आप में सुधार करने के लिए एक प्रेरणा है। हर कोई (खिलाड़ी) सलाह भी देता रहता है जिससे मदद मिलती है। मुझे निश्चित रूप से लगा कि मैं इस बार काफी बेहतर खिलाड़ी था और मुझे उम्मीद है कि मैं इस सुधार को जारी रखूंगा। उन्होंने कहा, विश्व कप में कम से कम एक बार देश का प्रतिनिधित्व करना हर खिलाड़ी का सपना होता है। मैं भी ऐसा ही करने की उम्मीद करता हूं। मैं मैदान पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मुझे मिलने वाले हर मौके का फायदा उठाने की पूरी कोशिश करूंगा।

## आईसीसी चेयरमैन के पद पर बार्कले दोबारा नियुक्त

मेलबर्न/दुबई। न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले शनिवार को एक बार फिर निर्विरोध अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन चुने गए।

मेलबर्न में हुई आईसीसी बैठक में बार्कले के एकमात्र प्रतिद्वंदी, ज़िम्बाब्वे क्रिकेट (ज़ेडसी) के अध्यक्ष तवेंगवा मुखुलानी ने चुनाव से अपना नाम वापस ले लिया। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट (एनज़ेडसी) के पूर्व अध्यक्ष बार्कले अब दो और वर्षों के लिये आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे।

बार्कले को चुनाव के दिन 17-सदस्यीय बोर्ड में करीब 12 निदेशकों का समर्थन प्राप्त था, जिसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का समर्थन भी शामिल था। बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व सचिव जय शाह कर रहे हैं।

मुखुलानी ने बार्कले को पुन: अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए कहा, मैं ग्रेग को आईसीसी अध्यक्ष के रूप में फिर से नियुक्ति पर बधाई देना चाहता हूं। उनका नेतृत्व जो निरंतरता प्रदान करेगा वह खेल के सर्वोत्तम हित में है, इसलिए मैंने अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का फैसला किया।

बार्कले ने आईसीसी के साथी निदेशकों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा, पिछले दो वर्षों में हमने अपनी वैश्विक विकास रणनीति के लॉन्च के साथ महत्वपूर्ण प्रगति की है जो हमारे खेल के लिए एक सफल और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए स्पष्ट दिशा प्रदान करती है। यह क्रिकेट में शामिल होने का एक रोमांचक समय है। मैं हमारे मुख्य बाजारों में खेल को मजबूत करने के साथ-साथ इससे आगे बढ़ने के लिए हमारे सदस्यों के साथ मिलकर काम करना जारी रखने के लिये तत्पर हूं। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दुनिया में ज्यादा से ज्यादा लोग क्रिकेट का आनंद ले सकें।

बार्कले ऑकलैंड स्थित एक व्यावसायिक वकील हैं जो नवंबर 2020 में आईसीसी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

# गिलगित-बाल्टिस्तान में तालिबान के आगे बेबस पाकिस्तानी सरकार, लड़कियों का जीना हुआ दुश्वार

गिलगित। अफगानिस्तान पर शासन स्थापित करने के बाद तालिबान अब पाकिस्तान में भी अपनी पकड़ बना रहा है। गिलगित-बाल्टिस्तान (जीबी) में तालिबान के आगे पाकिस्तानी सरकार बेबस नजर आ रही है। तालिबान और उसके शरिया कानून को मानने वालों ने यहां लड़कियों का जीना दुश्वार कर दिया है।

वे स्कूल जाने को तरस रही हैं। पाकिस्तान की बेहूदा नीतियों के बीच, गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में तालिबान के बढ़ते प्रभाव को देखा गया है। गिलगित-बाल्टिस्तान के दियामेर जिले में लड़कियों के एक स्कूल को अज्ञात बदमाशों के एक समूह ने मंगलवार तड़के आग के हवाले कर दिया।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि आगजनी करने वालों ने ड्यूटी पर तैनात स्कूल गार्ड को किडनैप कर लिया और फिर स्कूल में आग लगा दी। इस स्कूल में कुल 68 छात्राएं पढ़ती हैं। कई महिला नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस हमले का विरोध किया है और जीबी सरकार से त्वरित प्रतिक्रिया की मांग की। पाकिस्तान



तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) महिला विंग की उपाध्यक्ष और शिक्षा की संसदीय सचिव, जीबी सुराया जमां ने हमले की निंदा की और आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्राओं को शिक्षा से दूर रखने की साजिश रचने वालों पर एक्शन लिया जाएगा।

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, शब्बीर अहमद कुरैशी (डायमर यूथ फेडरेशन के अध्यक्ष) के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने सड़कों पर उतरकर इस घटना का विरोध किया है। उन्होंने दोषियों को पकड़ने में निष्क्रियता के लिए सरकार की आलोचना की। स्थानीय लोगों ने बताया कि 2018 में बदमाशों ने जिले भर में 13 कन्या विद्यालयों को आग के हवाले कर दिया था लेकिन उस समय भी सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। स्थानीय लोगों के गुस्से को शांत करने के लिए अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

लोकल मीडिया के मुताबिक, तालिबान से जुड़े एक समूह (मुजाहिदीन गिलगित-बाल्टिस्तान और कोहिस्तान) ने स्कूल में आग लगाई थी। तालिबान महिलाओं की किसी भी प्रगतिशील गतिविधियों के खिलाफ है। तालिबान शरिया कानून को मानता है और अपनी प्रासंगिकता दिखाने के लिए इस तरह के हिंसक कार्य करता है। अफसोस की बात यह है कि पाकिस्तान प्रशासन भी इस पर लगाम लगाने में नाकाम रहा है। हाल के दिनों में लड़कियों के संस्थानों और आयोजनों पर हमले बढ़े हैं जो तालिबान के बढ़ते प्रभाव और उसके अनुयायियों की हिंसक मानसिकता को दर्शाता है।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि पिछले महीने, तालिबान आतंकवादियों के एक समूह ने गिलगित-बाल्टिस्तान के वरिष्ठ मंत्री कर्नल ओबैदुल्ला का अपहरण कर लिया था और उन्हें बंधक बनाए रखा। उन्होंने ऐसा गिलगित-बाल्टिस्तान में आयोजित बालिका खेल उत्सव को रोकने के लिए किया। मंत्री को किडनैप पर तालिबानी आतंकी लोगों के अंदर अपनी दहशत फैलाना चाहते थे।

गिलगित-बाल्टिस्तान का दियामेर इलाका तालिबान और उसकी रूढ़िवादी महिला विरोधी नीतियों से काफी प्रभावित है। इसके कारण, दियामेर क्षेत्र में शिक्षा और विकास दोनों का अभाव है।

गिलगित-बाल्टिस्तान के दियामेर में फैला अराजकता पाक सरकार की विफलता को भी दिखाता है। पाक सरकार तालिबान के उभार का विरोध करने में असमर्थ रही है। पाक प्रतिष्ठान और प्रशासन स्थानीय लोगों को सुरक्षा और बुनियादी अधिकार नहीं दे पा रहा है।

यह हमला जीबी के स्थानीय मुद्दों के प्रति पाकिस्तान की उदासीनता को और उजागर करता है। दियामेर में पिछले कुछ महीनों में 10 से अधिक लड़कियों के स्कूलों में आगजनी की घटनाएं हुई हैं, लेकिन अपराधी अभी भी खुले घूम रहे हैं।

### श्रीलंका के विद्यार्थी पर्याप्त भोजन से वंचित

कोलंबो। श्रीलंका के शिक्षा मंत्री सुसिल प्रेमजयंथा ने स्वीकार किया है कि देश में विद्यार्थियों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल रहा है। द आइलैंड अखबार ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। प्रेमजयंथा ने संसद में अपने संबोधन में कहा कि सरकार विद्यालय के मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के लिए अधिक धन आवंटित करने की कोशिश कर रही है और विद्यार्थियों के पोषण स्तर की जांच के लिए एक अलग विभाग बनाया गया है।सरकार ने विद्यार्थियों को दोपहर का भोजन उपलब्ध कराने के लिए चार अरब रुपये आवंटित किए हैं। इसका खर्चा प्रतिदिन करीब 60 रुपये प्रति विद्यार्थी पर आता है, जो पर्याप्त नहीं है।

## पुतिन के घुटने टेकने के बाद खेरसॉन पर फिर से यूक्रेन का राज, शहर में दाखिल हुई जेलेंस्की की सेना

माइकोलैव। रूस में व्लादिमीर पुतिन की सेना की ओर से खेरसॉन में घुटने टेकने के बाद अब एक बार फिर से इस शहर पर यूक्रेन का राज हो गया है। शनिवार को यूक्रेन की सेना खेरसॉन में प्रवेश कर गई है। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू होने के कुछ ही दिनों बाद रूसी सेना ने प्रांतीय राजधानी खेरसॉन पर कब्जा कर लिया था। खेरसॉन से रूसी सैनिकों के जाने और यूक्रेनी सेना की वापसी के बाद शहर में लोगों को खुशियां मानते हुए भी देखा गया है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति ने शुक्रवार को कहा कि युद्ध की शुरुआत में ही रूसी सेना द्वारा कब्जा जमा ली गयी बड़ी प्रांतीय राजधानी खेरसॉन में विशेष सैन्य इकाइयां दाखिल हो चुकी हैं।



रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस शहर से अपने सैनिकों को वापस बुला लेने की प्रक्रिया पूरी होने के रूस के ऐलान के कुछ घंटों बाद एक वीडियो संबोधन में, राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा, अभी हमारे रक्षक शहर की बढ़ रहे हैं। थोड़ी देर में हम शहर प्रवेश करने वाले हैं। लेकिन विशेष इकाइयां पहले से ही शहर में हैं। रूस ने इस बड़े शहर में अपनी मजबूत पकड़ छोड़ दी। जब 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस ने आक्रमण किया था, तो खेरसॉन सबसे पहले उसके कब्जे में आने वाले स्थानों में एक था।

रूसी सैनिकों की वापसी ऐसे स्थानों पर यूक्रेनी सेना के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल साबित हो सकती है। रूसी सेना की खेरसॉन से वापसी पुतिन के लिए एक बहुत बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है।

अब तक के युद्ध में कई मौकों पर पुतिन को अपना फैसला वापस लेना पड़ा है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके सभी सैनिक यूक्रेन के खेरसॉन क्षेत्र को अलग करने वाली नदी के पश्चिमी तट से सुबह 5 बजे तक पूरी तरह लौट गए।

### चीन में फूटा कोरोना बम, 24 घंटे में सामने आए 11 हजार से ज्यादा केस

**बीजिंग।** चीन में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 11,773 नए मामले सामने आए। इनमें से 10,351 ऐसे मामले शामिल हैं जिनमें कोई लक्षण नहीं है। यह जानकारी चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने दी। चीन में पिछले सप्ताह कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी %जीरो कोविड% रणनीति के लिए चुनौती उत्पन्न कर रही है जिसके तहत प्रत्येक संक्रमित व्यक्ति को पृथकवास में रखा जाना है। चीन में शुक्रवार को घोषित नियंत्रण उपायों में बदलाव के तहत देश में आने वाले व्यक्तियों की पृथकवास की अवधि को सात दिन से कम करके पांच दिन किया जाएगा। इस कदम का उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों के खर्च और उनके द्वारा पेश आने वाली बाधाओं को दूर करना है। हालांकि, कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा कि वह %जीरो कोविड% नीति पर कायम रहेगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के अनुसार, 1.3 करोड़ की आबादी वाले शहर ग्वांगझू में कोविड-19 के 3,775 मामले सामने आये जिनमें 2,996 ऐसे मामले शामिल हैं, जिनमें कोई लक्षण नहीं हैं। ग्वांगझू के हाइज़ू जिले में लोगों को निकटतम जांच स्थल पर जाने या घर पर ही रहने को कहा गया ताकि उनकी कोविड-19 जांच की जा सके। यह घोषणा जिला सरकार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर की। प्रत्येक घर के एक सदस्य को भोजन खरीदने की अनुमति दी गई है।

### भारत-यूक्रेन ने रूस के साथ संघर्ष, परमाणु चिंताओं पर की चर्चा

नोम पेन्ह (कंबोडिया)। भारत और यूक्रेन ने शनिवार को रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष, परमाणु चिंताओं और खाद्य सुरक्षा पर चर्चा की। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कंबोडिया की राजधानी में आसियान भारत शिखर सम्मेलन के मौके पर अपने यूक्रेनी समकक्ष द्मित्रो कुलेबा से मुलाकात की। डॉ जशंकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ आये हैं , जो यहां आसियान-भारत स्मारक शिखर सम्मेलन और 17वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। डॉ. जयशंकर ने ट्वीट किया, यूक्रेन के विदेश मंत्री दमित्रो कुलेबा से मिलकर खुशी हुई। हमारी चर्चा में संघर्ष, अनाज की पहल और परमाणु चिंताओं में हालिया घटनाक्रम शामिल थे। यूक्रेनी विदेश मंत्री कुलेबा ने कहा कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग और 'यूक्रेन पर रूस के युद्ध को समाप्त करने के तरीकों' पर चर्चा की। कुलेबा ने एक ट्वीट में कहा, मेरे भारतीय समकक्ष डॉ. एस. जयशंकर और मैं द्विपक्षीय सहयोग एवं यूक्रेन पर रूस के युद्ध को समाप्त करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए मिले थे। मैंने इस बात पर जोर दिया कि रूस को घातक हमलों को तुरंत बंद करना चाहिए, यूक्रेन से सभी सैनिकों को वापस लेना चाहिए और शांति को लेकर प्रतिबद्ध होना चाहिए। हमने वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर भी ध्यान केंद्रित किया। पिछले मंगलवार को रूसी समकक्ष के साथ डॉ. जयशंकर की वार्ता के दौरान यूक्रेन विवाद प्रमुखता से उठा था। रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने इसके जवाब में पश्चिमी देशों पर यूक्रेनी घटनाओं के बहाने विश्व मामलों में अपनी प्रमुख भूमिका को मजबूत करने का प्रयास करने का आरोप लगाया था।

### श्रीलंकाई पार्टी ने भारतीय निवेश का किया विरोध

कोलंबो। चीन के साथ घनिष्ठ संबंध रखने वाली वामपंथी पार्टी के एक नेता का कहना है कि श्रीलंका में कुछ रणनीतिक स्थानों पर भारतीय निवेश राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। द आइलैंड अखबार ने शनिवार को फ्रंटलाइन सोशलिस्ट पार्टी (एफएसपी) के पबुदु जयगोड़ा के हवाले से कहा कि राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रणनीतिक क्षेत्रों में भारतीय निवेश को सुविधाजनक बनाने के लिए कई आर्थिक नीति और कानूनी संशोधन शुरू किए हैं। उन्होंने कहा कि श्री विक्रमसिंघे ने तमिल राजनीतिक दलों से तमिल लोगों की समस्याओं का समाधान खोजने में उनके साथ शामिल होने का आग्रह किया था। एफएसपी नेता ने कहा, सैद्धांतिक तौर पर कोई भी इसका विरोध नहीं करता है लेकिन यह और कुछ नहीं बल्कि आंखों में धूल झोंकने जैसा है। वह उत्तर के लोगों को शांत करने की कोशिश कर रहे हैं जो उत्तर में चलाई जाने वाली कुछ भारतीय परियोजनाओं से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. -DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



जब से कंप्यूटर आया है, तब से बाहर जाकर खेलने की तो जैसे फुरसत ही नहीं मिलती तुम बच्चों को। पर क्या तुम जानते हो कि आउटडोर खेल तुम्हारे संपूर्ण विकास के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। क्या खेलोगे, किसके साथ और कब...यह सब आज हम तुम्हें बता रहे हैं।

# बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं आउटडोर खेल



घर के बाहर जाकर खेलने के काफी फायदे हैं। तुम अपने दोस्तों के और करीब आते हो, टीमवर्क समझ आता है और तुम खूब बढ़ते हो। आउटडोर खेल ऐसे नहीं होते जिन्हें सर्दी-गर्मी के हिसाब से खेला जाए। तुम किसी भी खेल को कभी भी खेल सकते हो। बैडमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट के अलावा कई पारंपरिक खेल भी खेल सकते हो।

## ट्रेजर आइलैंड

डोरेमॉन में तुमने इसका नाम सुना होगा। वहां जाकर नोबिता और उसके दोस्त मस्ती करते हैं। लेकिन हम जिस ट्रेजर आइलैंड की बात कर रहे हैं, उसे अलग-अलग जगहों पर कई तरह के नामों से जाना जाता है। इस गेम में दो टीम बनानी होती हैं। इसमें पहली टीम किसी भी चीज को खजाना बना कर छुपा देती है। फिर पहली टीम, दूसरी टीम के लिए क्लू बनाती है। उन क्लूज को फॉलो करते हुए उस खजाने तक पहुंचना होता है। इसमें तुम टाइमिंग भी शामिल कर सकते हो। जो भी टीम खजाने को ढूंढ़ने में सफल हो जाती है, वह जीती हुई मानी जाती है।

## छुपन-छुपाई

यह खेल सबसे पुराना है। तुम्हारे मम्मी-पापा ने भी इसे बचपन में जरूर खेला होगा। इसमें खूब सारे बच्चे एक साथ इकट्ठे होते हैं। एक बच्चे को डेन चुना जाता है। डेन चुनने के लिए तुम अक्कड़-बक्कड़ का सहारा ले सकते हो। फिर बाकी बचे सभी बच्चे अलग-अलग जगहों पर छुप जाते हैं और डेन उन्हें ढूंढ़ता है। जिस बच्चे को वह सबसे पहले ढूंढ़ लेता है, अगली बार उसे ही डेन बनना होता है। लेकिन एक को ढूंढ़ने से ही काम नहीं चलता। उसे सभी को ढूंढ़ना होता है। अगर कोई छुपा बच्चा पीछे से जाकर उसे धप्पा कर दे तो डेन को फिर दोबारा डेन बनना होता है।

## स्टापू

इस खेल में जमीन में चौकोर बॉक्सेज डिजाइन कर दिए जाते हैं। फिर इनमें एक से दस तक गिनती लिखी जाती है। हर बच्चा एक-एक करके दस खानों में स्टापू फेंकता है। लंगड़ी करते हुए उस पत्थर तक पहुंचना होता है और उसे पैर से खिसकाते हुए वापस लाना होता है। इस गेम से ब्रीदिंग प्रैक्टिस होती है और हमारे पैर बेहद मजबूत होते हैं।

## स्पाइंग गेम्स

ये चोर-पुलिस की तरह का गेम होता है। इसमें दो टीम होती हैं। एक टीम चोर बनती है तो दूसरी पुलिस। पुलिस वाली टीम चोर वाली टीम को खोज कर उसे कैद करती है।

## क्रिकेट

इसका जन्म इंग्लैंड में हुआ था। क्रिकेट के पहले क्लब की स्थापना 1787 में हुई थी और पहला टैस्ट मैच 1877 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मेलबर्न में खेला गया था। शुरुआत में क्रिकेट में टैस्ट मैच ही खेला जाता था, वनडे मैच की शुरुआत 1971 में हुई। पहला वनडे मैच भी इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच ही खेला गया था। तुमने आईसीसी का नाम तो जरूर सुना होगा। आईसीसी का पूरा नाम इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल है। जितने भी अंतरराष्ट्रीय मैच होते हैं, सभी की रूपरेखा आईसीसी निर्धारित करती है और वर्ल्ड कप का आयोजन करती है। अब तक क्रिकेट का वर्ल्ड कप सबसे ज्यादा पांच बार ऑस्ट्रेलिया ने जीता है, वहीं भारत दो बार विश्व विजेता बना है।

## हॉकी

हमारे देश भारत का राष्ट्रीय खेल हॉकी है। ब्लैकहीथ एबी एंड क्लब को हॉकी का पहला संगठित क्लब माना जाता है। इसकी स्थापना 1861 में हुई थी। हॉकी का पहला इंटरनेशनल मैच 1895 में वेल्स और इंग्लैंड के बीच खेला गया था और पहला वर्ल्ड कप 1971 में पाकिस्तान और स्पेन के बीच खेला गया था, जिसमें पाकिस्तान ने खिताब अपने नाम किया था। जानते हो, ओलंपिक में सबसे ज्यादा आठ बार भारत ने हॉकी का मैच जीता है।





## फुटबॉल

तुममें से काफी बच्चों को फुटबॉल खेलना पसंद होगा। जानते हो इस खेल का जन्मदाता भी इंग्लैंड ही है। भारत में अंग्रेज इस खेल को लाए और यहां के लोगों को खेलना सिखाया। फुटबॉल का पहला क्लब 1857 में स्थापित किया गया। इसका नाम शेफील्ड फुटबॉल क्लब था। फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा है। फुटबॉल का पहला वर्ल्ड कप वर्ष 1930 में उरुग्वे और अर्जेंटीना के बीच खेला गया था, जिसमें उरुग्वे विजेता घोषित किया गया।

## टेबल टेनिस

इस खेल का जन्म भी इंग्लैंड में ही हुआ था। वर्ष 1926 में इंटरनेशनल टेबल टेनिस एसोसिएशन की स्थापना हुई। इसका पहला वर्ल्ड चैंपियनशिप मैच 1927 में खेला गया।

## वॉलीबॉल

वॉलीबॉल का जन्मदाता यूएसए है। 1895 में इसकी शुरुआत हुई। वॉलीबॉल की प्रमुख संस्था इंटरनेशनल वॉलीबॉल फेडरेशन की स्थापना 1948 में हुई और पहला वर्ल्ड कप 1949 में हुआ। तो तुम भी खेलो इसे दोस्तों के साथ।

## बास्केटबॉल

इस खेल का जन्म अमेरिका में हुआ था। 1891 में जेम्स नेस्मिथ नामक अमेरिकी ने इसे खेलना शुरू किया। पहला मैच 1930 में खेला गया। बास्केटबॉल की सर्वोच्च संस्था फेडरेशन इंटरनेशनल डे बॉस्केटबॉल एसोसिएशन 1932 में बनी।

## पिट्टू

इस खेल में भी दो टीमें होती हैं। एक टीम पत्थरों से बने पिरामिड को बॉल से तोड़ती है और फिर से उस पिरामिड को बनाने की कोशिश करती है, जबकि दूसरी टीम पिरामिड बनाने वाली टीम के सदस्य को बॉल मार कर आउट करने की कोशिश करती है।

## बैडमिंटन

ऐसा माना जाता है कि बैडमिंटन की शुरुआत भी इंग्लैंड में हुई। इसकी प्रमुख संस्था इंटरनेशनल बैडमिंटन फेडरेशन का गठन 1934 में किया गया।



## ये होंगे फायदे

आउटडोर गेम्स से हमें कई नए दोस्त मिलते हैं, जो हमारे घर के आसपास रहते हैं और जिनसे स्कूल आने-जाने, होमवर्क और इनडोर गेम्स में बिजी रहने की वजह से हम मिल नहीं पाते। इसके अलावा, बाहर निकल कर खेलने से पढ़ाई और आसपास की तमाम दूसरी चीजों के बारे में सीख सकते हो। सबसे बड़ा फायदा तो यह है कि आउटडोर गेम्स से तुम्हारा शरीर चुस्त रहेगा, भूख ज्यादा लगेगी और तुम बीमार भी नहीं पड़ोगे। इन गेम्स में कई ऐसे गेम्स भी हैं, जिनमें एक्सपर्ट होने पर तुम उस गेम की डिस्ट्रिक्ट, स्टेट और नेशनल टीम में चुने जा सकते हो, जैसे बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, बास्केटबॉल। आउटडोर गेम्स से एक बेहतर कॅरियर भी मिल सकता है।





# बनी कैसे ऊन?

दोस्तों, क्या तुमने कभी यह सोचा है कि जिस ऊन का स्वेटर पहन हम सर्दी से बचते हैं, वह बनी कैसे? जरूर वो इंसान बहुत ही बुद्धिमान होगा, जिसने भेड़ को देखकर उससे ऊन बनाने के प्रयोग करने के बारे में सोचा होगा। यह माना जाता है कि बुनने के लिए ऊन का ही सर्वप्रथम उपयोग प्रारंभ हुआ। ऊनी वस्त्रों के टुकड़े मिस्त्र बैबिलोन की कब्रों, पुरातन ब्रिटेन निवासियों के झोपड़ों के साथ मिले हैं। रोमन आक्रमण से पहले भी ब्रिटेन वासी इनका उपयोग करते थे। विंचेस्टर फैक्टरी ने ऊन का तरह-तरह से इस्तेमाल करना शुरू किया। इसके बाद इसका इंग्लैंड में खूब प्रयोग किया जाने लगा। हेनरी द्वितीय ने कानून, वस्त्रहाट और बुनकारी संघ बनाकर इस उद्योग को प्रोत्साहित किया। सन् 1788 में हार्टफोर्ड (अमेरिका) में जल-शक्ति-चालित ऊन फैक्टरी आरंभ हुई। ऊन सफेद, काले और भूरे रंग में ही मिलती है। पालतू भेड़ों की ऊन सफेद रंग की होती है। रंगीन ऊन सबसे अधिक पुरानी नस्ल की उन भेड़ों से मिली है, जो कालीन बुनने लायक मोटे किस्म की ऊन पैदा करती हैं।





# नीदरलैंड में है दुनिया का पहला माइक्रोब जू

**नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में दुनिया का पहला माइक्रोब जू यानी सूक्ष्म जीव 'वाटिका' खुला है। माइक्रोपिया नामक इस जीव-जंतु वाटिका को शहर के उस जंतु पार्क 'आर्टिस' में खोला गया है जिसकी स्थापना 176 साल पहले हुई थी। यह दुनिया की सबसे पुरानी जीव-जंतु वाटिकाओं में से एक है।**

140 वर्ष पुरानी इमारत में रखा एक खूबसूरत भूरे रंग का बक्सा बैक्टीरिया, फंगस, काई तथा अन्य एक कोशिका वाले जीवों का आवास है। ये वे जीव हैं जिन्हें नंगी आंखों से देखा नहीं जा सकता परंतु धरती पर जीवन इनसे ही संभव है। वैज्ञानिकों का विश्वास है कि सूक्ष्म जीवों में से केवल 1 प्रतिशत के बारे में ही आज तक इंसान जान सका है। कई लोगों के लिए सूक्ष्म जीव नफरत व भय की भावनाएं पैदा करते हैं। दरअसल, यह डर उस चीज से है जिसके बारे में उन्हें ज्यादा जानकारी नहीं है और लोगों के मन से सूक्ष्म जीवों के बारे में इसी डर को दूर करना इस जीव-जंतु वाटिका का पहला मकसद है। हेग कहते हैं कि यदि हम प्रकृति को जानना चाहते हैं तो हमें सूक्ष्म जीवों को भी जानना होगा। वैज्ञानिकों के अनुसार इंसान इन सूक्ष्म जीवों से बेशक नफरत करता हो लेकिन हर इंसान का शरीर अरबों सूक्ष्म जीवों का घर होता है। केवल इंसानों की एड़ी में ही 80 प्रकार के अलग-अलग सूक्ष्म जीव पाए जाते हैं। इस बात की पुष्टि के लिए यहां आने वाला हर व्यक्ति अपने शरीर का बॉडी स्कैन करवा कर देख सकता है।

चाहें तो यहां एक अन्य दिलचस्प तरीका भी है। एक जगह फर्श पर लाल रंग का दिल बना है। जैसे ही यहां खड़े होकर कोई जोड़ा एक-दूसरे का चुम्बन लेता है, करीब लगे 'किस' मीटर की स्क्रीन पर नम्बर बढ़ते जाते हैं, जब तक कि मीटर में से संदेश न आने लगे कि 'आप दोनों ने अभी 10 लाख सूक्ष्म जीवों का आदान-प्रदान किया है।' माइक्रोपिया में दिखाया जाता है कि सूक्ष्म जीव कैसे जीते हैं, कैसे भोजन करते हैं और कैसे प्रजनन करते हैं? बैक्टीरिया इतने छोटे होते हैं कि एक सूई की नोक पर 10 लाख बैक्टीरिया आराम से समा सकते हैं। डच विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञानी इन धारणाओं पर 12 साल से अधिक वक्त से माथापच्ची कर रहे हैं।

यहां उन सूक्ष्म जीवों को प्रदर्शित किया गया है जो कृत्रिम वातावरण में भी जीवित रह सकते हैं। खतरनाक बीमारियां फैलाने वाले एड्स वायरस जैसे सूक्ष्म जीवों को केवल मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया गया है। सूक्ष्म जीवों को देखने के लिए यहां माइक्रोस्कोप के लैंस के साथ जोड़ा गया एक थ्री डी टैलीस्कोप है, जो नंगी आंखों से न दिखने वाले सूक्ष्म जीवों को हजार गुणा बड़ा करके दिखाता है।

# इनका रखो ध्यान



- आउटडोर गेम्स के साथ इतनी सारी अच्छी बातें जुड़ी हैं, लेकिन फिर भी कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इन बातों का ख्याल रखने पर ही आउटडोर गेम्स खेल कर भी तुम पढ़ाई को और परिवार को पूरा टाइम दे सकते हो।
- सबसे पहले तो खेलने के लिए ऐसी जगह चुनो, जो घर के आसपास हो, यानी जहां से घर वाले तुम्हें आवाज देकर बुला सकें। अगर आसपास खेलने की जगह नहीं है तो अपने पड़ोस के दोस्तों के साथ करीब की किसी जगह पर खेलने जा सकते हो, लेकिन रोज नहीं। और इस जगह के बारे में घर वालों को पता भी होना चाहिए।
- ऐसे दोस्तों के साथ खेलना शुरू करो, जिन्हें तुम पहचानते हो या जो तुम्हारे ही जैसे हों। बाहर खेलने का यह मतलब नहीं है कि तुम इनडोर गेम्स को पूरी तरह गुडबाय कह दो, क्योंकि एक तो इनसे भी तुम्हें काफी कुछ सीखने को मिलता है, दूसरे आउटडोर गेम्स रोज नहीं खेले जा सकते।
- ज्यादातर ऐसे गेम्स के लिए टीम की जरूरत पडम्ती है और कभी-कभी दोस्तों का बाहर आकर खेलने का मन नहीं होता। अगर इन सारी बातों का ध्यान रखोगे तो तुम्हें आउटडोर गेम्स के बहाने एक नई दुनिया देखने को मिलेगी। नए दोस्त बनेंगे, फिजिकल फिटनेस रहेगी और कई सारी नई बातें भी सीख सकोगे। तो फिर देर किस बात की है, तुम अपने आसपास के दोस्तों के साथ मिल कर गेम प्लान करो और खेलने के लिए तैयार हो जाओ।

CMYK CMYK CMYK CMYK